राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 25 अप्रैल 2026
वर्ष 07, अंक 202, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

BDO हरैया विनय कुमार द्विवेदी ने सिर्फ अपने चहेते प्रधानों को ही दिए आईडी- पासवर्ड...03

सुल्तानपुरः होमगार्ड भर्ती परीक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, सीसीटीवी की निगरानी में होंगे परीक्षार्थी...11

# नमाज के लिए सभी मस्जिद जाने लगे तो बच्चों को कौन देखेगा? सुप्रीम कोर्ट

● सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस ने मुस्लिम महिलाओं पर ऐसा क्यों कहा?



सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री के मामले में 9 जजों की बेंच में बहस हो रही है. अब इस बहस में दूसरे धर्मों की महिलाओं के धार्मिक स्थलों में दिए जाने वाले अधिकारों पर भी बात हुई. इसी दौरान मुस्लिम महिलाओं के मस्जिद में नमाज पढ़ने को लेकर सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस अमानुल्लाह ने कहा ने कहा कि नमाज के लिए सभी मस्जिद जाने लगे तो बच्चों को कौन देखेगा? उन्होंने बताया कि इस्लाम में महिलाओं के घर पर नमाज पढ़ने को प्राथमिकता देने के पीछे की वजह ये कि अगर परिवार का हर सदस्य यानी महिला भी नमाज पढ़ने के लिए मस्जिद चला जाएगा, तो बच्चों की देखभाल कौन करेगा?

जस्टिस ने कहा कि हर किसी को ये पता होना चाहिए कि पैगंबर के जमाने से ही मस्जिदों में महिलाओं के नमाज पढ़ने पर कोई रोक नहीं थी, हालांकि इस्लाम में कुछ रीति-रिवाज और तरीके थे जो यह तय करते थे कि वे किस तरह से नमाज पढ़ सकती हैं. जस्टिस अमानुल्लाह की तरफ से बात तब कही गई जब इसी मामले ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सीनियर वकील एम.आर. शमशाद की तरफ से दलील दी गई थी कि मुस्लिम महिलाओं के लिए नमाज पढ़ने के लिए अलग जगह देने के रिवाज पर कोई भी अदालत सवाल नहीं उठा सकती. वकील शमशाद ने कहा कि मस्जिदों में मुस्लिम महिलाओं के नमाज पढ़ने पर कोई रोक नहीं है, फिर भी यह बेहतर है कि वे अपने घरों में ही नमाज पढ़ें।

**नमाज के लिए मस्जिद जाना जरूरी?**

सबरीमाला मंदिर में प्रवेश के मामले से आस्था बनाम मौलिक अधिकारों पर बहस चल रही है. इस बहस पर वकील शमशाद ने कहा कि नौ जजों की इस बेंच को 1994 के सुप्रीम कोर्ट के उस फैसले को रद्द कर देना चाहिए जो इस्माइल फारूकी मामले (राम जन्मभूमि मामले से जुड़ा) में दिया गया था, जिसमें यह फैसला सुनाया गया था कि नमाज के लिए मस्जिद जरूरी नहीं है।

शमशाद ने दलील दी कि मस्जिद इस्लाम का सार है, मुसलमानों की मूल आस्था है. सभी धार्मिक रीति-रिवाज मस्जिद से ही जुड़े होते हैं. लेकिन इस्माइल फारूकी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बिना किसी तर्क के यह फैसला सुनाया था कि चूंकि नमाज किसी भी खुले मैदान में पढ़ी जा सकती है, इसलिए नमाज के लिए मस्जिद का होना जरूरी नहीं है. उन्होंने यह भी कहा कि मस्जिदों में नमाज पढ़ने के मामले में महिलाओं के साथ समान व्यवहार की मांग करने वाली और उनके लिए जमात में सबसे आगे की कतार में जगह की मांग करने वाली जनहित याचिका (पीआईएल) का जिक्र कुरान में कहीं भी नहीं मिलता है। वकील ने दलील दी कि मस्जिद में मंदिर की तरह 'गर्भगृह' (sanctum sanctorum) जैसा कोई कॉन्सेप्ट नहीं होता. उन्होंने कहा कि अगर मस्जिद के अंदर कोई गर्भगृह नहीं है, तो कोई भी किसी खास जगह पर खड़े होने की जिद नहीं कर सकता, या फिर नमाज की इमामत (नेतृत्व) करने के लिए सबसे आगे खड़े होने की जिद नहीं कर सकता।

**'नमाज पढ़ने के लिए जमात का हिस्सा बनना जरूरी नहीं'**

इस पर, भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने पूछा कि तथ्यों की स्पष्टता के लिए, क्या महिलाओं को मस्जिद में प्रवेश करने की अनुमति है? शमशाद ने कहा कि इस्लाम के सभी संप्रदायों में इस बात पर आम सहमति है कि महिलाओं के मस्जिद में प्रवेश पर कोई रोक नहीं है. लेकिन इस बात पर भी सहमति है कि महिलाओं के लिए नमाज पढ़ने वाली जमात (समूह) का हिस्सा बनना जरूरी नहीं है। वकील शमशाद ने समझाया कि पुरुषों के लिए जमात का हिस्सा बनना अनिवार्य है, जबकि महिलाओं के लिए यह अनिवार्य नहीं है. उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए बेहतर यही है कि वे घर पर रहकर ही नमाज पढ़ें और उन्हें भी उतना ही धार्मिक पुण्य मिलता है. लेकिन अगर कोई महिला मस्जिद आना चाहती है, तो वह आ सकती है।

**'ये परंपरा पैगंबर साहब के समय से चली आ रही'**

सीजेआई ने पूछा कि सिवाय इसके कि वह जमात का हिस्सा नहीं बन सकती? वकील शमशाद ने कहा कि नहीं, वे जमात का हिस्सा होंगी. अगर वे मस्जिद जा रही हैं, तो उसका मकसद जमात में शामिल होना है और इसकी इजाजत है. वकील ने साफ किया. फिर जस्टिस नागरत्ना ने पूछा कि तो, क्या उनके (महिलाओं के) लिए जमात में शामिल होना जरूरी नहीं है? शमशाद ने हां में जवाब दिया और कहा कि मस्जिद में जमात में शामिल होना महिलाओं के लिए बेहतर नहीं है।

जस्टिस अमनुल्लाह ने आगे कहा kf तो इसकी वजह यह थी कि अगर घर से सब लोग चले जाएँ, तो बच्चों की देखभाल कौन करेगा? वहीं जस्टिस अमनुल्लाह ने कहा कि वहीं मस्लिम महिलाएं आगे की कतार में खड़ी होती हैं या किसी अलग जगह पर नमाज पढ़ती हैं, यह उस रीति-रिवाज से तय होता है जो पिछले 1,200 सालों से पैगंबर साहब के समय से ही चला आ रहा है।

# पत्नी से भरण-पोषण मांगने वाले पति पर इलाहाबाद हाईकोर्ट सख्त

## झूठे हलफनामे देने पर लगाया 15 लाख रुपये का जुर्माना।



**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक अहम फैसले में पत्नी से भरण-पोषण मांगने वाले पति पर 15 लाख रुपये का भारी जुर्माना लगाया। अदालत ने पाया कि पति ने अपनी आय छिपाने और खुद को बेरोजगार बताने के लिए झूठे हलफनामे दाखिल किए।

जस्टिस विनोद दिवाकर ने कहा कि पति की याचिका में कोई सच्चाई नहीं है और वह अदालत की निगरानी अधिकार का लाभ पाने के योग्य नहीं है। अदालत ने स्पष्ट निर्देश दिया कि याचिका को खारिज किया जाता है और 15 लाख रुपये की क्षतिपूर्ति राशि छह सप्ताह के भीतर पत्नी को दी जाए।

मामले में पति ने दावा किया था कि वह बेरोजगार है और पत्नी हाइकोर्ट में कार्यरत है। वह उसी की आय पर निर्भर है। उसने पत्नी पर क्रूरता के आरोप भी लगाए और कहा कि उसके खिलाफ झूठे मामले दर्ज किए गए। हालांकि, पत्नी की ओर से पेश किए गए तथ्यों ने पति के दावों को गलत साबित कर दिया।बताया गया कि पति वकालत से जुड़ा हुआ है और निर्माण कार्य के व्यवसाय में भी सक्रिय है। इसके अलावा वह ऐशो-आराम की जिंदगी जी रहा है।

अदालत ने यह भी पाया कि पति ने पत्नी को दो बार ऋण लेने के लिए मजबूर किया और वह रकम खुद ले ली। इन ऋणों की कुल राशि 25 लाख रुपये से अधिक है, जिसे पत्नी अब भी अपनी तनख्वाह से चुका रही है। आरोप यह भी सामने आया कि पति पत्नी के आभूषण और गाड़ी लेकर चला गया, जो उसने अपने पैसे से खरीदी थी। सुनवाई के दौरान अदालत द्वारा नियुक्त सहायक वकील ने भी बताया कि पति अदालतों को गुमराह करने के लिए बार-बार झूठे हलफनामे देता रहा है। अदालत ने कहा, 'वैवाहिक संबंधों में आर्थिक शोषण कई रूपों में सामने आता है आय पर नियंत्रण, संपत्ति पर जबरन कब्जा और आर्थिक स्वतंत्रता को खत्म करना। ऐसे मामलों में केवल आर्थिक नुकसान की भरपाई पर्याप्त नहीं होती।'

अदालत ने यह भी सख्त टिप्पणी की कि हाइकोर्ट मौका तलाशने का मंच नहीं है और याचिकाकर्ता ने कई बार गलत तथ्यों के साथ अदालत का रुख किया।

फैसले में अदालत ने कहा कि विवाह किसी एक पक्ष के शोषण का साधन नहीं हो सकता बल्कि यह पारस्परिक विश्वास और जिम्मेदारी पर आधारित संबंध है। अदालत ने जोर दिया कि ऐसे मामलों में क्षतिपूर्ति का उद्देश्य केवल दंड देना नहीं, बल्कि पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाना भी होना चाहिए। इन सभी तथ्यों को देखते हुए हाईकोर्ट ने पति की याचिका खारिज करते हुए उस पर 15 लाख रुपये का जुर्माना लगाया, जिसका भुगतान पत्नी को किया जाएगा।

**कोर्ट का स्पष्ट संदेश**

अपने आदेश में अदालत ने यह भी कहा कि विवाह किसी का शोषण करने का लाइसेंस नहीं है। झूठे आधारों पर न्यायालय का समय बर्बाद करने वालों पर सख्त कार्रवाई जरूरी है ताकि न्याय व्यवस्था की गरिमा बनी रहे और ऐसे मामलों पर रोक लग सके।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अन्त्योदय व पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को 8 मई तक निःशुल्क खाद्यान्न का होगा वितरण

**प्रतापगढ़।** जनपद में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 के तहत मई माह के लिए निःशुल्क खाद्यान्न वितरण का अभियान आज से शुरू हो गया है। जिला पूर्ति अधिकारी अनुभव त्रिवेदी ने बताया कि यह वितरण 24 अप्रैल से 8 मई 2026 तक उचित दर दुकानों के माध्यम से ई-पॉस वेइंग मशीन द्वारा कराया जाएगा। अभियान के अंतर्गत अन्त्योदय कार्डधारकों को कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न (14 किग्रा गेहूं एवं 21 किग्रा फोर्टिफाइड चावल) निःशुल्क दिया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्डधारकों को प्रति यूनिट 5 किलोग्राम खाद्यान्न (2 किग्रा गेहूं और 3 किग्रा फोर्टिफाइड चावल) उपलब्ध कराया जाएगा। इस बार वितरण व्यवस्था को और अधिक सुविधाजनक बनाते हुए पोर्टेबिलिटी ट्रांजेक्शन की सुविधा भी दी गई है, जिससे लाभार्थी अपनी सुविधा अनुसार किसी भी उचित दर की दुकान से राशन प्राप्त कर सकते हैं। इसके साथ ही, यदि आधार प्रमाणीकरण में किसी प्रकार की समस्या आती है तो लाभार्थी मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से भी अंतिम तिथि 08 मई तक अपना राशन ले सकेंगे। किसी भी प्रकार की अनियमितता या शिकायत की स्थिति में संबंधित अधिकारी उपजिलाधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी या पूर्ति निरीक्षक से संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा टोल फ्री नंबर 1800-1800-150 और 1967 पर भी शिकायत दर्ज कराई जा सकती है।

### आईपीएल मैच वाले दिनों पर दिल्ली मेट्रो के समय में बदलाव, डीएमआरसी ने लिया देर रात तक चलाने का फैसला

**नई दिल्ली।** दिल्ली मेट्रो रेल निगम (डीएमआरसी) ने अरुण जेटली स्टेडियम में होने वाले आईपीएल मैच को ध्यान में रखकर अंतिम मेट्रो ट्रेन के समय को बढ़ाने का निर्णय लिया है। डीएमआरसी ने एक्स पर पोस्ट कर बताया है कि मैच वाले दिन मेट्रो ट्रेन निर्धारित समय से अधिक देर तक चलेगी। डीएमआरसी का कहना है कि 27 अप्रैल, पांच मई और 17 मई को अरुण जेटली स्टेडियम में आईपीएल मैच होना है। क्रिकेट प्रेमियों को मैच देखने के बाद घर जाने में परेशानी न हो इसलिए मेट्रो ट्रेन सेवा अधिक देर तक चलाने का निर्णय लिया गया है। आम दिनों में सभी लाइनों पर अंतिम ट्रेन लगभग 11बजे रवाना होती है।मैच वाले दिन अलग-अलग लाइनों पर अंतिम ट्रेन रात 11:45 से लेकर डेढ़ बजे तक रवाना होगी।

# आश्रम पद्धति विद्यालयों में बड़ा खेल!

» टेंडर घोटाले, घटिया सामग्री और गिरता रिजल्ट– ग्रामीणों में उबाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता







**बलरामपुर।** जनपद के राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय विशुनपुर विश्राम, बालापुर और सेखुईकला एक बार फिर गंभीर आरोपों के घेरे में हैं। टेंडर प्रक्रिया में गड़बड़ी, बिना आपूर्ति भुगतान, घटिया सामग्री और शिक्षा व्यवस्था में गिरावट को लेकर ग्रामीणों व अभिभावकों का गुस्सा खुलकर सामने आ गया है। मामले को लेकर समाज कल्याण विभाग से तत्काल जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि 29-30 मार्च को जेम पोर्टल के माध्यम से कराए गए टेंडर में बड़े स्तर पर अनियमितता की गई। बाजार भाव से तीन गुना अधिक दर पर टेंडर पास कर दिया गया और हैरानी की बात यह कि 31 मार्च को बिना सामग्री आपूर्ति के ही पूरा भुगतान भी कर दिया गया। बाद में जो सामग्री पहुंचाई जा रही है, वह भी निम्न गुणवत्ता की बताई जा रही है।

केवल वित्तीय गड़बड़ी ही नहीं, बल्कि बच्चों के भविष्य से भी खिलवाड़ के आरोप लगे हैं। विद्यालयों में भोजन व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल खड़े किए गए हैं–न गुणवत्ता, न तय रोस्टर का पालन। वहीं पढ़ाई की स्थिति भी बिगड़ती नजर आ रही है। सबसे चौंकाने वाली बात इस साल का परीक्षा परिणाम है। जहां पहले 10वीं-12वीं के छात्र-छात्राएं प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण होते थे, वहीं इस बार परिणाम 40 प्रतिशत से भी नीचे चला गया। कई छात्र कम्पार्टमेंट में पहुंचे और एक छात्रा फेल हो गई–जो विद्यालय के इतिहास में पहली बार बताया जा रहा है।

ग्रामीणों का आरोप है कि वर्तमान प्रबंधन के चलते बच्चों पर अनावश्यक दबाव बनाया जा रहा है, जिससे वे मानसिक रूप से परेशान हो रहे हैं। अभिभावकों में आक्रोश इस कदर बढ़ गया है कि किसी भी समय स्थिति विस्फोटक हो सकती है। ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने समाज कल्याण विभाग को पत्र भेजकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। अब देखना यह है कि प्रशासन इस गंभीर मामले में कितनी तेजी से कदम उठाता है।

## गाजीपुर जाएंगे अखिलेश यादव, पीड़ित परिवार से करेंगे मुलाकात



**लखनऊ।** गाजीपुर प्रकरण में सियासत और गरमाने के आसार है। किशोरी का शव मिलने के मामले में दो दिन पूर्व पहुंचे। सपा का प्रतिनिधि मंडल गांव पहुंचने पर पथराव हुआ था। अब 29 अप्रैल को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव खुद गाजीपुर जाकर पीड़ित परिवार से मुलाकात करेंगे। गाजीपुर के कटारिया गांव की एक किशोरी का शव 15 अप्रैल को गंगा नदी में मिला था। जिसके बाद समाजवादी पार्टी ने 22 अप्रैल को अपना प्रतिनिधि मंडल गांव भेजा था। प्रतिनिधिमंडल के गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने पथराव किया था। घटना में पुलिस कर्मियों सहित कई लोग घायल हुए थो। मामले में सपा नेताओं पर भी मुकदमा दर्ज हुआ है। अब सपा प्रमुख का गाजीपुर जाने का आधिकारिक कार्यक्रम जारी होने के बाद हलचल तेज हो गई है। प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार सपा प्रमुख गांव पहुंचकर पीड़ित परिवार से मिलेंगे।

## सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रगति की समीक्षा, विद्युत विभाग में ज्यादा से ज्यादा सोलर कनेक्शन कराये जाने के लिए कहा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** नगर मजिस्टेªट विनोद कुमार सिंह की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी तथा सभी सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में वेण्डर चयन के उपरांत वेण्डर के स्तर पर लम्बित आवेदन, लोड, बिजली का बिल इत्यादि संशोधन से सम्बंधित लम्बित प्रकरण, विद्युत विभाग के अन्तर्गत निरीक्षण हेतु लम्बित प्रकरण एवं पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजनान्तर्गत बैंक स्तर पर लोन निर्गत/पार्शियल पेमेण्ट सम्बंधित लम्बित प्रकरणों के बारे में विस्तार से समीक्षा की गयी। नगर मजिस्टेªट ने पीओनेडा से पीएम सूर्यघर योजना के प्रगति के बारे में जानकारी लेते हुए निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित किये जाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। उन्होंने पीओ नेडा को विद्युत विभाग व बैंक के अधिकारियों एवं पीएम सूर्यघर योजना व क्लीन एनर्जी का वेण्डरों एवं लक्षित विभाग के साथ बैठक कर पेंडेसी को समाप्त करने और उपभोक्ताओं का चिन्हांकन करने के लिए कहा है। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक वेण्डर को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का जो लक्ष्य तय किया गया है, उस लक्ष्य के अनुसार हर घर में सोलर सिस्टम लगाने के लिए प्राथमिकता पर कार्यवाही करें। उन्होंने विद्युत विभाग के सभी अधिकारियों को उनके स्तर पर पीएम सूर्यघर योजना से सम्बंधित लम्बित सभी पेण्डेंसी को अभियान चलाकर प्राथमिकता पर निस्तारित करते हुए ज्यादा से ज्यादा सोलर कनेक्शन कराये जाने के लिए कहा है।

## निरीक्षणः महरथा और बैजनथा गांव के पास कटाव निरोधक कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी : जिलाधिकारी



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा बूढ़ी नदी के बाएं तट पर स्थित ग्राम महरथा एवं बैजनथा में कराए जा रहे कटाव निरोधक कार्य का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन मौके पर पहुंचकर कार्य की प्रगति, गुणवत्ता एवं सुरक्षा मानकों का गहनता से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों से कार्य की वर्तमान स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा उपयोग में लाई जा रही सामग्री की गुणवत्ता की भी जांच की। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कटाव निरोधक कार्य को पूरी पारदर्शिता एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप समयबद्ध तरीके से पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि बरसात के मौसम में नदी का जलस्तर बढ़ने के कारण कटाव की समस्या गंभीर रूप ले सकती है, इसलिए कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने विशेष रूप से उन स्थानों पर अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए, जहां कटाव की आशंका अधिक है।

निरीक्षण के दौरान उपस्थित अभियंताओं एवं अधिकारियों को जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि कार्य की नियमित मॉनिटरिंग की जाए तथा समय-समय पर प्रगति की समीक्षा करते हुए आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि यह कार्य ग्रामीणों की सुरक्षा एवं उनकी आजीविका से जुड़ा हुआ है, इसलिए इसे प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाना अत्यंत आवश्यक है। सम्बन्धित द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य तेजी से प्रगति पर है और निर्धारित समय सीमा के भीतर इसे पूर्ण कर लिया जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी प्रकार की शिथिलता पायये जाने पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता ड्रेनेज खण्ड कृपा भारती एवं संबंधित विभाग के अधिकारी, आदि उपस्थित रहे।

## दिल्ली दंगों के केस में दिल्ली पुलिस को झटका, हाई कोर्ट ने इशरत जहां की जमानत रद

**नई दिल्ली।** फरवरी 2020 के उत्तर-पूर्वी दिल्ली दंगों से जुड़े एक मामले में कांग्रेस पार्षद इशरत जहां को जमानत देने के ट्रायल कोर्ट के निर्णय के खिलाफ दिल्ली पुलिस की अपील याचिका दिल्ली हाई कोर्ट ने शुक्रवार को ठुकरा दी। न्यायमूर्ति नवीन चावला व न्यायमूर्ति रविंदर डुडेजा की पीठ ने दिल्ली पुलिस की अपील याचिका खारिज करते हुए कहा कि ट्रायल कोर्ट से जमानत मिले हुए चार साल से ज्यादा समय बीत चुका है। जांच एजेंसी अदालत के समक्ष ऐसा कुछ भी पेश नहीं कर पाई, जिससे यह साबित हो सके कि उन्होंने जमानत की किसी भी शर्त का उल्लंघन किया है। दिल्ली दंगों से जुड़े एक मामले में इशरत जहां को भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं के साथ ही गैर-कानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (यूएपीए) के तहत गिरफ्तार किया गया था। ट्रायल कोर्ट ने इशरत को जमानत देते हुए कहा था कि चक्का जाम का विचार इशरत का नहीं था और न ही वह किसी ऐसे संगठन या वाट्सएप ग्रुप की सदस्य थीं, जिसने इस साजिश में कोई भूमिका निभाई हो। ट्रायल कोर्ट ने जनवरी 2024 में इशरत जहां के खिलाफ हत्या के प्रयास और दंगा भड़काने के आरोप तय किए। इस मामले में ट्रायल अभी भी जारी है।

## बीडीओ साहब आखिर कब रुकेगा ग्राम पंचायत धिरौली पाण्डेय में भ्रष्टाचार

» सचिव, टी ए, मनरेगा एपीओ व बीडीओ की लूट खसोट ग्राम पंचायत धिरौली पाण्डेय के विकास कार्यों पर पड़ रही भारीडी सी मनरेगा संजय शर्मा को चुनौती दे रहा ग्राम पंचायत धिरौली पाण्डेय का मनरेगा फर्जीवाड़ा




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के विक्रमजोत विकासखंड ग्राम पंचायत धिरौली पाण्डेय में महिला मेट राज किशोरी खुले आम मनरेगा एक्ट की धज्जियां उड़ा रही है । महिला मेट राज किशोरी ने फेस हाजिरी के सहारे फर्जी फोटो का इस्तेमाल कर ग्राम पंचायत धिरौली पाण्डेय में 03 मनरेगा कार्यों में 02 मनरेगा कार्यों को पूर्ण कर लिया है वर्तमान समय में आनलाइन साइड पर 01 मनरेगा कार्य का चल रहा है और पूर्ण व वर्तमान समय में चल रहे मनरेगा कार्यों में फर्जी फोटो अपलोड होने पर जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों के भ्रष्टाचार की पोल खुल रही है।

सूत्रों की माने तो ग्राम प्रधान यशोदा देवी, सचिव श्याम प्रकाश भारती, महिला मेट राज किशोरी, टी ए (जेई) व एपीओ मनरेगा की मिलीभगत से मनरेगा मजदूरों की फेस हाजिरी के सहारे फर्जी हाज़िरी लगाने का कार्य जारी है और 02 पूर्ण फर्जी मस्टर रोल की भुगतान कराने की फिराक में है ग्राम प्रधान यशोदा देवी का फर्जी भुगतान कराने का जुगाड़ ठीक सफल दिखाई दे रहा है ग्राम प्रधान यशोदा देवी ने जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों को मुहमांगा कमीशन देकर मनरेगा फर्जीवाड़ा करने में पहले से ही माहिर हैं इसलिए सचिव , टी ए , मनरेगा एपीओ व खण्ड विकास अधिकारी विक्रमजोत भ्रष्टाचारी महिला ग्राम प्रधान यशोदा देवी के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाए अपने-अपने हिस्से के कमीशन बाजी में लगे हुए हैं। महिला ग्राम प्रधान सभी जिम्मेदार अधिकारियों व कर्मचारियों को कमीशन का लालच देकर सरकारी धन को लूटने के फिराक में जुटी है। महिला मेट राज किशोरी उच्च अधिकारियों के आंख में धूल झोंककर उल्टा सीधा मनरेगा मजदूरों का फोटो अपलोड कर धीरे- धीरे आनलाइन जारी फर्जी मस्टर रोल को पूर्ण कर रही है और महिला ग्राम प्रधान से वाह वाही लूट रही है । महिला ग्राम प्रधान व महिला मेट के द्वारा की जा रही लूट खसोट की चर्चा जिले में तेज हो गई है।

महिला मेट राज किशोरी के द्वारा मनरेगा कार्यों में अपलोड किया जा रहा फर्जी फोटो ही ग्राम पंचायत धिरौली पाण्डेय के भ्रष्टाचार की परत खोल रहा है यदि जिम्मेदारों द्वारा ग्राम पंचायत धिरौली पाण्डेय के मनरेगा भ्रष्टाचार मामले का संज्ञान लिया तो ग्राम प्रधान यशोदा देवी व सचिव श्याम प्रकाश भारती के लूट खसोट का पर्दाफाश हो सकता है और कई जिम्मेदारों पर गाज गिर सकती है। उक्त प्रकरण में मुख्य विकास अधिकारी सार्थक अग्रवाल ने कहा कि जांच कराकर कार्यवाही की जायेगी।

## संक्षिप्त खबरें

### दिव्यांशी मिश्रा ने जनपद अमेठी के टापरों मे हांसिल किया नौवां स्थान समाजसेवी ने किया प्रोत्साहित



**जगदीशपुर अमेठी।** शिक्षा क्षेत्र मे उत्कृष्ट योगदान देने वाले आरपीएस अकादमी अलीनगर रानीगंज के प्रबंधक रमेश प्रताप सिंह द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा मे सफल हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया प्रबंधक एवं शिक्षकों ने सभी होनहारों का सम्मान कर प्रोत्साहन सामग्री भेंटकर होनहारों को शुभकामनाएं दी उपस्थित सभी होनहारों ने विद्यालय परिवार का धन्यवाद किया उक्त अवसर पर कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी ने इंटरमीडिएट की होनहार छात्रा एवं जनपद के टापरों मे नौंवा स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं जनपद का नाम रोशन करने वाली मेघावी छात्रा दिव्यांशी मिश्रा को प्रोत्साहित किया एवं उज्वल भविष्य की कामना की तथा समाजसेवी पी के तिवारी ने हाईस्कूल विद्यालय की टापर महक उपाध्याय को भी प्रोत्साहित कर उज्वल भविष्य की कामना की दिव्यांशी मिश्रा एवं महक उपाध्याय ने कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी का धन्यवाद किया उक्त अवसर पर विद्यालय प्रबंधक रमेश प्रताप सिंह,प्रिंसीपल विमल सिंह एवं शिक्षक पंकज सर,संजीव मिश्रा,प्रवेश कुमार,प्रदीप यादव,आशीष पाण्डेय,एम.बी.सिंह,मनोज मिश्रा,रोहित मौर्या सहत अभिभावक एवं विद्यालय परिवार की उपस्थिति रही सभी ने होनहारों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की।

### सीवर एवं जल लाइन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण,गुणवत्ता पूर्ण कार्य के निर्देश



**बलरामपुर।** आदर्श नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष डॉ.धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' के निर्देशन में शहर में चल रहे सीवर लाइन एवं जल आपूर्ति से जुड़े कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया गया। इस दौरान अध्यक्ष प्रतिनिधि डीपी सिंह बैस ने जल निगम के अधिकारियों के साथ विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर कार्यों की प्रगति और गुणवत्ता का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि प्रत्येक क्षेत्र में कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ सम्पन्न किया जाए और जब तक एक स्थान का काम पूरी तरह संतोषजनक रूप से पूरा न हो,तब तक आगे के कार्यों की शुरुआत न की जाए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही या अधूरा कार्य स्वीकार नहीं किया जाएगा और जनता को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। अध्यक्ष प्रतिनिधि ने यह भी कहा कि सीवर और जल लाइन जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है,ताकि भविष्य में किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न न हो। उन्होंने मौके पर मौजूद इंजीनियरों को निर्देशित किया कि समयबद्ध तरीके से कार्यों को पूर्ण करते हुए नियमित मॉनिटरिंग भी सुनिश्चित करें।इस अवसर पर वैभव पटेल (सहायक अभियंता),अरविन्द कुमार (जूनियर इंजीनियर),पवन कुमार सिंह (जूनियर इंजीनियर),राजन कन्नौजिया (एसकेसी के इंजीनियर) एवं सुनील कुमार (एसकेसी फर्म के इंजीनियर) सहित अन्य संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## BDO हरैया विनय कुमार द्विवेदी ने सिर्फ अपने चहेते प्रधानों को ही दिए आईडी- पासवर्ड बाकी प्रधान काटते हैं ब्लॉक के चक्कर

● हरैया खंड विकास अधिकारी द्वारा भ्रष्टाचार की गंगा में डुबकी लगा रहे वीडियो पंचायत सहयोगी कर्मचारी की मदद से भ्रष्टाचार की जड़े जमा लिए यह भ्रष्टाचार की आग कब बुझेगी जिससे ग्राम पंचायत का विकास हो । ग्रामीण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्तीजिले के भ्रष्टाचार मेंचर्चित हरैया ब्लॉक में भ्रष्टाचार का खेल नहीं खौफ है जिले के अधिकारियों का ब्लॉक पर लिखी जा रही है भ्रष्टाचार की पटकथा ग्राम प्रधानों का हो रहा है जमकर उत्पीड़न जो प्रधान ब्लॉक कीजिए हजूरी करते हैं उनके आईडी-पासवर्ड पर 'कंट्रोल'नहीं हरैया ब्लॉक के जिम्मेदार खंड विकास अधिकारी आईडी पासवर्ड पर पाबंदी लगा दी है ऐसे ग्राम पंचायत ग्राम पंचायत का विकास कैसे करेंगे वीडियो कैंडिडेट बिना पैसा लिए आईडी पासवर्ड के बजाय ब्लॉक के चक्कर कटवा रहे हैं प्रधानों से मोटी रकम की मांग करते हैं न देने पर उनका भुगतान रोका जा रहा हैग्राम पंचायतों को आईडी-पासवर्ड न देकर ब्लॉक मुख्यालय से ही संचालित हो रहा पूरा काम जिससे ग्राम प्रधानों में काफी रोष फैल रहा है खंड विकास अधिकारी द्वारा सरकार की मंशा गांव में उपलब्ध हो आईडी पासवर्ड पंचायत भवन में स्थित मिनी सचिवालय से गांव का काम संचालित सुनिश्चित हुआ था लेकिन ब्लॉक परिसर में रह रहे वीडियो के द्वारा नियुक्त किए गए प्राइवेट कर्मचारी द्वारा अवैध रुपए की वसूली हो रही है कुछ ग्राम पंचायत ऐसी हैं जो बिना कार्य कराए ही भुगतान ले रहे हैं



BDO हरैया विनय कुमार द्विवेदी ने सिर्फ अपने चहेते प्रधानों को ही दिए आईडी-पासवर्ड। शेष प्रधान मास्टर रोल निकालने सहित अन्य कामों के लिए ब्लॉक का लगा रहे चक्कर बिना रुपए भुगतान होना नामुमकिन है यह भ्रष्टाचार की आग कब बुझेगी जिससे ग्राम पंचायत की विकास होसरकार की मंशा पर पानी

पंचायत भवनों में कंप्यूटर व संसाधन होने के बावजूद सब बना 'शोपीस', गांव में काम ठप। जिम्मेदार कर्मचारी निष्क्रियता सेपंचायत सहायक और रोजगार सेवकों की नियुक्ति के बावजूद नहीं मिल पा रहा लाभ।इतना ही नहीं सचिवों की मनमानी से बेखबर BDO और ADO पंचायत के आगे सब फेल नजर आ रहे हैं भ्रष्टाचार की बहती गंगा में डुबकी लगाने में कोई अधिकारी कर्मचारी चूक नहीं कर रहा हैब्लॉक परिसर के कमरों पर सचिवों का कब्जा, असिस्टेंट बैठाकर चला रहे 'मिनी सचिवालय'। ADO पंचायत जयप्रकाश राय के मीडिया बयान के अनुसार ब्लॉक परिसर में असिस्टेंट के सहारे चल रहे मिनी सचिवालय की नहीं लगी भनक.. जिस गांव से गायब सचिव रहते हैं जनता को ढूंढने में सच इन नहीं मिल पाते हैं जिसे जनता का कार्य नहीं हो पा रहा हैरोस्टर के अनुसार पंचायत भवन न जाकर निजी ऑफिस से कर रहे काम।

**ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी**

जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, परिवार रजिस्टर नकल के लिए निजी ऑफिसों के चक्कर लगाने को मजबूर ब्लॉक ऐसा मंदिर हो गया है प्रधानों के लिए बिना चढ़ने के भुगतान होना कठिन हो गया है इसी कारण खंड विकास अधिकारी द्वारा आईडी पासवर्ड अपने पास रख लिया गया हैवसूली का खेल? असिस्टेंट के जरिए काम के बदले वसूली की आशंका, वेतन का स्रोत भी सवालों में।सबसे बड़ा सवालःक्या जिम्मेदार अधिकारी इस भ्रष्टाचार पर लगाएंगे लगाम या यूं ही चलता रहेगा खेल बड़े अधिकारियों द्वारा खेला जा रहा है जनपद के अधिकारी अपने ऊपर लगे आरोपों को जवाब देने से भागते हैं अधिकारी कहते हैं शिकायत सुनते नहीं फरियादियों की फरियाद पर होती नहीं करवाई जांच ठंडे बस्ती में डाल दिया जाता है योगीराज में कब बंद होगा भ्रष्टाचार खंड विकास अधिकारियों द्वारा खेला जा रहा खेल कब बंद होगा।

### बलरामपुर में कक्षा 8 तक के स्कूलों का समय बदलाःभीषण गर्मी के कारण अब सुबह 7:30 से दोपहर 12:30 बजे तक लगेंगी कक्षाएं

**बलरामपुर** में बढ़ती गर्मी और लू के खतरे को देखते हुए प्रशासन ने कक्षा 8 तक के विद्यालयों के संचालन समय में बदलाव किया है। शासकीय, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई सहित अन्य बोर्डों से संबद्ध विद्यालयों में बाल वाटिका, आंगनवाड़ी, नर्सरी से लेकर कक्षा 8 तक की कक्षाएं अब सुबह 7:30 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक संचालित होंगी। यह व्यवस्था अग्रिम आदेश तक लागू रहेगी।यह निर्णय छात्रों को भीषण गर्मी और लू के दुष्प्रभावों से बचाने के उद्देश्य से लिया गया है। हाल के दिनों में जिले में तापमान में लगातार वृद्धि दर्ज की जा रही है, जिससे विशेष रूप से छोटे बच्चों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की आशंका बढ़ गई है।शिक्षा विभाग ने सभी विद्यालय प्रबंधन को नए समय सारणी का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही, विद्यालयों में पर्याप्त पेयजल, छाया और प्राथमिक चिकित्सा जैसी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के लिए भी निर्देशित किया गया है। अभिभावकों से अपील की गई है कि वे बच्चों को हल्के और सूती कपड़े पहनाकर स्कूल भेजें तथा उनके लिए पानी की पर्याप्त व्यवस्था करें। विशेषज्ञों का मानना है कि दोपहर के समय गर्मी का प्रकोप अधिक होता है, इसलिए सुबह के समय स्कूल संचालित करना बच्चों के स्वास्थ्य के लिए एक सुरक्षित कदम है।

## कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बाउण्ड्रीवॉल के टेण्डर में धांधली का आरोप

● पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने मुख्यमंत्री से किया मानक विहीन टेण्डर निरस्त कराने की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले के भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने मुख्यमंत्री को पत्र देकर कार्यदायी संस्था उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद द्वारा बस्ती मण्डल में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के बाउण्ड्रीवॉल के निर्माण में मानकों को दरकिनार कर निकाले गये टेण्डर की उच्चस्तरीय कमेटी गठित करके जांच कराकर टॅण्डर को निरस्त कर पुनः निष्पक्ष तरीके से टेण्डर निकालने का आग्रह किया है। विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने बताया कि इस सम्बन्ध में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव संजय प्रसाद ने अपर मुख्य सचिव बेसिक शिक्षा को संलग्न पत्र भेजकर जांच के बाद नियमानुसार कार्यवाही का निर्देश दिया है।

मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने कहा है कि कार्यदायी संस्था उ.प्र. आवास एवं विकास परिषद द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय-रामनगर, सल्टौआ, रुधौली में बाउण्ड्रीवॉल के निर्माण में टेण्डर प्रकिया में नियमों को अनदेखा कर अपने चहेते ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने के लिए अलग-अलग नियम के माध्यम से टेण्डर निकाला गया है। जबकि अन्य जिलों में इसी विभाग द्वारा हर ब्लाक का टेण्डर अलग-अलग क्रमांक से निकाला गया है। बस्ती जिलें में ठेकेदार एवं विभाग की मिलीभगत से सभी टेण्डरों को सामूहिक निकाला गया है। जो नियम विरूद्ध है। जिसकी उच्चस्तरीय जांच कराकर कार्यवाही कराकर टेण्डर को निरस्त कराकर पुनः मानक पूर्वक टेण्डर कराया जाना आंवश्यक है। उन्होने मानकों को दरकिनार कर निकाले गये टेण्डर की उच्चस्तरीय कमेटी गठित करके जांच कराकर टेण्डर को निरस्त कर पुनः निष्पक्ष तरीके से टेण्डर निकालने हेतु आदेशित करने का आग्रह किया है।

## 98.10 पर्सेंटेज के साथ प्रणव मिश्रा ने रचा सफलता का इतिहास, विद्यालय परिवार गौरवान्वित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बस्ती।** बस्ती जिले केइंडियन पब्लिक स्कूल, बस्ती के मेधावी छात्र प्रणव मिश्रा ने देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-मेन में 98.10 परसेंटाइल हासिल कर विद्यालय, परिवार और जनपद का नाम रोशन किया है। जैसे ही यह परिणाम घोषित हुआ, विद्यालय परिसर में खुशी और गर्व का माहौल छा गया। शिक्षकों, अभिभावकों और सहपाठियों ने प्रणव की इस उपलब्धि को एक बड़ी सफलता बताते हुए उसे उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रबंधक कैलाशनाथ दूबे, प्रधानाचार्य आर. के. उस्मानी, सुभाष चंद्रा तथा उपप्रधानाचार्य रत्नेश मिश्रा ने संयुक्त रूप से प्रणव को बधाई देते हुए कहा कि वह शुरू से ही एक अनुशासित, मेहनती और प्रतिभाशाली छात्र रहा है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की उपलब्धि अचानक नहीं मिलती, बल्कि इसके पीछे निरंतर परिश्रम, समर्पण और लक्ष्य के प्रति दृढ़ निष्ठा होती है। उन्होंने विश्वास जताया कि प्रणव आगामी जेईई-एडवांस परीक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नई ऊंचाइयों को छुएगा।

विद्यालय प्रशासन ने इस उपलब्धि को पूरे संस्थान के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा कि प्रणव की सफलता अन्य छात्रों के लिए मार्गदर्शक का कार्य करेगी और उन्हें भी कड़ी मेहनत के लिए प्रेरित करेगी। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण–प्रेम कुमार श्रीवास्तव, विनोद उपाध्याय, प्रदीप शुक्ला, अलका श्रीवास्तव, मनीषा बरनवाल, साजिदा खातून, रीना त्रिपाठी, गरिमा त्रिपाठी, सौरभ श्रीवास्तव, कृपाशंकर भट्ट, हर्षित मिश्रा, नितिन चावला, रानी अग्रहरि, स्नेहा मिश्रा, रिमझिम गुप्ता, ज्योत्स्ना पांडेय और श्रेया गुप्ता ने भी खुशी व्यक्त करते हुए प्रणव को बधाई दी।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह उपलब्धि न केवल प्रणव के लिए, बल्कि पूरे बस्ती जनपद के लिए गर्व का विषय है। विद्यालय परिवार ने उम्मीद जताई कि आने वाले समय में प्रणव मिश्रा अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से देश का नाम भी रोशन करेगा।

### कुल्हाड़ी से हमले में युवक की मौत तीन टीमें आरोपियों की तलाश में जुटीं

ललितपुर। थाना पूराकलां क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते हुए हमले में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन कर दबिश शुरू कर दी है। बीती 23 अप्रैल 2026 की शाम करीब 7 बजे विजयपुर बगिया में 19 वर्षीय आशीष कुशवाहा पर उसके ही गांव के केहर कुशवाहा तथा उसके पुत्र रितेन्द्र व महेन्द्र ने कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में आशीष के सिर पर गंभीर चोटें आई और वह लहूलुहान होकर गिर पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही थाना पूराकला पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र तालबेहट ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे झांसी मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। मृतक के पिता मुकेश कुशवाहा की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है, जो संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही हैं। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। क्षेत्राधिकारी तालबेहट ने बताया कि घटना के बाद क्षेत्र में कानून-व्यवस्था की स्थिति सामान्य है।

## आरोपी महिला नहीं आ रही थाने पर जिससे उसका मेडिकल हो सके झूठा आरोप लगा रहे- थाना अध्यक्ष

● महिला द्वारा लगाया गया थाना अध्यक्ष पर आरोप गलत है थाना अध्यक्ष कहा थाना पर आकर अपना मेडिकल और जांच कारण जिससे अग्रिम कार्रवाई हो सके

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के गौर थाना क्षेत्र के अइला कला निवासी महिला थाना अध्यक्ष पर आरोप लगाया कि उसके प्रार्थना पत्र पर कार्रवाई नहीं की जा रही है लेकिन बार-बार थाना अध्यक्ष द्वारा उसे बताया गया है कि मौके पर पहुंचकर मेडिकल और बयान द्वारा आपकी कार्रवाई की जाएगी सादर अवगत कराना है कि आवेदिका निवासी अइला कला थाना गौर जनपद बस्ती के प्रकरण के सम्बन्ध में थानाध्यक्ष गौर द्वारा जांच किया गया तो ज्ञात हुआ कि आवेदिका व विपक्षी किशन पुत्र केशवराम आदि आपस में एक ही गांव के रहने वाले हैं। आवेदिका द्वारा विपक्षीगण पर मारपीट व उनके पति द्वारा न ले जाने व गर्भपात कराये जाने का आरोप लगाया गया है, उक्त के संबंध में आवेदिका द्वारा मौके पर बताया गया कि विपक्षी किशन मुझसे दिनांक 18.03.2026 को बैड़वा समय माता मंदिर भानपुर में जाकर दोनो परिवार की उपस्थित में शादी किया था। हम दोनों एक साथ कुछ दिन रहे, कुछ दिन रहने के बाद किशन मुझे रखने से इंकार कर दिये और मैं अपने घर चली आयी। इस सम्बन्ध में विपक्षी के घरवालों से पूछताछ की गयी तो बताए कि आवेदिका व किशन आपस में प्रेम करते थे और शादी करना चाहते थे जिस संबंध में पहले भी थाना पर प्रा0पत्र दिया गया था जिसमें दिनांक 13.03.2026 को सुलह समझौता हुआ था। समझौता के बाद दोनो मिलकर आपस में शादी किये थे किशन, आवेदिका को अपने साथ लेकर कहां रखा था नही पता है, घर पर नही आया था, तभी से वह घर पर नही आ रहा है हम लोग भी उसकी तलाश कर रहे हैं और चाहते है कि वह आकर आवेदिका को साथ में लेकर रखे हमे कोई आपत्ति नही है। जांच से यह प्रमाणित हो रहा है कि आवेदिका व विपक्षी दोनो एक ही गांव के है दोनों ने अपने रजामंदी से शादी किया है और



कुछ दिन शादी के बाद आपस में सम्बन्ध अच्छे न होने के कारण आवेदिका अपने माँ के घर चली आयी है और प्रा0 पत्र गर्भपात व अन्य आरोप लगाकर दिया जा रहा है।

जांच से पुलिस के ऊपर लगाये गये अन्य आरोप गलत व निराधार है। आवेदिका से सम्पर्क कर बताया गया कि थाना पर संपर्क करें जिससे कि नियमानुसार मेडिकल व अन्य विधिक कार्यवाही करायी जा सके। इस मामले में जांच की जा रही है अवेडा का को थाने पर उपस्थित होने को कहा गया जिससे उसका मेडिकल और जांच हो सके अग्रिम कार्रवाई के लिए थाना अध्यक्ष गौर पुलिस सुरक्षा देने का तात्पर्य है।

## छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट परिणाम से बढ़ाया आदर्श इंटर कॉलेज का गौरव

● विद्यालय के प्रबंधक जयसिंह चंदेल ने सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**शुकुल बाजार, अमेठी।** क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान आदर्श इंटर कॉलेज, शुकुल बाजार के छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय, अपने माता-पिता एवं गुरुजनों का नाम गौरवान्वित किया है। बोर्ड परीक्षा के घोषित परिणामों में विद्यार्थियों ने मेहनत, अनुशासन और लगन का परिचय देते हुए उच्च अंक प्राप्त किए, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का माहौल है।हाई स्कूल वर्ग में यश प्रताप सिंह ने 84 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान हासिल किया। उनके अलावा युवराज सिंह ने 82 प्रतिशत, नरगिस बानो ने 79 प्रतिशत, खुशी चौहान ने 76 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इन विद्यार्थियों की सफलता ने यह सिद्ध कर दिया कि ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राएं भी कठिन परिश्रम और सही मार्गदर्शन से ऊंचाइयों को छू सकते हैं।वहीं इंटरमीडिएट वर्ग में भी विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन किया। रजनीश ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि साधना सिंह ने 76.4 प्रतिशत, अंकित कुमार ने 75 प्रतिशत तथा अंशिका ने 74.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इन सभी छात्रों की सफलता के पीछे उनकी निरंतर मेहनत, शिक्षकों का मार्गदर्शन और अभिभावकों का सहयोग महत्वपूर्ण रहा।

विद्यालय परिसर में परिणाम घोषित होते ही खुशी का माहौल देखने को मिला। छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी सफलता का जश्न मनाया। अभिभावकों ने भी बच्चों की उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए शिक्षकों का आभार जताया।विद्यालय के प्रबंधक जयसिंह चंदेल ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह परिणाम न केवल छात्रों की मेहनत का परिणाम है, बल्कि शिक्षकों की लगन और विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता का भी प्रमाण है। उन्होंने विद्यार्थियों को आगे भी इसी तरह मेहनत करते रहने और उच्च लक्ष्य निर्धारित कर उन्हें प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकों ने भी छात्रों की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त किया और कहा कि आने वाले वर्षों में भी संस्था इसी प्रकार उत्कृष्ट परिणाम देती रहेगी। यह सफलता निश्चित रूप से अन्य छात्रों के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगी।




## एसपी अमेठी के नेतृत्व में रिक्रूट आरक्षियों की दीक्षान्त परेड समारोह का किया गया भव्य पूर्वाभ्यास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**अमेठी।** नवीन पुलिस लाइन गौरीगंज के परेड ग्राउंड में आगामी दीक्षांत परेड समारोह के उपलक्ष्य में पुलिस अधीक्षक अमेठी सरवणन टी. के नेतृत्व में भव्य पूर्वाभ्यास (रिहर्सल) आयोजित किया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 07 टोलियों में 194 रिक्रूट आरक्षियों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ अपनी तैयारियों का प्रदर्शन किया। सर्वप्रथम पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा परेड की सलामी ग्रहण करते हुये परेड का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के उपरान्त पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को संबोधित करते हुए उनका मनोबल बढ़ाया गया। मार्च पास्ट में रिक्रूट्स ने बैंड की धुन पर कदम से कदम मिलाकर शानदार तालमेल का प्रदर्शन किया गया तत्पश्चात प्रथम कमाण्ड, द्वितीय कमाण्ड व तृतीय कमाण्ड की अगुवाई में कुल 07 टोलियों द्वारा मार्च पास्ट कर राष्ट्र ध्वज को सलामी दी गई, तदोपरान्त पुलिस अधीक्षक अमेठी द्वारा रिक्रूट आरक्षियों को कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। समारोह को त्रुटिहीन बनाने के लिए पुलिस अधीक्षक महोदय ने संबंधित अधिकारियों को परेड ग्राउंड की व्यवस्था, अतिथियों के बैठने की व्यवस्था और सुरक्षा मानकों के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि मुख्य आयोजन भव्य और गरिमामयी हो सके। अन्तः परीक्षा व वाह्य परीक्षा मे उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले रिक्रूट आरक्षियों को पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा, क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्रा क्षेत्राधिकारी लाइन्स श्वेताभ भास्कर, प्रतिसार निरीक्षक अमेठी, आरटीसी प्रभारी व अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### सपा नेताओं ने गंभीर प्रकरण को लेकर पुलिस आयुक्त को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा



**कानपुर,** आज समाजवादी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल पुलिस कमिश्नर,कानपुर नगर से मुलाकात कर गंभीर प्रकरण के संबंध में महामहिम राष्ट्रपति के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा, साथ ही दिव्यांश मर्डर केस का मामला उठाया और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की। पहले प्रकरण में बताया गया कि दिनांक 17 अप्रैल 2026 को फतेहपुर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं पूर्व प्रदेश अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी नरेश उत्तम पटेल के कानपुर नगर स्थित निजी आवास के गेट पर उनकी अनुपस्थिति में कुछ अराजक तत्वों द्वारा अभद्रता की गई।इस दौरान गाली-गलौज,जान से मारने की धमकी देना, जबरन घर में घुसने का प्रयास, पोस्टर-बैनर फाड़ना तथा महापुरुषों के चित्रों का अपमान जैसे गंभीर आपराधिक कृत्य किए गए। यह घटना लोकसभा के विशेषाधिकार का हनन होने के साथ-साथ अत्यंत गंभीर अपराध की श्रेणी में आती है। इस संबंध में ज्ञापन सौंपकर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की गई। दूसरे प्रकरण में महाराजपुर क्षेत्र के गौरिया गांव निवासी नरेंद्र कुमार द्विवेदी के पुत्र दिव्यांश की लखनऊ के आलमनगर स्थित रामानुज भागवत वेद विद्यापीठ गुरुकुल में संचालक द्वारा की गई अमानवीय मारपीट के कारण हुई दुखद मृत्यु का मुद्दा उठाया गया।राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार प्रतिनिधिमंडल पूर्व में गांव पहुंचकर शोक संतृप्त परिजनों से मिला और उनसे विस्तृत वार्ता की। परिजनों द्वारा उठाई गई मांगों एवं तथ्यों को पुलिस कमिश्नर के समक्ष रखते हुए निष्पक्ष एवं त्वरित जांच तथा दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की गई।इस अवसर पर प्रमुख रूप से उपस्थित रहे अमिताभ बाजपेई (विधायक, आर्यनगर), मो0 हसन रूमी (विधायक कैंट), नसीम सोलंकी (विधायक सीसामऊ) मुनीन्द्र शुक्ला (जिलाध्यक्ष ग्रामीण/पूर्व विधायक, राजाराम पाल (पूर्व सांसद, इरफान सोलंकी (पूर्व विधायक) सतीश निगम (पूर्व विधायक, अर्पित यादव (पार्षद), प्रवीण सिंह बंटी यादव, संतोष यादव, अन्य कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

## हरैया सतघरवा के मुड़िहवा व मोतीपुर खुर्द में डीएम का निरीक्षण

● योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर** जनपद में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन ने विकास खंड हरैया सतघरवा के ग्राम मुड़िहवा एवं मोतीपुर खुर्द का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्कूल चलो अभियान, दस्तक अभियान, टीकाकरण, पेंशन योजनाएं तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के क्रियान्वयन की स्थिति का जायजा लिया। डीएम ने गांवों में घर-घर जाकर ग्रामीणों से संवाद किया और अभिभावकों से अपील की कि वे अपने बच्चों का शत-प्रतिशत नामांकन विद्यालयों में सुनिश्चित कराएं। उन्होंने खंड शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिया कि कोई भी बच्चा स्कूल से बाहर न रहे और प्रत्येक पात्र बच्चे का नामांकन अनिवार्य रूप से कराया जाए।



निरीक्षण के दौरान आधार कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए डीएम ने विशेष कैंप लगाने के निर्देश दिए। साथ ही निराश्रित महिला पेंशन और वृद्धावस्था पेंशन से वंचित पात्र लाभार्थियों को चिन्हित कर उन्हें योजनाओं से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाने को कहा। दस्तक अभियान के तहत ग्रामीणों से फीडबैक लेकर जागरूकता कार्यक्रमों की स्थिति का आकलन किया गया। टीकाकरण की प्रगति पर डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कोई भी बच्चा और गर्भवती महिला टीकाकरण से वंचित न रहे तथा शत-प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और ग्राम स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग करते हुए किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता, जिला विकास अधिकारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. मुकेश रस्तोगी, डीसी मनरेगा, जिला कार्यक्रम अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## हाईस्कूल में प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण हुआ रवि कुमार

● संत आशीर्वाद से गूंजा घर-परिवार, क्षेत्र में खुशी की लहर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बलरामपुर** जनपद के सम्मानित सामाजिक कार्यकर्ता एवं जिला राष्ट्रीय प्रजापति महासभा के जिला मुख्य महा सचिव तथा भाजपा जिला प्रतिनिधि विजयपाल प्रजापति के सुपुत्र रवि कुमार प्रजापति ने हाईस्कूल परीक्षा में प्रथम श्रेणी प्राप्त कर न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस शानदार सफलता से घर-परिवार में उत्सव जैसा माहौल है और क्षेत्रवासियों में भी हर्ष की लहर दौड़ गई है।

रवि कुमार की इस उपलब्धि को और भी विशेष बना दिया जब इस पावन अवसर पर उन्हें जगतगुरु रामानंदाचार्य पूज्य स्वामी दिनेशाचार्य जी महाराज का स्नेहिल आशीर्वाद प्राप्त हुआ। संत के आशीर्वचन से परिवार भावुक हो उठा और इसे ईश्वर की विशेष कृपा बताया। बताया जाता है कि रवि कुमार शुरू से ही मेधावी एवं अनुशासित छात्र रहे हैं। उनकी सफलता के पीछे नियमित अध्ययन, दृढ़ संकल्प और शिक्षकों का मार्गदर्शन प्रमुख कारण रहा। विजयपाल प्रजापति ने कहा कि उनके पुत्र ने कठिन परिश्रम और लगन के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जो अन्य छात्रों के लिए भी प्रेरणास्रोत है। उन्होंने भगवान श्रीराम से प्रार्थना करते हुए कहा कि उनके पुत्र को सद्बुद्धि, उत्तम संस्कार और जीवन में निरंतर सफलता प्राप्त हो। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा ही वह आधार है, जो व्यक्ति को समाज में एक नई पहचान दिलाती है।

रवि कुमार की सफलता पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। इस अवसर पर युवा समाजसेवी धनीराम प्रजापति, जिला उपाध्यक्ष भाजपा दयाराम प्रजापति, अरुणदेव पाठक, राम शुद्ध प्रजापति, राजू प्रजापति, सीताराम प्रजापति, सुनील प्रजापति, इन्द्र जीत प्रजापति, रमेश कुमार यादव, धर्म पाल प्रजापति सहित अनेक गणमान्य लोगों एवं क्षेत्रवासियों ने शुभकामनाएं देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिवार ने सभी शुभचिंतकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता समाज के सहयोग और आशीर्वाद का परिणाम है।



## संक्षिप्त खबरें

### बी.ए. परीक्षा के दिन ससुरालियों का कहर,विवाहिता को घर में बंद कर पीटने का आरोप

**ललितपुर।** कोतवाली थाना क्षेत्र के चौकाबाग मोहल्ले में घरेलू हिंसा का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। यहां एक बी.ए. की छात्रा को उसके ससुरालियों ने घर में बंद करके बेरहमी से पीटा। मौके पर पहुँची पुलिस (112) ने घर का ताला तोड़कर पीड़िता को सुरक्षित बाहर निकाला। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने पति समेत चार ससुरालियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़िता श्रीमती सुरक्षा, जो कि प्रवेन्द्र की पत्नी है, ने पुलिस को बताया कि 23 अप्रैल 2026 को उसकी बी.ए. की परीक्षा थी। आरोप है कि सुबह लगभग 09.30 बजे से ही उसके पति प्रवेन्द्र ने उसे बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। पीड़िता ने फोन करके घटना की जानकारी अपने पिता को दी, जिसके बाद वह मौके पर पहुँचे। पीड़िता के अनुसार, जब उसके पिता घर पहुँचे, तो ससुर ताहर सिंह, देवर भूपेन्द्र यादव और पति प्रवेन्द्र ने उनके साथ भी गाली-गलौज की। जब पिता ने उसे ले जाने की कोशिश की, तो आरोपियों ने पीड़िता को बाहर निकाल दिया और उनके जाते ही फिर से उसे मारना-पीटना शुरू कर दिया। इसके बाद पीड़िता ने अपने भाई धर्मेन्द्र को मामले की जानकारी दी। जब भाई घर पहुँचा, तो उसने देखा कि घर के अंदर से उसे पीटने की आवाजें आ रही थीं और दरवाजा अंदर से बंद था। पीड़िता के भाई ने तुरंत 112 नंबर पर फोन कर पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम के मौके पर पहुँचते ही आरोपी वहां से भाग निकले। पुलिस ने घर का ताला खुलवाया और पीड़िता को सुरक्षित बाहर निकालकर चौकी जाने की सलाह दी। पीड़िता का कहना है कि ससुराल वाले दबंग प्रवृत्ति के हैं और उसे जान से मारने की धमकी दे रहे थे। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर धारा 115(2), 351(3), और 352 बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है।

### पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य को गंभीर आरोप, बोले- उत्तर प्रदेश पुलिस कर रही जाति के आधार पर कार्रवाई

**लखनऊ।** राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी के अध्यक्ष और पूर्व मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने उत्तर प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाया। स्वामी प्रसाद मौर्य ने शुक्रवार को सरकार को घेरा और कहा कि सरकार तो जाति देखकर कार्रवाई करती है। उत्तर प्रदेश की राजनीति में वरिष्ठ नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाते हुए सरकार और पुलिस प्रशासन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने हाल की कई आपराधिक घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में जंगलराज जैसी स्थिति बन गई है और पुलिस बेलगाम हो चुकी है। मौर्य ने आरोप लगाया कि प्रदेश में पुलिस की कार्रवाई जाति देखकर की जा रही है। भाजपा समर्थित लोग यदि कोई भी गलत काम करते हैं तो उनके खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती, जबकि अन्य मामलों में पुलिस सख्ती दिखाती है। उन्होंने कहा कि हरदोई के मल्लावां में युवती को फावड़े से काट दिया गया। युवती ने कार्रवाई के लिए मुकदमा दर्ज करवाया था पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। थाने के इंस्पेक्टर और हरदोई एसपी की लापरवाही से ऐसी वारदात हुई। हमारे कार्यकर्ता पीड़ित परिवार से मिलने गए तो उन पर कार्रवाई की गई और उन्हें जेल भेजा जा रहा है।

### यूपी में अब बिना सूचना नहीं कटेगी बिजली, माइनस बैलेंस पर भी मिलेगी राहत

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार लगातार बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने और उपभोक्ताओं को राहत देने के लिए अहम कदम उठा रही है। इसी क्रम में प्रदेश के ऊर्जा मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने विद्युत उपभोक्ताओं के हित में बड़ा निर्णय लिया है। उन्होंने बताया कि 1 किलोवाट तक के घरेलू विद्युत कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी गई है। अगर उनका बैलेंस नेगेटिव हो जाता है, तब भी 30 दिनों तक उनका बिजली कनेक्शन नहीं काटा जाएगा। ऊर्जा मंत्री ने इस संबंध में अधिकारियों को निर्देश दे दिए हैं। यह व्यवस्था उपभोक्ताओं को राहत देने के उद्देश्य से लागू की गई है।

**5-स्तरीय एसएमएस सूचना प्रणाली लागू की गई**

ऊर्जा मंत्री ने साफ किया कि नेगेटिव बैलेंस की स्थिति में भी एक माह का चक्र पूरा होने से पहले किसी भी स्थिति में कनेक्शन विच्छेद नहीं किया जाएगा। साथ ही पारदर्शिता और उपभोक्ता सुविधा को ध्यान में रखते हुए कनेक्शन काटने से पूर्व उपभोक्ताओं को 5 अनिवार्य एसएमएस अलर्ट भेजे जाएंगे। जिससे उन्हें समय रहते भुगतान का अवसर मिल सकेगा। इसके साथ ही 2 किलोवाट के कनेक्शन वाले उपभोक्ताओं को भी राहत प्रदान की गई है। ऐसे उपभोक्ताओं का विद्युत कनेक्शन 200 रुपए तक के माइनस बैलेंस पर नहीं काटा जाएगा। इनके लिए भी 5 चरणों में एसएमएस सूचना प्रणाली लागू की गई है, जिससे किसी भी असुविधा से बचा जा सके।

# मलिहाबाद में स्मृति द्वार विवाद पर दिनभर हंगामा, देर रात समझौते के बाद खुला हाईवे

● दो दिन में दोबारा स्थापना का आश्वासन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**लखनऊ।** लखनऊ के मलिहाबाद क्षेत्र में महाराजा मलिहा पासी के स्मृति द्वार को हटाए जाने के मामले ने बुधवार को बड़ा आंदोलन खड़ा कर दिया। सुबह से ही पासी समाज के विभिन्न संगठनों और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया, जो देखते ही देखते उग्र हो गया। प्रदर्शनकारियों ने पहले मलिहाबाद-मोहन मार्ग को जाम किया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए तत्काल स्मृति द्वार को पुनः स्थापित करने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का आरोप था कि जिस स्थान पर स्मृति द्वार लगा था, वह मलिहाबाद थाने से मात्र कुछ ही दूरी पर स्थित है, ऐसे में रातों-रात उसका गायब हो जाना पुलिस और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है। लोगों का कहना था कि इतनी संवेदनशील जगह से बिना किसी जानकारी के स्मृति द्वार हटाया जाना संदेहास्पद है और इसमें लापरवाही या मिलीभगत की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता। दोपहर तक प्रदर्शन का दायरा बढ़ता गया और बड़ी संख्या में लोग अपने-अपने वाहनों, ट्रैक्टरों और मोटरसाइकिलों के साथ मौके पर पहुंच गए। सड़क पर भारी भीड़ जमा हो गई, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। प्रशासन की ओर से पहले यह आश्वासन दिया गया कि शाम तक स्मृति द्वार को दोबारा स्थापित कर दिया जाएगा, लेकिन जब देर शाम तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदर्शनकारियों का गुस्सा और भड़क उठा। नाराज भीड़ ने इसके बाद लखनऊ-हरदोई हाईवे को पूरी तरह जाम कर दिया। इस चक्काजाम के चलते दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और आम लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई किलोमीटर तक ट्रैफिक ठप हो गया और स्थिति धीरे-धीरे तनावपूर्ण होती चली गई। मौके पर मौजूद पुलिस बल स्थिति को संभालने में जुटा रहा। इंस्पेक्टर सुरेंद्र सिंह भाटी लगातार प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास करते रहे, लेकिन लोग अपनी मांगों को लेकर अडिग रहे। प्रशासन और पुलिस अधिकारियों के साथ प्रदर्शनकारियों की कई दौर की बातचीत हुई, लेकिन देर शाम तक कोई समाधान नहीं निकल सका। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर भी मौके पर मौजूद रहे। उनके हस्तक्षेप के बाद प्रशासन और प्रदर्शनकारियों के बीच फिर से वार्ता शुरू हुई। इस दौरान प्रशासन ने वीडियो कॉल के माध्यम से प्रदर्शनकारियों को यह दिखाया कि स्मृति द्वार का पूरा सामान सुरक्षित रूप से मलिहाबाद पुलिस के पास रखा हुआ है और उसे दो दिन के भीतर पुनः स्थापित कर दिया जाएगा। इस आश्वासन के बाद प्रदर्शनकारियों का गुस्सा कुछ शांत हुआ और देर रात उन्होंने जाम खोलने का निर्णय लिया। इसके बाद धीरे-धीरे यातायात सामान्य हो सका और लोगों को राहत मिली। हालांकि, प्रदर्शनकारी नेताओं ने प्रशासन को स्पष्ट चेतावनी दी है। सुहेलदेव आर्मी के चीफ योगेश पासी और लाखन आर्मी के चीफ सूरज पासी ने कहा कि यदि दो दिन के भीतर स्मृति द्वार दोबारा नहीं लगाया गया, तो इस बार मलिहाबाद को चारों दिशाओं से जाम कर दिया जाएगा और आंदोलन और भी बड़े स्तर पर किया जाएगा। पूरे दिन चले इस हंगामे ने प्रशासन की कार्यशैली पर कई सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों में अभी भी नाराजगी बनी हुई है और क्षेत्र में हल्का तनाव बना हुआ है। प्रशासन ने फिलहाल स्थिति को नियंत्रण में बताया है, लेकिन आने वाले दिनों में स्मृति द्वार की पुनः स्थापना को लेकर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं।

## आम जनता के लिए लगाए गए इंडिया मार्का हैंडपंप को दबंगई के बल पर किया बाउंड्री वॉल के अंदर

● खंड विकास अधिकारी व एडीओ पंचायत ने दिया सिर्फ आश्वासन शिकायत के बाद भी मुख दर्शक बने जिम्मेदार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**रायबरेली-** सतांव सरकारी संपत्ति की तरह अब कई गांवो में आम जनता के लिए लगाए गए इंडिया मार्का हैंडपंपों को भी दबंगई के बल पर बाउंड्री वॉल के अंदर डालकर निजी उपयोग में लिए जाने की खबरें आए दिन अखबार की सुर्खियों में बनी रहने के बावजूद भी ऐसे लोगों पर कड़ी कार्यवाही न होने के कारण जहां एक ओर ग्रामीणों को पानी की समस्या खड़ी हो रही है वहीं दबंगो के हौसले और भी बुलंद होते जा रहे हैं ताजा मामला जिले के सतांव विकासखंड के अंतर्गत आने वाले गांव धर्म सिंह खेड़ा मजरे गोझरी मे लगभग 10 वर्षों से इंडिया मार्का हैंड पंप आम लोगों के पानी पीने के लिए उपयोग में लाया जा रहा था लगभग दो दर्जन से अधिक परिवारों को इसी हैंडपंप से पानी मिल रहा था ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि गांव के ही आकाश उर्फ बउवा पुत्र अशोक ने सार्वजनिक इंडिया मार्का हैंडपंप अपनी बाउंड्री वाल के अंदर लगाकर उसमें समर सेबल मोटर डालकर निजी उपयोग में ले रहे हैं कई बार ग्रामीणों ने पानी पीने की समस्या जाहिर किया मना करने के बावजूद भी दबंगई के बल अपने निजी इस्तेमाल में ले रहे हैं दबंगई से सरकारी नल का निज़ी उपयोग किए जाने की शिकायत ग्रामीणों ने एडीओ पंचायत तथा खंड विकास अधिकारी से भी किया लेकिन कार्यवाही के नाम पर सिर्फ आश्वासन दिया गया संवाददाता को ग्रामीणों ने बताया कि अगर सार्वजनिक इंडिया मार्का हैंडपंप को आम लोगों के लिए जल्दी ही मुक्त नहीं कराया गया तो शिकायत उच्च अधिकारियों से की जाएगी गर्मी के मौसम में अगर जल्द समस्या का निराकरण नहीं कराया गया तो ब्लॉक तथा तहसील प्रशासन में धरना प्रदर्शन करने के लिए ग्रामीणों को मजबूर होना पड़ेगा।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटने से पंचायत मित्र गंभीर रुप से घायल, मचा हड़कंप

**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के मदई खेड़ा गांव में शुक्रवार सुबह एक बड़ा हादसा हो गया। गेहूं लादने जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली अचानक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे पंचायत मित्र परमेश गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना सुबह करीब 10 बजे की है, जब गांव निवासी नन्हे, आकाश गुप्ता और परमेश ट्रैक्टर से खेत की ओर जा रहे थे। ट्रैक्टर परमेश चला रहे थे। गांव के पास अचानक ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया और देखते ही देखते ट्रॉली सहित वाहन खेत में पलट गया। हादसे के दौरान नन्हे और आकाश ने कूदकर अपनी जान बचा ली, लेकिन परमेश ट्रॉली के नीचे दब गए। मौके पर मौजूद ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद उन्हें बाहर निकाला। घायल परमेश को तुरंत निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं, नन्हे और आकाश को मामूली चोटें आई हैं।

## स्मार्ट मीटर व बिजली समस्याओं पर भाकियू श्रमिक शक्ति का ज्ञापन

● 4 मई से आमरण अनशन की चेतावनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** भारतीय किसान यूनियन श्रमिक शक्ति ने शुक्रवार को स्मार्ट मीटर और बिजली समस्याओं को लेकर एक्सईएन को ज्ञापन सौंपा। प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन में किसानों ने छह सूत्रीय मांगें रखीं। प्रदेश अध्यक्ष बुद्धिलाल पंडा के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने एक्सईएन दयाशंकर यादव को ज्ञापन दिया। किसानों ने बेमौसम बारिश से फसल नुकसान का मुआवजा देने की मांग की। साथ ही किसानों और मजदूरों के यहां जबरन लगाए गए स्मार्ट प्रीपेड मीटर हटाने की बात कही।ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई। मलके गांव पावर हाउस से रनापुर जाने वाली 33 केवी लाइन के झुके खंभों को ठीक कराने की भी बात कही गई। गांवों में झूल रहे बिजली तारों का सर्वे कर मरम्मत कराने की मांग शामिल रही। किसानों ने बिजली बिल में 25 प्रतिशत छूट देने की भी मांग रखी। कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से किसानों के बिजली बिल में 25 प्रतिशत की छूट की घोषणा की गई थी तकनीकी गड़बड़ी के कारण तमाम किसानों को योजना का लाभ नहीं मिल सका। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यदि मांगे पूरी नहीं हुई तो 4 मई से रानीखेड़ा बाजार में आमरण अनशन शुरू किया जाएगा। इसकी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। इस मौके पर राम प्रसाद गुप्ता, कन्हैयालाल, सचिन तिवारी, कमलेश निषाद और पवन सहित कई लोग मौजूद रहे।

## रानी खेडा गंगा हादसे में मृतकों के परिजनों से मिले विधायक प्रतिनिधि बंधाया ढांढस

● विधानसभा अध्यक्ष जेपी यादव की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल पहुचा गांव

●रानीखेड़ा गांव में पसरा सन्नाटा, नहीं जले चूल्हे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** क्षेत्र के रानीखेड़ा गांव में गंगा में डूबने से हुई मौत के बाद शोक का माहौल है। घटना में जान गंवाने वाले युवकों के परिजनों से जनप्रतिनिधियों ने मुलाकात कर संवेदना जताई। सपा विधायक देवेंद्र प्रताप सिंह के प्रतिनिधि दिव्यांबर सिंह ने शुक्रवार को मृतकों के घर पहुंचकर परिजनों से भेंट की। उन्होंने इस दुख की घड़ी में परिवार को ढांढस बंधाया। हर संभव मदद दिलाने का भरोसा भी दिया। गंगा हादसे में हरिओम (23), हरिशंकर (15) पुत्र बाबू शंकर लोधी और सचिन लोधी (25) पुत्र देशराज लोधी की मौत हो गई थी। युवाओं की असमय मौत से गांव में गहरा शोक है। हर घर में मातम पसरा हुआ है। विधानसभा अध्यक्ष जेपी यादव की अगुवाई में प्रतिनिधिमंडल उनके गांव पहुंचा। नेताओं ने कहा कि यह बेहद दुखद घटना है। नौजवानों की मौत ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। उन्होंने प्रशासन से पीड़ित परिवारों को मदद दिलाने की मांग भी की। इस दौरान महासचिव रमेश मौर्य, ब्लॉक अध्यक्ष अंजय मिश्रा, सेक्टर प्रभारी विनोद सिंह परिहार, विधानसभा उपाध्यक्ष राजकुमार बाजपेई, लॉरेंस यादव, सुरेश यादव, राजेश सिंह और निखिल सिंह समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## गुरुग्राम से रायबरेली आ रही बस में हंगामा

● यात्रियों को बीच रास्ते उतार मारपीट का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**महराजगंज रायबरेली।** गुरुग्राम (हरियाणा) से अपने गांव लौट रहे एक यात्री ने बस चालक व कंडक्टर पर धोखाधड़ी, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। मामले में पुलिस से कार्रवाई की मांग की गई है। प्रार्थी कंसराज पुत्र शिवप्रसाद, निवासी नियामत खां का पुरवा मजरे दक्खिन गांव थाना जगदीशपुर, ने बताया कि वह 23 अप्रैल 2026 को गुरुग्राम से चौधरी बस सर्विस की बस (संख्या क्15 ॥ञ्ज 6547) में अपने गांव आने के लिए सवार हुए थे। कंडक्टर द्वारा उन्हें गंतव्य तक पहुंचाने का आश्वासन देते हुए 600 रुपये किराया लिया गया। आरोप है कि 24 अप्रैल की सुबह करीब 1 बजे बस चालक, कंडक्टर व अन्य 4 लोगों ने रायबरेली के महराजगंज पुलिस चौकी तिराहे के समीप बस रोककर उन्हें और करीब 20 अन्य यात्रियों को जबरन उतार दिया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने तत्काल डायल 112 पर सूचना दी। इसकी भनक लगते ही बस चालक यात्रियों का सामान सड़क पर फेंककर बस लेकर मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने प्रशासन से मामले में एफआईआर दर्ज कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है। मामले में कोतवाली प्रभारी जगदीश यादव ने बताया है कि तहरीर मिली है जांच कर कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जाएगी।


## KYC कॉल बना जाल, एक क्लिक में खाते से उड़ गए 4.13 लाख रुपये; मुकदमा दर्ज




**लखनऊ।** पीजीआई क्षेत्र के एल्डिको सौभाग्यम में रहने वाली 58 वर्षीय ममता बांदिल साइबर ठगी का शिकार हो गई। बुधवार को खुद को बैंक कर्मचारी बताने वाले ठगों ने उन्हें फोन कर केवाईसी अपडेट कराने का झांसा दिया। भरोसे में लेकर मोबाइल स्क्रीन शेयर करवाई और कुछ ही मिनटों में खाते से 4 लाख 13 हजार रुपये पार कर दिए। रकम कटने के मैसेज आते ही ममता के होश उड़ गए।गुरुवार को पीड़िता ने पीजीआई थाने में शिकायत करते पीजीआई थाने में मुकदमा दर्ज करवाया।

## यूपी बोर्ड परीक्षा में कृष्ण स्वरूप अग्रवाल सरस्वती बालिका विद्याइंटर कॉलेज की छात्राओं ने लहराया परचम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**बिसवां**/सीतापुर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद (Board) द्वारा घोषित परीक्षाफल में कृष्ण स्वरूप अग्रवाल सरस्वती बालिका विद्या मन्दिर इण्टर कालेज, बिसवाँ की छात्राओं ने एक बार फिर अपनी मेधा का परचम लहराया है. विद्यालय का परीक्षाफल शत-प्रतिशत (100%) रहा, जिससे स्कूल प्रशासन और अभिभावकों में हर्ष की लहर है, कक्षा 12 की परीक्षा में साक्षी त्रिपाठी ने 89.00% अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया. अन्य मेधावी छात्राओं का प्रदर्शन इस प्रकार रहाः रीतिका शुक्लाः 85.00% (द्वितीय स्थान) ,कृति शमार्ः 84.00% (तृतीय स्थान) ,रोशनी चक्रवतीर्ः 83.40% (चतुर्थ स्थान) ,वर्तिका मौयार्ः 83.20% (पंचम स्थान) कुल 61 छात्राएं परीक्षा में सम्मिलित हुई, जिनमें से 25 छात्राओं ने ससम्मान (Honors) और 36 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में सफलता प्राप्त की, कक्षा 10 में प्राची शर्मा ने 85.00% अंकों के साथ विद्यालय में टॉप किया. अक्षिता वमार्ः 84.67% (द्वितीय स्थान) ,आस्था मिश्राः 82.60% (तृतीय स्थान) ,अनुप्रिया देवीः 82.34% (चतुर्थ स्थान) ,मरियमः 82.23% (पंचम स्थान) हाईस्कूल में कुल 60 छात्राएं सम्मिलित हुई, जिनमें से 42 ससम्मान और 18 छात्राएं प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुई. विद्यालय के प्रधानाचार्या अल्पना अवस्थी और प्रबंधक सुरेंद्र पाल सिंह एवं प्रबंधन समिति ने सभी सफल छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की है और इस सफलता का श्रेय छात्राओं के कड़े परिश्रम और शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन को दिया।

## निजी निर्माण ध्वस्त करने से पहले नोटिस देना अनिवार्यः इलाहाबाद हाई कोर्ट

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कहा, किसी भी निजी जमीन पर किए गए निर्माण को गिराने से पहले संबंधित व्यक्ति को कारण बताओ नोटिस और सुनवाई का अवसर देना अनिवार्य है। न्यायमूर्ति अजीत कुमार और न्यायमूर्ति स्वरूपमा चतुर्वेदी की खंडपीठ ने गोपाल कृष्ण व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि विकास प्राधिकरण को मास्टर प्लान के उल्लंघन में किए गए निर्माण के खिलाफ कार्रवाई का अधिकार है, लेकिन इसके लिए कानून द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का पालन करना होगा। मामला मुख्य रूप से प्लाट संख्या 27 व 28 के सीमा विवाद और उन पर किए गए निर्माण से जुड़ा था। राजस्व विभाग की पैमाइश रिपोर्ट के अनुसार, प्लाट संख्या 27 नवीन परती यानी सरकारी भूमि है, जबकि प्लाट संख्या 28 एक निजी स्वामित्व वाली भूमि है। याचिकाकर्ता ने आरोप लगाया था कि उनकी संपत्ति पर अवैध रूप से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जा रही है। इस पर कोर्ट ने स्पष्ट किया कि प्लाट संख्या 27 (सरकारी भूमि) पर किए गए किसी भी अतिक्रमण को कानून के अनुसार हटाया जा सकता है, लेकिन निजी भूमि (प्लाट संख्या 28) के मामले में सुप्रीम कोर्ट के सिद्धांतों का पालन करना होगा। सुनवाई के दौरान प्रयागराज विकास प्राधिकरण ने कोर्ट को बताया कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई केवल प्लाट संख्या 28 पर स्थित अशोक कुमार सिंह के उस निर्माण के खिलाफ की गई थी, जो स्वीकृत विकास योजना के अनुरूप नहीं था। कोर्ट ने कहा कि यदि पक्षकारों के बीच कोई निजी विवाद है, तो वे सक्षम सिविल कोर्ट में अपनी लड़ाई लड़ने के लिए स्वतंत्र हैं। न्यायालय ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि भविष्य में किसी भी निजी निर्माण पर कार्रवाई से पहले नियमतः नोटिस जारी किया जाए


## मर्चेंट नेवी में नौकरी का झांसा देकर 3.99 लाख की ठगी, तीन पर केस दर्ज

क्राइम
स्वतंत्र प्रभात

**सरोजनी नगर।** मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक से 3.99 लाख रुपये ठग लिए गए। औरंगाबाद जागीर निवासी पीड़ित शिवम वर्मा ने बताया कि परिचित राधा गौतम ने उनकी मुलाकात विनायक प्रजापति से कराई थी। विनायक ने अपनी ऊंची पहुंच का हवाला दिया फिर मर्चेंट नेवी में नौकरी दिलाने का भरोसा दिया। बातों में लेकर कई बार में 3.99 लाख रुपये आनलाइन ले लिए। रुपये लेने के बावजूद नियुक्ति पत्र नहीं दिया। कुछ दिन बाद शिवम को मुंबई बुलाया गया। वह मुंबई पहुंचे लेकिन कई दिन भटकने पर भी वहां कोई नहीं मिला। आरोपितों ने अपने नंबर भी बंद कर लिए। पीड़ित ने किसी तरह संपर्क कर रुपये मांगे तो उसे धमकाया गया। ठगी का एहसास होने पर उन्होंने राधा, विनायक प्रजापति और शंभू प्रजापति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। इंस्पेक्टर बिजनौर कपिल गौतम ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

## लखनऊ में जनगणना के लिए ट्रेनिंग शुरू, DM ने कहा- अनुपस्थित मिले तो कार्रवाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखनऊ।** 22 मई से लखनऊ की जनगणना शुरू हो रही है और इसके लिए कर्मचारियों और अधिकारियों का प्रशिक्षण भी शुरू हो गया है।लखनऊ में जनगणना कार्य में 17 हजार कर्मचारियों और अधिकारियों को लगाया जा रहा है जो सबसे पहले घरों की गिनती करेंगे। जनगणना के दौरान किसी तरह की त्रुटि नहीं रहे इसके लिए कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया जा रह है। शुक्रवार को डीएम विशाख जी ने कई स्कूलों का दौरान किया जहां पर कर्मचारियों को ट्रेनिंग दी जा रही है। सबसे पहले डीएम ने जीडी गोयनका स्कूल स्थित प्रशिक्षण केंद्र का निरीक्षण किया जहां नगर निगम जोन आठ के सुपरवाइजर का प्रशिक्षण चल रहा था। अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राकेश सिंह ने बताया कि केंद्र पर कुल छह बैचों को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है तथा सभी बैचों में 90 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति दर्ज की गई है।डीएम ने कहा सभी कर्मचारियों की उपस्थिति अनिवार्य है। अगर बिना अनुमति ट्रेनिंग से गायब मिले तो कार्रवाई होगी।

जनगणना के कार्य बेहद महत्वपूण है इसीलिए सभी को जुटकर करना है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि जो प्रगणक प्रशिक्षण में अनुपस्थित हैं, उनकी तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रतिभागिता सुनिश्चित की जाए। इसके बाद जिलाधिकारी ने शहीद पथ स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल के प्रशिक्षण केंद्र का भी निरीक्षण किया, जहां तहसील सरोजनीनगर के प्रगणक व सुपरवाइजर का प्रशिक्षण चल रहा था। निरीक्षण के दौरान बताया गया कि इस केंद्र पर कुल तीन बैच को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यहां पर नौ प्रगणक अनुपस्थित पाए गए जिस पर उनको भी शीघ्र प्रशिक्षण में सम्मिलित कराने के निर्देश दिए। डीएम ने प्रशिक्षण कार्यक्रम को निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा सभी नामित कार्मिकों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## योगी सरकार ने शिक्षामित्रों के लिए जारी किए 250 करोड़ रुपये

**लखनऊ।** परिषदीय स्कूलों में कार्यरत शिक्षामित्रों को इस माह से 18 हजार रुपये मानदेय मिलेगा। प्रदेश सरकार ने शिक्षामित्रों के मानदेय भुगतान के लिए 250 करोड़ रुपये जारी कर दिए हैं। यह बजट बेसिक शिक्षा निदेशालय के माध्यम से जारी किया गया है और सभी जिलों को धनराशि आवंटित कर दी गई है। इसी महीने से शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय का लाभ मिलने लगेगा। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल द्वारा जारी आदेश में कहा गया है कि यह धनराशि केवल शिक्षामित्रों के मानदेय के भुगतान के लिए ही इस्तेमाल की जाएगी। साथ ही, समग्र शिक्षा के तहत भी मानदेय की राशि जारी की जाएगी। जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि पूरी राशि एक साथ न निकालें, बल्कि जरूरत के अनुसार हर महीने राजकोष से धन निकाला जाए। अगली किस्त जारी होने से पहले संबंधित अधिकारियों को खर्च की गई रकम का उपयोगिता प्रमाण पत्र देना होगा।

# आलस्य से उपजा नैराश्य, जीवन की उन्नति में बाधा



कठोर श्रम से सफलता प्राप्त कीजिये।

यह बात चाहे मनुष्य के जीवन की हो यह राष्ट्र के उत्थान से संदर्भित हो, जीवन में मनुष्य के संदर्भ में अकर्मण्यता एक बड़ी शारीरिक,मानसिक व्याधि और दशा है। यह जीवन को निरर्थक बनाती है। इसी तरह देश का शासन तंत्र यदि आक्रमण्य और निराशावादी हो तो देश की उन्नति में अवरोध और बढ़ाएं सदैव उत्पन्न होती रहती हैं। इस अवस्था को तत्काल त्यागना चाहिए,और अपने जीवन के संघर्ष के लिए तैयार रखना चाहिए। मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सकेद्य कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता हैद्य निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता हैद्य जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता हैद्य बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैद्य सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता , प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैद्य मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए द्य यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा, भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती हैद्य जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे, तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैद्य यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य, सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैद्य सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिएद्यइसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य, करुणा, सेवा, दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती हैद्य और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती हैद्य भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही हैद्यऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास, संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम,मोइनुद्दीन चिश्ती, निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो, गांधी,नेहरू, टैगोर, सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था।परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है। आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना, मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता हैअन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता।

**संजीव ठाकुर**

## बंपर वोटिंग का संदेशः क्या ज्यादा मतदान सत्ता की वापसी का संकेत है या बदलाव की आहट- जनता की चुप्पी में छिपा जनादेश

तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल के हालिया विधानसभा चुनावों में रिकॉर्ड तोड़ मतदान ने भारतीय लोकतंत्र की जीवंतता और परिपक्वता को एक बार फिर रेखांकित किया है। भीषण गर्मी, लंबी कतारें और कई जगहों पर तनावपूर्ण माहौल के बावजूद जिस तरह मतदाताओं ने उत्साह के साथ अपने मताधिकार का प्रयोग किया, वह सिर्फ एक चुनावी प्रक्रिया नहीं बल्कि लोकतांत्रिक भागीदारी का सशक्त प्रदर्शन है। यह सवाल अब स्वाभाविक रूप से उठता है कि इतनी भारी वोटिंग का अर्थ क्या है—क्या यह सत्तारूढ़ दल के पक्ष में जनसमर्थन का संकेत है या फिर परिवर्तन की इच्छा का प्रतीक? इतिहास बताता है कि अधिक मतदान को एक ही नजरिए से नहीं देखा जा सकता। कई बार ज्यादा मतदान सत्ता में बैठे दल के पक्ष में गया है, तो कई बार यह बदलाव की लहर का संकेत भी बना है। इसलिए इस बार भी केवल प्रतिशत के आधार पर निष्कर्ष निकालना जल्दबाजी होगी। लेकिन यह जरूर कहा जा सकता है कि जब सामान्य से कहीं अधिक मतदाता मतदान के लिए निकलते हैं, तो उसके पीछे कोई न कोई मजबूत भावनात्मक या राजनीतिक कारण जरूर होता है।

पश्चिम बंगाल में इस बार मतदान का प्रतिशत 90% के पार चला गया, जो अपने आप में एक असाधारण स्थिति है। यहां चुनाव हमेशा से राजनीतिक रूप से संवेदनशील और कभी-कभी हिंसक भी रहे हैं। इस बार भी छिटपुट हिंसा की घटनाएं सामने आई, लेकिन इसके बावजूद लोगों का बड़ी संख्या में मतदान करना यह दर्शाता है कि वे अपने वोट के महत्व को समझते हैं और किसी भी परिस्थिति में लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग करना चाहते हैं। यहां मुख्य मुकाबला तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के बीच है, और दोनों ही दल इस भारी मतदान को अपने-अपने पक्ष में बता रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस का मानना है कि यह मतदान उनके खिलाफ चलाए जा रहे अभियानों और कथित मतदाता सूची पुनरीक्षण (SIR) के विरोध में जनता की प्रतिक्रिया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे 'जनता की आवाज' बताया है, जो उनके अनुसार बाहरी हस्तक्षेप और राजनीतिक दबाव के खिलाफ है। दूसरी ओर, भारतीय जनता पार्टी इसे 'परिवर्तन की लहर' के रूप में पेश कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषणों में दावा किया है कि जहां ज्यादा मतदान हुआ है, वहां भाजपा को बढ़त मिलती दिख रही है।

तमिलनाडु की स्थिति थोड़ी अलग लेकिन उतनी ही रोचक है। यहां परंपरागत रूप से द्रविड़ मुनेत्र कड़गम और अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कड़गम के बीच सीधी टक्कर रहती है। इस बार भी यही मुकाबला देखने को मिल रहा है, लेकिन अभिनेता विजय की नई पार्टी ने समीकरणों को थोड़ा जटिल बना दिया है। रिकॉर्ड मतदान को यहां स्पष्ट जनादेश की संभावना के रूप में देखा जा रहा है, क्योंकि आमतौर पर तमिलनाडु में जब मतदान प्रतिशत बहुत अधिक होता है, तो मतदाता किसी एक पक्ष में स्पष्ट रूप से झुकाव दिखाते हैं।

इस बार के चुनावों में एक और महत्वपूर्ण पहलू महिलाओं की बढ़ती भागीदारी है। चुनाव आयोग के आंकड़ों के अनुसार, कई क्षेत्रों में महिलाओं ने पुरुषों से अधिक मतदान किया है। यह केवल संख्या का मामला नहीं है, बल्कि यह सामाजिक बदलाव का संकेत भी है। महिलाएं अब केवल मतदाता नहीं रहीं, बल्कि वे निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। उनके मुद्दे—महंगाई, सुरक्षा, स्वास्थ्य, शिक्षा और परिवार की आर्थिक स्थिति—चुनावी विमर्श के केंद्र में आ चुके हैं। अगर मुद्दों की बात करें तो दोनों राज्यों में स्थानीय और राष्ट्रीय दोनों तरह के मुद्दे प्रभावी रहे हैं। पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा, भ्रष्टाचार के आरोप, केंद्र-राज्य संबंध और पहचान की राजनीति प्रमुख मुद्दे रहे हैं। वहीं तमिलनाडु में विकास, रोजगार, शिक्षा और क्षेत्रीय अस्मिता जैसे विषयों ने मतदाताओं को प्रभावित किया है। महंगाई और बेरोजगारी जैसे राष्ट्रीय मुद्दों का असर भी दोनों राज्यों में साफ दिखाई देता है।

बंपर वोटिंग का एक मनोवैज्ञानिक पहलू भी होता है। जब लोग बड़ी संख्या में मतदान करने निकलते हैं, तो यह संकेत होता है कि वे मौजूदा स्थिति से संतुष्ट नहीं हैं या फिर वे किसी बदलाव को लेकर उत्साहित हैं। यह असंतोष भी हो सकता है और उम्मीद भी। इसलिए यह कहना मुश्किल है कि यह मतदान किसके पक्ष में जाएगा, लेकिन इतना तय है कि यह सामान्य चुनाव नहीं है। राजनीतिक दलों के दावे अपनी जगह हैं, लेकिन असली तस्वीर 4 मई को सामने आएगी जब नतीजे घोषित होंगे। तब यह स्पष्ट होगा कि जनता ने किस पर भरोसा जताया और किसे नकार दिया। फिलहाल, यह कहा जा सकता है कि इस बार का चुनाव केवल सत्ता की लड़ाई नहीं है, बल्कि यह जनता की आकांक्षाओं, उम्मीदों और असंतोष का प्रतिबिंब है। अंततः, बंपर वोटिंग लोकतंत्र के लिए एक सकारात्मक संकेत है। यह दर्शाता है कि जनता जागरूक है, सक्रिय है और अपने अधिकारों के प्रति गंभीर है। चाहे परिणाम कुछ भी हों, यह भागीदारी ही लोकतंत्र की सबसे बड़ी ताकत है।


**कांतिलाल मांडोत**

# संपादकीय

## अनियंत्रित गेमिंग के दौर के बाद नियंत्रण का कड़ा अध्याय

**[डिजिटल लत के भंवर से उबरने की नीतिगत पहल का आरंभ]**

**[मनोरंजन से अनुशासन तकः गेमिंग जगत में बड़े बदलाव की शुरुआत]**



रात की खामोशी अब विश्राम नहीं, बल्कि स्क्रीन की चमक में डूबकर एक नई सोच को जन्म दे रही है, जो अनजाने में पूरी पीढ़ी का मन गढ़ रही है। उंगलियों की निरंतर हलचल ने सोच की गहराई को कमज़ोर कर दिया है, और आभासी उपलब्धियों का आकर्षण वास्तविक जीवन की प्राथमिकताओं को पीछे धकेल रहा है। ऐसे नाजुक मोड़ पर 1 मई 2026 से लागू होने जा रहा ऑनलाइन गेमिंग अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ओजीएआई) केवल प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि डिजिटल अनुशासन को फिर से स्थापित करने का प्रभावी प्रयास है। यह पहल उस अनियंत्रित डिजिटल बहाव को थामने की शुरुआत है, जिसने युवाओं को लत, असंतुलन और मानसिक दबाव के जाल में फँसा दिया है।

डिजिटल जगत को संतुलित दिशा देने के उद्देश्य से प्रमोशन एंड रेगुलेशन ऑफ ऑनलाइन गेमिंग एक्ट, 2025 (प्रोगा) के तहत गठित ओजीएआई भारत के शासन में एक अहम बदलाव का संकेत है। यह स्वायत्त संस्था ऑनलाइन गेमिंग को तीन प्रमुख श्रेणियों में वर्गीकृत करेगी और रियल मनी गेम्स पर पूर्ण प्रतिबंध लगाएगी। सुरक्षित सोशल गेम्स और ई-स्पोर्ट्स को बढ़ावा देने के लिए रजिस्ट्रेशन को अधिकांश मामलों में स्वैच्छिक रखा गया है। ओजीएआई को सिविल कोर्ट के समान शक्तियाँ प्रदान की गई हैं, जिसमें गेम्स की राष्ट्रीय रजिस्ट्री तैयार करना, अनुपालन की निगरानी और अवैध गेम्स को ब्लैकलिस्ट करना शामिल है। वहीं, सुरक्षित और शैक्षिक खेलों को राष्ट्रीय रजिस्ट्री में शामिल कर उन्हें बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि गेमिंग केवल लत नहीं, बल्कि सीख और विकास का साधन बन सके।

स्क्रीन की चकाचौंध अब युवाओं को इस तरह बाँध रही है कि वास्तविक जीवन का संतुलन बिगड़ने लगा है। आज की युवा पीढ़ी जिस तरह ऑनलाइन गेमिंग के प्रभाव में फँसती जा रही है, वह महज़ सामाजिक चुनौती नहीं, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन चुकी है। आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 में चेतावनी दी गई है कि 15 से 29 वर्ष के युवाओं में अत्यधिक स्क्रीन टाइम और ऑनलाइन गेमिंग से चिंता, अवसाद, अनिद्रा और ध्यान की कमी तेजी से बढ़ रही है।

रियल मनी गेम्स से होने वाला आर्थिक नुकसान परिवारों की स्थिरता को भी डगमगा रहा है। आर्थिक सर्वेक्षण यह भी सुझाव देता है कि डिजिटल एडिक्शन से निपटने के लिए टेली-मानस जैसे मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों को और मजबूत किया जाए। ओजीएआई का हस्तक्षेप इस बिगड़ती परिस्थिति को संभालने की दिशा में एक ठोस और समयानुकूल पहल है।

नियमन की कसौटी पर खरा उतरने वाला ढांचा तभी सार्थक होता है, जब उसमें अधिकार के साथ जवाबदेही भी स्पष्ट हो—और ओजीएआई इसी संतुलन का सशक्त उदाहरण बनकर उभरता है। इसे सिविल कोर्ट के समान अधिकार प्रदान किए गए हैं, जिससे यह गेम्स के वर्गीकरण, पंजीकरण और अनुपालन की निगरानी प्रभावी ढंग से कर सके। केंद्रीय शिकायत निवारण तंत्र उपयोगकर्ताओं को त्वरित न्याय उपलब्ध कराएगा, जिससे उनकी समस्याओं का समाधान समयबद्ध तरीके से संभव होगा। साथ ही, पेमेंट गेटवे, ऐप स्टोर्स और अन्य डिजिटल मध्यस्थों को भी जवाबदेह बनाकर एक व्यापक और सुरक्षित गेमिंग पारिस्थितिकी तंत्र तैयार किया जाएगा, जो उपयोगकर्ता हितों की रक्षा सुनिश्चित करेगा।

डिजिटल अनुशासन और जिम्मेदार व्यवहार की स्पष्ट दिशा तय करते हुए ओजीएआई का आगमन परिपक्व और दूरदर्शी सोच का संकेत देता है। अब गेमिंग केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रहेगा, बल्कि जिम्मेदारी, संतुलन और सजगता का विषय बनेगा। एडिक्टिव डिजाइन, लूट बॉक्सेस और भ्रामक विज्ञापनों पर कड़े नियंत्रण से उपयोगकर्ताओं को अधिक सुरक्षित और विश्वसनीय वातावरण मिलेगा। ई-स्पोर्ट्स को बढ़ावा मिलने से युवाओं को अपनी प्रतिभा निखारने और सशक्त करियर बनाने के अवसर प्राप्त होंगे, क्योंकि सरकार इसे प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में मान्यता देकर प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम चला रही है। साथ ही, शैक्षिक गेम्स शिक्षा को रोचक, प्रभावी और सहभागितापूर्ण बनाकर डिजिटल दुनिया के सकारात्मक पक्ष को और अधिक स्पष्ट रूप से सामने लाएंगे।


परिवर्तन की इस व्यापक रूपरेखा के साथ चुनौतियों की परतें भी समान रूप से मौजूद हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। विदेशी सर्वरों से संचालित अवैध प्लेटफॉर्म्स पर नियंत्रण स्थापित करना तकनीकी दृष्टि से जटिल कार्य है, जिसमें ओजीएआई आईटी एक्ट के तहत ब्लॉकिंग की सिफारिश कर सकता है। इसके साथ ही, केंद्र और राज्य सरकारों के बीच प्रभावी समन्वय बनाए रखना भी एक महत्वपूर्ण पहलू रहेगा।

छोटे डेवलपर्स के लिए अनुपालन सुनिश्चित करना कठिन हो सकता है, जिससे नवाचार प्रभावित होने की आशंका है। इसलिए ओजीएआई को लचीली और डेटा-आधारित नीतियां अपनानी होंगी, ताकि नियमन और रचनात्मकता के बीच संतुलन बना रह सके। इस परिवर्तन की वास्तविक सफलता केवल सरकारी प्रयासों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि समाज की सक्रिय और जागरूक भागीदारी पर भी समान रूप से निर्भर करेगी। माता-पिता को बच्चों के स्क्रीन टाइम पर सतर्क और संतुलित नियंत्रण रखना होगा, स्कूलों को जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से सही दिशा और समझ विकसित करनी होगी, तथा मीडिया को भी इस विषय को जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करना होगा। जब समाज इस पहल को सकारात्मक रूप से अपनाएगा, तभी इसका व्यापक और प्रभावी परिणाम स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। ओजीएआई वास्तव में एक सामूहिक उत्तरदायित्व का प्रतीक है, जिसकी सफलता हर नागरिक की सहभागिता से ही सुनिश्चित हो सकती है।

जब भविष्य की दिशा तय होती है, तो कुछ तिथियाँ इतिहास में मील का पत्थर बन जाती हैं—1 मई 2026 भी ऐसा ही एक निर्णायक क्षण साबित होगा। ओजीएआई का प्रभावी क्रियान्वयन न केवल युवाओं को लत के दुष्प्रभावों से सुरक्षित रखेगा, बल्कि एक संतुलित, सुरक्षित और जिम्मेदार गेमिंग संस्कृति को भी सुदृढ़ करेगा। यदि यह पहल दूरदर्शिता और सतत प्रयासों के साथ आगे बढ़ती है, तो भारत वैश्विक परिदृश्य पर एक अनुकरणीय मॉडल बन सकता है। यह केवल एक नीति नहीं, बल्कि एक सशक्त संकल्प है—जो डिजिटल भारत को अधिक जिम्मेदार, सुरक्षित और जागरूक राष्ट्र में रूपांतरित करने की क्षमता रखता है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

## कविता



**संजीव-नी।**

मुस्कुराइए, आप सम्मानित हैं।

मुस्कुराइए,
आप मंच पर है
यह प्रमाण है
कि आप मान्य हैं।

गले में फूलों की माला,
फूलों को नहीं पता
वे क्यों लटके हैं,
जैसे कई बार
सम्मानित को भी
नहीं पता होता।

शॉल ओढ़ा दी गई
ठंड नहीं
पर फिर भी,
सम्मान को अक्सर
ढककर ही दिया जाता है।

माइक कह रहा
इनका योगदान अतुलनीय है
योगदान मंच खोज रहा है,
पर तालियाँ पहले ही
उसे स्वीकार कर चुकी हैं।

आपमें कोई खूबी हो
तो अच्छी बात है
न हो
तो भी कार्यक्रम नहीं रुकता।

क्योंकि यहाँ
योग्यता नहीं,
ओहदा गिना जाता है।

आप सिर हिलाते मुस्कुराते
आपकी यह सबसे सुरक्षित कविता है।

शब्दों से ज़्यादा
आज मौन सराहा जाता
फोटो ली जाती है
इतिहास वहीं रुक जाता
अगले सम्मान तक।
माला उतरती ,
किसी और का गला खोजती है,
सम्मान घूमता रहता
जैसे वही असली अतिथि हो।

आप मंच से उतरते
हल्के होकर नहीं,
बस खाली होकर।
कल फिर किसी और मंच पर
आपका नाम पुकारा जाएगा,

क्योंकि इस समय
सम्मान सबसे सस्ता है,
और मुस्कान सबसे सुरक्षित
तो मुस्कुराइए
आप सम्मानित हैं,
कम से कम
आज की तस्वीर में।

**संजीव ठाकुर**

# विश्व मलेरिया दिवसः एक रोग मुक्त भविष्य का संकल्प

प्रतिवर्ष 25 अप्रैल को संपूर्ण विश्व में मलेरिया दिवस मनाया जाता है। यह दिन केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि उस वैश्विक संकल्प को दोहराने का अवसर है जो मानवता को इस घातक बीमारी से मुक्त कराने के लिए लिया गया है। मलेरिया सदियों से मानव सभ्यता के लिए एक गंभीर चुनौती बना हुआ है। यदि हम इतिहास के पन्नों को पलटें तो पता चलता है कि विश्व स्वास्थ्य सभा ने 2007 में अपने 60 वें सत्र के दौरान अफ्रीका मलेरिया दिवस को विश्व मलेरिया दिवस में बदलने का निर्णय लिया था। इसका मुख्य उद्देश्य दुनिया भर के देशों को इस बीमारी के प्रति जागरूक करना और इसके रोकथाम के लिए संसाधन जुटाना था। मलेरिया एक ऐसी बीमारी है जो मादा एनोफिलीज मच्छर के काटने से फैलती है। यह मच्छर प्लाज्मोडियम नामक परजीवी को मनुष्य के रक्त में छोड़ देता है। यद्यपि यह बीमारी निवारणीय और उपचार योग्य है, फिर भी यह हर साल लाखों लोगों की जान ले लेती है। ताजा आंकड़ों पर दृष्टि डालें तो विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में विश्व स्तर पर मलेरिया के लगभग 249 मिलियन मामले सामने आए थे। यह संख्या चिंताजनक है क्योंकि यह 2021 की तुलना में लगभग 5 मिलियन अधिक थी। इन मामलों में होने वाली मौतों का आंकड़ा भी डरावना है, जहाँ 2022 में लगभग 608000 लोगों ने अपनी जान गँवाई।

मलेरिया का सबसे गहरा प्रभाव अफ्रीकी देशों में देखा जाता है। वैश्विक स्तर पर मलेरिया के कुल मामलों का लगभग 94 प्रतिशत और होने वाली मौतों का 95 प्रतिशत हिस्सा केवल अफ्रीका से आता है। इसमें भी विडंबना यह है कि मरने वालों में 80 प्रतिशत से अधिक संख्या 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों की होती है। यह आंकड़ा हमें सोचने पर विवश करता है कि विज्ञान की इतनी प्रगति के बावजूद हम अपने भविष्य को इस छोटे से मच्छर से बचाने में पूरी तरह सफल क्यों नहीं हो पा रहे हैं। भारत के संदर्भ में यदि बात करें तो स्थिति में काफी सुधार देखने को मिला है। भारत ने पिछले कुछ वर्षों में मलेरिया के मामलों में उल्लेखनीय कमी दर्ज की है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, भारत में 2015 से 2022 के बीच मलेरिया के मामलों में लगभग 85 प्रतिशत की गिरावट आई है। भारत का लक्ष्य है कि वह 2027 तक मलेरिया मुक्त हो जाए और 2030 तक इस बीमारी का पूरी तरह से उन्मूलन कर दे। इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन ढांचा 2016-2030 कार्यरत है। इसके तहत देश के विभिन्न राज्यों को उनकी गंभीरता के आधार पर अलग-अलग श्रेणियों में बांटा गया है और सूक्ष्म स्तर पर योजनाएं बनाई जा रही हैं।

मलेरिया केवल एक स्वास्थ्य समस्या नहीं है, बल्कि यह आर्थिक विकास में भी एक बड़ी बाधा है। यह बीमारी अक्सर उन क्षेत्रों में अधिक फैलती है जहाँ गरीबी, जलभराव और स्वच्छता का अभाव होता है। जब परिवार का कोई सदस्य बीमार होता है, तो न केवल उसकी कार्यक्षमता प्रभावित होती है, बल्कि परिवार की संचित पूंजी भी इलाज में खर्च हो जाती है। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में यह कृषि उत्पादकता को भी प्रभावित करता है। वैज्ञानिकों का मानना है कि जलवायु परिवर्तन भी मलेरिया के प्रसार में एक बड़ी भूमिका निभा रहा है। बढ़ते तापमान और अनिश्चित वर्षा के कारण मच्छरों को पनपने के लिए नए क्षेत्र मिल रहे हैं। ऐसे क्षेत्रों में जहाँ पहले मलेरिया नहीं था, अब वहाँ भी इसके मामले देखे जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त, कीटनाशकों के प्रति मच्छरों की बढ़ती प्रतिरोधक क्षमता एक नई चुनौती बनकर उभरी है। कई क्षेत्रों में देखा गया है कि मच्छर उन रसायनों से नहीं मर रहे हैं जिनका उपयोग लंबे समय से किया जा रहा था। साथ ही, परजीवी ने भी दवाओं के प्रति अपनी प्रतिरोधक क्षमता विकसित कर ली है, जिससे उपचार की प्रक्रिया जटिल होती जा रही है।




चिकित्सा विज्ञान के क्षेत्र में मलेरिया की वैक्सीन का आगमन एक क्रांतिकारी कदम है। 2021 में विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आरटीएस,एस नामक पहली वैक्सीन को मंजूरी दी थी और उसके बाद आर21 नामक दूसरी वैक्सीन ने भी आशा की नई किरण जगाई है। परीक्षणों में यह पाया गया है कि ये वैक्सीन बच्चों में गंभीर मलेरिया के मामलों को कम करने में अत्यधिक प्रभावी हैं। भारत में भी इन टीकों के वितरण और उपयोग को लेकर व्यापक योजनाएं बनाई जा रही हैं। हालांकि, केवल टीकों पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं होगा। मलेरिया से बचाव के पारंपरिक तरीके जैसे कि कीटनाशक उपचारित मच्छरदानियों का उपयोग, घरों के भीतर कीटनाशक छिड़काव और व्यक्तिगत सुरक्षा उपाय आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं। सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करना और जमीनी स्तर पर आशा कार्यकर्ताओं के माध्यम से निगरानी बढ़ाना इस लड़ाई में सबसे महत्वपूर्ण हथियार हैं।

मलेरिया के इतिहास को देखें तो 20 अगस्त 1897 का दिन बहुत महत्वपूर्ण था, जब सर रोनाल्ड रॉस ने सिकंदराबाद, भारत में अपनी खोज के माध्यम से यह सिद्ध किया था कि मलेरिया मच्छरों द्वारा फैलता है। उनकी इस महान खोज के लिए उन्हें 1902 में नोबेल पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। तब से लेकर आज तक हमने लंबी दूरी तय की है, लेकिन अंतिम विजय अभी बाकी है। विश्व मलेरिया दिवस पर हमें उन स्वास्थ्य कर्मियों को भी याद करना चाहिए जो दुर्गम क्षेत्रों में जाकर लोगों की जांच करते हैं और उन्हें दवाएं उपलब्ध कराते हैं। मलेरिया का निदान अब बहुत सरल हो गया है। रैपिड डायग्नोस्टिक किट के माध्यम से मात्र 15 मिनट में यह पता लगाया जा सकता है कि व्यक्ति मलेरिया से पीड़ित है या नहीं। प्रारंभिक अवस्था में पहचान होने पर इसका उपचार पूरी तरह संभव है। समस्या तब उत्पन्न होती है जब लोग लक्षणों को नजरअंदाज करते हैं या झोलाछाप डॉक्टरों के चक्कर में पड़ जाते हैं। तेज बुखार, कंपकंपी, सिरदर्द और मांसपेशियों में दर्द जैसे लक्षणों को गंभीरता से लेना अनिवार्य है।

मलेरिया उन्मूलन के लिए वैश्विक सहयोग की भी अत्यंत आवश्यकता है। विकसित देशों को चाहिए कि वे शोध और विकास के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करें ताकि नई दवाओं और टीकों का निर्माण हो सके। वहीं विकासशील देशों को अपनी स्वास्थ्य नीतियों में पारदर्शिता और तत्परता लानी होगी। 2024 और उसके बाद के वर्षों के लिए वैश्विक समुदाय का ध्यान निवेश, नवाचार और कार्यान्वयन पर केंद्रित है। इसका अर्थ है कि उपलब्ध संसाधनों का सही तरीके से उपयोग हो, नई तकनीकों को अपनाया जाए और नीतियों को प्रभावी ढंग से जमीन पर उतारा जाए। डिजिटल तकनीक का उपयोग भी इस क्षेत्र में बढ़ रहा है। अब मोबाइल एप्स के माध्यम से मच्छरों के प्रजनन स्थलों की मैपिंग की जा रही है और रियल टाइम डाटा के आधार पर प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित कार्रवाई की जा रही है।

अंततः, मलेरिया मुक्त विश्व का सपना तभी साकार होगा जब समाज का प्रत्येक नागरिक जागरूक होगा। हमें यह समझना होगा कि मच्छरों को पनपने देना केवल हमारी लापरवाही नहीं, बल्कि सामूहिक स्वास्थ्य के लिए खतरा है। अपने आसपास पानी जमा न होने देना, स्वच्छता बनाए रखना और मच्छरदानी का नियमित उपयोग करना छोटे कदम लग सकते हैं, लेकिन इनका प्रभाव बहुत बड़ा होता है।


विश्व मलेरिया दिवस हमें यह याद दिलाता है कि भले ही चुनौती बड़ी हो, लेकिन मानवीय इच्छाशक्ति और विज्ञान के तालमेल से हम इस बीमारी को इतिहास का हिस्सा बना सकते हैं। यदि हम 2030 तक शून्य मलेरिया के लक्ष्य को प्राप्त करना चाहते हैं, तो हमें आज से ही अपनी प्रतिबद्धता को दोगुना करना होगा। यह केवल सरकार का काम नहीं है, बल्कि यह हर उस व्यक्ति की जिम्मेदारी है जो एक स्वस्थ और सुरक्षित समाज की कल्पना करता है। मलेरिया के विरुद्ध इस युद्ध में विज्ञान, समर्पण और जनभागीदारी ही हमारी जीत के आधार स्तंभ बनेंगे। आने वाली पीढ़ियों को एक ऐसा संसार देना जहाँ मलेरिया का कोई डर न हो, यही इस दिवस की सच्ची सार्थकता होगी। 1.3 अरब से अधिक जनसंख्या वाले देश भारत के लिए यह चुनौती और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि हमारी सफलता वैश्विक आंकड़ों को सीधे तौर पर प्रभावित करती है। पिछले दशक की प्रगति यह दर्शाती है कि हम सही दिशा में हैं, बस अब अंतिम प्रहार की आवश्यकता है।

**महेन्द्र तिवारी**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# संक्षिप्त खबरें

## समूह के नाम पर जालसाजी,11 महिलाएं ठगी का शिकार




**रूद्रपुर,देवरिया।** गौरीबाजार थाना क्षेत्र के अवधपुर ग्राम सभा में समूह बनाकर लोन दिलाने के नाम पर दर्जनों महिलाओं से ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित महिलाओ ने बताया कि 'कैपिटल फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (माइक्रो फाइनेंस)' के नाम पर महिलाओं को पहले तीन दिन तक बैठक कर भरोसे में लिया गया और फिर बीमा के नाम पर प्रत्येक महिला से 2250 रुपये जमा कराए गए। पैसे लेने के बाद आरोपी फरार हो गए। इस आशय का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पीड़ित महिलाओं में पुष्पा देवी ,नीलम देवी,श्रीमती, गुड्डी देवी, ललेशरी देवी , प्रमिला देवी ने कहा है कि अब न तो आरोपियों का फोन लग रहा है और न ही कोई संपर्क हो पा रहा है। महिलाओं को बताया गया था कि समूह कैपिटल फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड,( माइक्रो फाइनेंस) की शाखा बरहज में है, लेकिन वहां भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिल सकी।घटना के बाद सभी महिलाएं परेशान हैं। पीड़ित महिलाओं ने धंधे में शामिल घोटालेबाजों के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग की है।

## मुख्य विकास अधिकारी ने मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की

**अम्बेडकरनगर।** मुख्य विकास अधिकारी श्री आनंद कुमार शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विभिन्न विकासपरक योजनाओं की योजनावार समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी योजनाओं में प्रगति को निरंतर बेहतर बनाया जाए तथा कार्यों में गुणवत्ता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने विशेष रूप से एंबुलेंस सेवाओं के रिस्पांस टाइम में सुधार लाने पर जोर देते हुए कहा कि इसमें किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि यदि रिस्पांस टाइम में अपेक्षित सुधार नहीं होता है तो संबंधित कार्यदायी संस्था के विरुद्ध नोटिस जारी किया जाए। साथ ही जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थियों को शत-प्रतिशत भुगतान सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए। मुख्य विकास अधिकारी ने दुग्ध समितियों के गठन को लक्ष्य के अनुरूप पूर्ण करने तथा निष्क्रिय समितियों का पुनर्गठन कर उन्हें पुनः क्रियाशील बनाने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने और जनपद की रैंकिंग में सुधार लाने हेतु भी आवश्यक कदम उठाने को कहा। बैठक में उन्होंने गौशालाओं में गर्मी एवं लू से बचाव हेतु प्रभावी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए तथा सुपुर्दगी योजना के अंतर्गत अधिक से अधिक गोवंशों को पशुपालकों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी, उप निदेशक कृषि, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डीसी एनआरएलएम, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बंदरों के उत्पात नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय समिति का गठन

**अम्बेडकरनगर।** जिले में बंदरों के कारण उत्पन्न होने वाली संघर्ष की घटनाओं को नियंत्रित करने एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी द्वारा एक जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है। यह निर्णय माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों एवं शासन स्तर से प्राप्त आदेशों के अनुपालन में लिया गया है। समिति की अध्यक्षता जिलाधिकारी करेंगे, जबकि संबंधित विभागों के अधिकारी एवं नामित प्रतिनिधि सदस्य के रूप में कार्य करेंगे। समिति के मुख्य दायित्वों में जनपद के नगर निकायों एवं ग्राम पंचायतों में बंदरों से प्रभावित हॉटस्पॉट क्षेत्रों की पहचान करना, हेल्पलाइन की स्थापना कर शिकायतों का त्वरित संज्ञान लेना तथा प्रशिक्षित व्यक्तियों/संस्थाओं के माध्यम से बंदरों को सुरक्षित रूप से पकड़ने की व्यवस्था सुनिश्चित करना शामिल है। पकड़े गए बंदरों को आबादी से दूर उपयुक्त वन क्षेत्रों में छोड़ा जाएगा, जिससे जनसुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त बंदरों को खाद्य पदार्थ उल्लंघ न हो, इसके लिए नगरीय निकाय प्रभावी कूड़ा निस्तारण सुनिश्चित करेंगे। ताकि बंदरों के लिए भोजन के स्रोत सीमित किए जा सकें। साथ ही, धार्मिक मान्यताओं के दृष्टिगत बंदरों को भोजन कराने हेतु निर्धारित स्थान चिन्हित किए जाएंगे तथा अन्य स्थानों पर भोजन देने पर रोक रहेगी। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे बंदरों को अनावश्यक रूप से भोजन न दें, कूड़ा खुले में न फेंकें तथा किसी भी प्रकार की समस्या होने पर प्रस्तावित हेल्पलाइन पर तत्काल सूचना दें। वन विभाग के समन्वय से जन-जागरूकता अभियान भी चलाए जाएंगे, जिससे मानव-बंदर संघर्ष की घटनाओं को न्यूनतम किया जा सके।

# गोरखपुर में खूनी संघर्ष- तलवार-चाकू से हमला, चार लोग गंभीर घायल, सड़क जाम कर लोगों का प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोरखपुर।** शहर के एम्स थाना क्षेत्र में शुक्रवार सुबह मामूली विवाद ने अचानक हिंसक रूप ले लिया और देखते ही देखते इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कुसम्ही बाजार स्थित रामजानकी मंदिर के पास दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, जिसमें एक पक्ष ने तलवार और चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें तत्काल जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना के मुताबिक गुरुवार को ऑटो में सवारी बैठाने को लेकर कालीचरण और सद्दाम के बीच विवाद हुआ था। यह विवाद शुक्रवार सुबह करीब 9 बजे उस समय फिर भड़क गया, जब कालीचरण का भाई गोविंद जायसवाल, सद्दाम के घर पहुंचकर मामले की जानकारी लेने लगा। आरोप है कि इसी दौरान सद्दाम, जब्बार और उनके साथियों ने लोहे की रॉड, तलवार और चाकू से हमला कर दिया। इस हमले में कालीचरण, गोविंद, सोनू और गुड्डू गंभीर रूप से घायल हो गए। बताया जा रहा है कि गुड्डू कसौधन स्थानीय बजरंग दल से जुड़े हैं और बीच-बचाव के दौरान उन्हें चोटें आई। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश में पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

घटना से आक्रोशित स्थानीय लोगों और व्यापारियों ने गोरखपुर-कसया रोड को जाम कर दिया, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। लोगों की मांग थी कि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाए और उनके घरों की तलाशी लेकर अवैध हथियार बरामद किए जाएं। सूचना मिलते ही SP सिटी निमिष पाटिल, CO कैंट अरुण कुमार एस. समेत भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच गया। अधिकारियों ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाने का प्रयास किया और स्थिति को नियंत्रण में लिया।

पुलिस ने इस मामले में तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है, जबकि मुख्य आरोपी सद्दाम, जब्बार सहित पांच लोग अभी फरार बताए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा। घटना की गंभीरता को देखते हुए क्षेत्र में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके। वहीं, स्थानीय विधायक सरवन निषाद भी मौके पर पहुंचे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की।

## अधिवक्ता की पत्नी के निधन पर जताया गया दुःख




**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र के असांव निवासी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पीएलवी निरंजन प्रकाश तिवारी की पत्नी गीता 48 के निधन को लेकर शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने न्यायिक कामकाज से विरत रहने का प्रस्ताव पारित किया। वहीं शोक सभा कर साथी की पत्नी के निधन पर दुख जताया। शोक सभा की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश व संचालन महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने किया। इस मौके पर ज्ञानप्रकाश शुक्ल, विकास मिश्र, कमलेश मिश्र, शिव नारायण शुक्ल, सूर्यकांत निराला, नीरज दुबे, दिनेश मिश्र, केके शुक्ला आदि अधिवक्ता रहे। वहीं अधिवक्ता निरंजन प्रकाश की पत्नी गीता के गंभीर बीमारी के चलते निधन पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व ब्लाक प्रमुख इं0 अमित प्रताप सिंह पंकज ने भी संवेदना प्रकट की है।

# आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज ककरही के होनहारों ने बिखेरा जलवा



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोलाबाजार, गोरखपुर।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित होते ही आनंद विद्यापीठ इंटर कॉलेज ककरही में खुशी की लहर दौड़ गई। विद्यालय के मेधावी छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार अंक प्राप्त किए और अपने परिवार व विद्यालय का नाम रोशन किया। इंटरमीडिएट वर्ग में सचिन यादव ने 79 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वहीं विकास और मोनी ने 75-75 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपनी मेहनत का शानदार प्रदर्शन किया। हाईस्कूल वर्ग में निधि मौर्या ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। मुस्कान विश्वकर्मा ने 90 प्रतिशत तथा साहिल ने 86 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। छात्र-छात्राओं की इस उल्लेखनीय सफलता पर विद्यालय के प्रबंधक रवि प्रताप राय एवं प्रधानाचार्य प्रमोद कुमार सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

# पत्नी से विवाद के बाद युवक ने राप्ती में लगाई छलांग, एसडीआरएफ ने बरामद किया शव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर:** सहजनवा तहसील के गीडा थाना क्षेत्र से एक दुखद घटना सामने आई है, जहां पत्नी से विवाद के बाद एक 31 वर्षीय युवक ने राप्ती नदी में कूदकर अपनी जान दे दी। घटना के बाद से ही युवक की तलाश में जुटी पुलिस और एसडीआरएफ टीम ने शुक्रवार सुबह काफी प्रयासों के बाद शव बरामद कर लिया। मिली जानकारी के अनुसार, गीडा थाना क्षेत्र के बाधागाड़ा निवासी गोलू कुमार माझी ( 31 वर्ष), पुत्र राम नक्षत्र माझी, कालेसर इलाके में किराए के मकान में अपनी पत्नी के साथ रह रहा था। गुरुवार दोपहर किसी बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कहासुनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि शाम करीब 5 बजे गोलू घर से निकलकर कालेसर स्थित राप्ती नदी के किनारे पहुंच गया।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, युवक ने नदी किनारे अपने कपड़े उतारे और अचानक नदी में छलांग लगा दी। यह देख आसपास मौजूद ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। लोगों ने शोर मचाते हुए तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई। कुछ ही देर में एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई और रेस्क्यू ऑपरेशन तेज कर दिया गया। हालांकि देर शाम तक युवक का कोई पता नहीं चल सका। अंधेरा बढ़ने के कारण रात में अभियान रोकना पड़ा। शुक्रवार सुबह एक बार फिर एसडीआरएफ और पुलिस टीम ने संयुक्त रूप से सर्च ऑपरेशन शुरू किया। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद अंततः युवक का शव नदी से बरामद कर लिया गया। शव मिलने के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## शिव शक्ति कोचिंग क्लासेस के बच्चों ने मारी बाजी, शानदार परिणाम से क्षेत्र गौरवान्वित

**लंभुआ/सुल्तानपुर।** यूपी बोर्ड का रिजल्ट जारी होते ही क्षेत्र में खुशी की लहर दौड़ गई। लंभुआ क्षेत्र के श्रीरामपुर स्थित शिव शक्ति कोचिंग क्लासेस के छात्रों ने इस वर्ष शानदार प्रदर्शन कर अपने परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। कक्षा 10 के परिणाम में दिलीप प्रजापति ने 90.66% अंक हासिल कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। वहीं प्रिंस चौहान ने 89% और एक अन्य छात्र ने 89.66% अंक प्राप्त कर सफलता का परचम लहराया। इसी क्रम में कक्षा 12 के परिणाम भी उत्साहजनक रहे। आदर्श बोर्ड के छात्र ने 83.5% अंक प्राप्त किए, जबकि मुस्कान श्रीवास्तव ने 82%, शिवकुमार यादव ने 80.8% और शिवम कुमार ने भी 80.8% अंक हासिल कर सभी को गौरवान्वित किया। कोचिंग संस्थान के संचालक शिव बहादुर यादव एवं लालजी यादव ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि बच्चों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का यह परिणाम है, जो आने वाले समय में और भी बेहतर उपलब्धियों की प्रेरणा देगा।

# सपा नेता प्रदीप के नेतृत्व में सत्ता के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन

### ●जनहित से जुड़े मामलों का सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रूद्रपुर, देवरिया।** जनहित से जुड़ी विभिन्न समस्याओं को लेकर समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को पूर्व विधान सभा प्रत्याशी प्रदीप यादव के नेतृत्व में प्रदर्शन कर एसडीएम को 12 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत कार्यकर्ता सेमरौना पुल पर एकत्रित हुए और सरकार विरोधी नारे लगाते हुए नगर भ्रमण किया। इसके बाद एसडीएम रुद्रपुर अवधेश निगम को ज्ञापन सौंपकर समस्याओं के शीघ्र समाधान की मांग की गई।

ज्ञापन में प्रमुख रूप से रसोई गैस की आपूर्ति प्रत्येक गांव में एक सप्ताह के भीतर सुनिश्चित करने तथा बुकिंग 20 दिन के अंदर उपलब्ध कराने की मांग उठाई गई। पेयजल संकट को लेकर पचलड़ी, मांगा, कोड़र, ईश्वरपुरा, एकला, मिश्रौलिया, बड़हरा, पकड़ी, रामलक्ष्मण क्षेत्र सहित मदनपुर व रुद्रपुर नगर पंचायत में बने ओवरहेड टैंक से गर्मी के मद्देनजर तत्काल जलापूर्ति शुरू कराने, वर्षों से निर्मित अग्निशमन केंद्र को चालू करने, रुद्रपुर-नकईल मार्ग का चौड़ीकरण कराने,मदनपुर क्रय केंद्र सहित सभी खरीद केंद्रों को शुरू कराने,स्मार्ट मीटर के नाम पर हो रही कथित धन उगाही पर रोक लगाने,आगामी फसल को देखते हुए किसानों को खाद-बीज उपलब्ध कराने की मांग भी शामिल रही। धरना प्रदर्शन के दौरान प्रदीप ने कहा कि तमाम भाजपा नेताओं के रहते हुए भी बस स्टेशन कूड़ेदान बना हुआ है। पिंडरा पुल का एप्रोच ठीक करने में कोई रूचि नहीं ले रहा है। तहसीलों और थानों में लूट मची है। इस दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष राम केवल यादव, डॉ. शशांक शेखर गुप्ता नगर अध्यक्ष



शंकर जायसवाल, सभासद जय रतन चौरसिया, विजय यादव कैसर अली, मकसूद खान, मासूम आलम, रामवृक्ष राजभर, नथुनी यादव, प्रकाश यादव, अमित यादव, गोपाल राजभर अमित सोनकर अमर सिंह सैथवार रमेश मिश्रा इमरान खान अजय विश्वकर्मा रितेश नितेंद्र यादव शीला देवी सरिता देवी शिवकुमारी देवी लालमन, विजय यादव, विनोद यादव, दिलीप यादव, सोनू यादव समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सहजनवां में बकाया रुपए मांगना भारी पड़ा, ढाबा संचालक पर लाठी-डंडों से हमला, सिर फूटा- कई घायल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सहजनवा गोरखपुर:** सहजनवा थाना क्षेत्र में बकाया पैसे मांगना एक ढाबा संचालक को महंगा पड़ गया। मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया, जिसमें दबंगों ने ढाबा संचालक और उसके साथी पर लाठी-डंडों से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई।

जानकारी के अनुसार, नगर पंचायत वार्ड नंबर 14 लूचूई निवासी शिव जायसवाल, जो गीडा सेक्टर 22 में ढाबा चलाते हैं, गुरुवार की शाम करीब 4 बजे अपने ढाबे पर मौजूद थे। इसी दौरान अजय कुमार साहनी उर्फ संजीत नामक युवक वहां पहुंचा, जिस पर पहले से करीब 1500 रुपये बकाया था। जब शिव जायसवाल ने उससे अपना बकाया पैसा मांगा, तो उसने पहले 1000 रुपये दिए, लेकिन इसके बाद अचानक आक्रामक हो गया और गाली-गलौज शुरू कर दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, आरोपी ने यह कहते हुए विवाद बढ़ा दिया कि 'तुमने पैसे मांगने की हिम्मत कैसे की?' जब शिव जायसवाल ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने अपने कुछ साथियों को फोन कर मौके पर बुला लिया। कुछ ही देर में पहुंचे मनबढ़ युवकों ने ढाबे पर पहुंचते ही लाठी-डंडों से हमला बोल दिया। इस हमले में शिव जायसवाल के सिर पर गंभीर चोट आई और वह लहूलुहान होकर गिर पड़े। बीच-बचाव करने पहुंचे कृष्णा पटवा को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा और उनके सिर पर भी वार कर दिया। दोनों घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है।

सूचना मिलते ही सहजनवा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल




सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरौली भेजा गया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अजय कुमार साहनी उर्फ संजीत, अमित साहनी और दो अज्ञात आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच शुरू कर दी गई है और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।

# गोरखपुरः क्लब मालिक के बेटे ने खुद को गोली मारकर की आत्महत्या, शहर में सनसनी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** शहर के प्रतिष्ठित परिवार से जुड़े एक युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी है। गोरखपुर क्लब के मालिक अतुल श्रीवास्तव के पुत्र अम्बरीष श्रीवास्तव ने कथित तौर पर खुद को गोली मारकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही प्रशासन और पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया, वहीं परिजन और स्थानीय लोग स्तब्ध रह गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अम्बरीष श्रीवास्तव ने कुसमी क्षेत्र में स्थित शामियाना एंड कैटर्स के गोडाउन में अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से खुद को गोली मारी। घटना के समय गोडाउन में कोई अन्य व्यक्ति मौजूद नहीं था। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके की ओर दौड़े, जहां अम्बरीष को गंभीर अवस्था में पाया गया। तत्काल पुलिस को सूचना दी गई।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारी मौके पर पहुंच गए और जांच शुरू कर दी। एसपी सिटी निमिष पाटिल ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि अम्बरीष का निवास सिविल लाइंस क्षेत्र में है, जो शहर का अत्यंत संवेदनशील और चर्चित इलाका माना जाता है। यहां जिले के कई वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों के सरकारी आवास भी स्थित हैं। ऐसे प्रतिष्ठित परिवार से जुड़े युवक द्वारा उठाए गए इस कदम ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं।

फिलहाल आत्महत्या के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। पुलिस परिजनों और करीबी लोगों से पूछताछ कर रही है, ताकि घटना के पीछे की वजह सामने आ सके। वहीं, फॉरेंसिक टीम भी मौके से साक्ष्य जुटाने में लगी है। इस घटना के बाद शहर में शोक और चिंता का माहौल है। स्थानीय लोग और जानने वाले इस खबर से बेहद दुखी हैं और हर कोई यह जानने को उत्सुक है कि आखिर अम्बरीष ने इतना बड़ा कदम क्यों उठाया। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा सकुशल संपन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न

अम्बेडकरनगर। बृहस्पतिवार को देर शाम आगामी 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को जनपद के 09 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी सहित समस्त सेक्टर, जोनल एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं परीक्षा कार्मिकों को निर्देशित किया कि वे परीक्षा से संबंधित बोर्ड के दिशा-निर्देशों का गहन अध्ययन कर लें तथा प्रत्येक प्रक्रिया में उनका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः सभी अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। परीक्षा केंद्रों पर सभी परीक्षा से संबंधित आधारभूत सुविधाओं को व्यवस्थित एवं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा सकुशल संपन्न कराने हेतु कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक सम्पन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** बृहस्पतिवार को देर शाम आगामी 25, 26 एवं 27 अप्रैल 2026 को जनपद के 09 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित होने वाली उत्तर प्रदेश होमगार्ड एनरोलमेंट-2025 की लिखित परीक्षा को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) ज्योत्स्ना बंधु, अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी सहित समस्त सेक्टर, जोनल एवं स्टेटिक मजिस्ट्रेट, केंद्र व्यवस्थापक तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं परीक्षा कार्मिकों को निर्देशित किया कि वे परीक्षा से संबंधित बोर्ड के दिशा-निर्देशों का गहन अध्ययन कर लें तथा प्रत्येक प्रक्रिया में उनका अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सर्वोच्च प्राथमिकता है, अतः सभी अधिकारी अपने दायित्वों का गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करें। परीक्षा केंद्रों पर सभी परीक्षा से संबंधित आधारभूत सुविधाओं को व्यवस्थित एवं



सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने जानकारी दी कि उक्त परीक्षा 25, 26 एवं 27 अप्रैल को प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित की जाएगी। प्रथम पाली पूर्वाह्न 10:00 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक तथा द्वितीय पाली अपराह्न 03:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक संचालित होगी। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाए रखने एवं परीक्षा के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश भी प्रदान किए। मुख्य विकास अधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए परीक्षा को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराना सुनिश्चित करें।

# रिपेयरिंग के अभाव में बदहाल सड़क दे रहा बड़े हादसे को दावत



### ●डेढ़ किलोमीटर के सफर में उखड़ी गिट्टियां और जर्जर रास्ता बना राहगीरों के लिए मुसीबत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवां ब्लॉक के ग्राम पंचायत विषखोप मुख्य मार्ग से महुआडिह टोले को जोड़ने वाली करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क पूरी तरह बदहाल हो चुकी है। मरम्मत के अभाव में यह मार्ग अब सड़क न होकर हादसों का सबब बन गया है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों में प्रशासन के प्रति गहरा आक्रोश व्याप्त है। सड़क की स्थिति इतनी जर्जर है कि इसकी ऊपरी परत पूरी तरह उखड़ चुकी है और नुकीली गिट्टियां पूरे रास्ते पर बिखरी पड़ी हैं। इन बिखरी गिट्टियों के कारण आए दिन राहगीर और दोपहिया वाहन चालक फिसलकर चोटिल हो रहे हैं। सबसे बुरा हाल स्कूली बच्चों और बुजुर्गों का है, जिन्हें इस मार्ग से गुजरते समय हर कदम पर दुर्घटना का डर सताता है।

स्थानीय ग्रामीणों के अनुसार, कई बार लोग साइकिल और बाइक से इन गड्ढों में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो चुके हैं, लेकिन जिम्मेदार विभाग मौन साधे बैठा है। ग्रामीण मनोज कुमार, मकसूद आलम, शिवकुमार, ईश्वर चंद्र यादव, अख्तर हुसैन और युसूफ ने अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि वर्षों से इस सड़क की सुध नहीं ली गई है। उखड़ी गिट्टियां अब बड़ी दुर्घटना को खुला निमंत्रण दे रहा है। बरसात के समय तो स्थिति और भी भयावह हो जाती है जब सड़क और गड्ढों का फर्क मिट जाता है। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस डेढ़ किलोमीटर के टुकड़े का जल्द से जल्द सुदृढ़ीकरण और मरम्मत कार्य कराया जाए, ताकि महुआडिह टोले के सैकड़ों लोगों को इस समस्या से स्थाई निजात मिल सके।

# पांच महीने से मानदेय भुगतान वेतन को तरस रहे स्वास्थ्य कर्मी




### ●परिवारों के सामने गहराया भुखमरी का संकट, खाली पेट ड्यूटी करने को मजबूर आउटसोर्सिंग कर्मचारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** नौतनवा ब्लॉक के प्राथमिक व सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों पर तैनात स्वास्थ्य कर्मियों के सामने जीवन-यापन का गंभीर संकट खड़ा हो गया है। रतनपुर सीएचसी व धौराहरा पीएचसी सहित क्षेत्र के अन्य केंद्रों पर आउटसोर्सिंग के माध्यम से तैनात वार्डब्वॉय, स्वीपर और चौकीदारों को पिछले पांच महीनों से मानदेय नहीं मिला है, जिसके कारण कर्मचारी अब भुखमरी की कगार पर पहुंच गए हैं। रतनपुर सीएचसी पर तैनात वार्डब्वॉय राकेश कुमार, रामजतन, स्वीपर शिवकुमार, नेबूलाल और पीएचसी धौरहरा के कर्मचारी धर्मचंद सहित अन्य लोगों ने बताया कि दिसंबर 2025 से ही उनका भुगतान बकाया चल रहा है। पांच महीने का लंबा समय बीत जाने के बाद भी मानदेय न आने से परिवार की बुनियादी जरूरतें पूरी करना भी दूभर हो गया है। घर का राशन, बच्चों की फीस और दवाओं के खर्च के लिए इन कर्मियों को अब कर्ज का सहारा लेना पड़ रहा है। अस्पतालों में दिन-रात सेवाएं देने वाले इन कर्मचारियों ने अपना दर्द साझा करते हुए कहा कि वे हर रोज इस उम्मीद में काम पर आते हैं कि जल्द ही उनकी मेहनत का फल मिलेगा, लेकिन जिम्मेदार विभाग मौन साधे बैठा है। आक्रोशित कर्मचारियों ने उत्तर प्रदेश सरकार और संबंधित उच्चाधिकारियों से गुहार लगाई है कि उनकी बदहाली को देखते हुए बकाया मानदेय का अविलंब भुगतान कराया जाए ताकि उनके परिवारों को इस आर्थिक तंगी से निजात मिल सके।

# संक्षिप्त खबरें

## हैदराबाद पुलिस टीम ने पॉस्को ऐक्ट णे वांक्षित को किया गिरफ्तार



**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** थानाध्यक्ष थाना हैदराबाद सुनील मलिक के नेतृत्व में थाना हैदराबाद पुलिस टीम द्वारा दिनांक 23.04.2026 को ग्राम अल्लीपुर में वादिनी कमला देवी पत्नी तेजराम नि0ग्रा0 अल्लीपुर थाना हैदराबाद खीरी की पुत्री के साथ छेड छाड करने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 116/2026 धारा 74/115(2)/333/352/351(3) बी0एन0एस0 व 7/8 पाक्सो एक्ट थाना हैदराबाद जनपद खीरी पंजीकृत कर अभियुक्त- अजय कुमार पुत्र जसवंत कुमार निवासी ग्राम अल्लीपुर थाना हैदराबाद खीरी उम्र करीब 25 वर्ष को गिरफ्तार कर यक्ष ऐप पर अभियुक्त का डाटा फीड करते हुए आईडी जनरेट कर अभियुक्त को मा0 न्यायालय खीरी के समक्ष भेजा गया, गिरफ्तार करने वाली टीम का मे उप निरीक्षक जयनरायण यादव, कांस्टेबल शिवेन्द्र कुमार, व महिला कांस्टेबल नीतू यादव थाना हैदराबाद खीरी मुख्य रूप से सामिल रही।

## बरेली में चौकीदार की गला दबाकर हत्या, मकान की तीसरी मंजिल से फेंका शव

**बरेली।** बहनोई के मकान पर चौकीदार कर रहे युवक की गला दबाकर हत्या कर दी गई। उसका शव तीन मंजिल से फेंका गया जिससे उसकी पसलियां टूटने के साथ ही किडनी, लिवर भी फट गए। पूरे शरीर पर मारपीट की 18 चोट के निशान मिले हैं। शुरूआत में पुलिस इसे छत से गिरने की वजह से मौत मान रही थी, लेकिन पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या की पुष्टि हुई। बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र में रामगंगा आवासीय योजना सेक्टर दो में लक्ष्मीकांत अपना मकान बनवा रहे हैं। मकान करीब तीन मंजिल तक बन चुका है अभी उसका काम जारी है। मकान की चौकीदारी के लिए उन्होंने शाहजहांपुर के जलालाबाद थाना क्षेत्र के बिरियतरा गांव निवासी अपने साले अनिल को जिम्मेदारी है। अनिल पिछले एक वर्ष से अपने बहनोई के निर्माणाधीन मकान पर रहकर चौकीदारी करते हैं। गुरुवार सुबह करीब 7:30 बजे बिथरी पुलिस को सूचना मिली कि, सड़क पर अनिल का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा तो अनिल के शरीर पर कोई खुली चोट नहीं थी। गर्मी होने की वजह से वह छत पर ही सोते थे। पुलिस को आशंका थी कि, छत से गिरने की वजह से अनिल की मौत हुई होगी। मगर जब पोस्टमार्टम कराया गया तो पूरी कहानी पलट गई। रिपोर्ट से पता चला कि, अनिल की मौत छत से गिरने की वजह से नहीं हुई बल्कि गला दबाकर की गई है। इसके अलावा पूरे शरीर पर कोई खुली चोट नहीं थी कुछ स्थानों पर खरोंच लगी थी। सभी चोट को मिलाकर करीब 18 स्थानों पर अनिल के चोट लगी थीं। इसके अलावा अनिल की पसलियां टूटी थीं, लिवर और किडनी फटे हुए थे। आंशका है कि हत्यारे ने पहले गला दबाकर उनकी हत्या की और इसके बाद छत से फेंक दिया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से यह स्पष्ट हो गया कि अनिल की गला दबाकर हत्या की गई है। मामले में अभी तक स्वजन की ओर से कोई शिकायती पत्र नहीं दिया गया है। यदि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद भी वह कोई शिकायती पत्र नहीं देते हैं तो पुलिस इस मामले में अपनी ओर से प्राथमिकी पंजीकृत कर आरोपितों की गिरफ्तारी करेगी। पुलिस अब इस जांच में जुट गई है कि बुधवार की रात अनिल के साथ में कौन-कौन लोग थी। उन सभी से पूछताछ की जाएगी।

## लू से बचाव के लिए श्रमिकों को सतर्क रहने की सलाह

**देवरिया।** भीषण गर्मी और लू के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए श्रम विभाग ने श्रमिकों को सतर्क रहने की सलाह दी है। सहायक श्रम आयुक्त स्कन्द कुमार ने कहा कि धूप में काम करने वाले मजदूर, डिलीवरी बॉय व अन्य श्रमिक विशेष सावधानी बरतें। उन्होंने श्रमिकों से अपील किया कि वे काम के दौरान सिर को ढककर रखें, हल्के कपड़े पहनें और नियमित रूप से पानी, नींबू पानी, शिकंजी व नारियल पानी का सेवन करें। दोपहर 12 से 4 बजे के बीच धूप में निकलने से बचने की सलाह दी गई है। बच्चों, बुजुर्गों और बीमार व्यक्तियों को भी अनावश्यक बाहर न निकलने की हिदायत दी गई है। साथ ही बासी भोजन और अधिक प्रोटीन युक्त आहार से परहेज करने को कहा गया है। सेवायोजकों को निर्देश दिया गया है कि वे कार्यस्थलों पर शीतल जल, ओआरएस और छाया की व्यवस्था करें तथा जरूरत के अनुसार कार्य समय में बदलाव करें। यदि किसी श्रमिक को चक्कर, उल्टी, तेज बुखार या बेहोशी के लक्षण दिखाई दें, तो तुरंत नजदीकी अस्पताल में उपचार कराएं।

# जनसेवा हॉस्पिटल में कथित लापरवाही से जच्चा-बच्चा की मृत्यु, जांच की मांग तेज

**● डॉक्टर अभिषेक साहू सहित अस्पताल संचालक पर मुकदमा दर्ज सूत्र**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** जनपद के थाना नीमगांव क्षेत्र में स्थित जनसेवा हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान कथित चिकित्सीय लापरवाही का गंभीर मामला सामने आया है, जिसमें जच्चा और नवजात दोनों की मृत्यु होने का आरोप लगाया गया है। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश है और स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, विपिन कुमार (पुत्र दिनेश कुमार), निवासी ग्राम मुकरेहटा, पोस्ट बेहजम, थाना नीमगांव, अपनी गर्भवती पत्नी प्रीति देवी को बीती रात लगभग 1:00 बजे जनसेवा हॉस्पिटल में भर्ती कराए थे। आरोप है कि ऑपरेशन के दौरान लापरवाही बरती गई, जिसके चलते सुबह लगभग 7:00 बजे नवजात की मृत्यु हो गई।परिजनों का कहना है कि इसके बाद महिला की स्थिति बिगड़ने लगी। आरोप है कि अस्पताल प्रबंधन ने उसे अन्य अस्पताल में भर्ती कराने के लिए वाहन से ले जाने का प्रयास किया, जहां भर्ती नहीं किया गया। इसके बाद पुनः उसी अस्पताल लाया गया, जहां कुछ समय बाद महिला की भी मृत्यु हो गई।मामले में यह भी आरोप लगाया गया है कि ऑपरेशन के नाम पर परिजनों से लगभग 1,45,000 की धनराशि वसूली गई। परिजनों ने अस्पताल संचालक राजेश कुमार शुक्ला एवं संबंधित चिकित्सकों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। साथ ही यह भी आरोप है कि सरकारी अस्पताल से जुड़े चिकित्सक द्वारा निजी अस्पताल में ऑपरेशन किया गया। सूत्रों के अनुसार, संबंधित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक द्वारा मामले में मुकदमा दर्ज कराया गया है, हालांकि अस्पताल पर अब तक कोई ठोस प्रशासनिक कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय लोगों में असंतोष है। इस घटना के बाद क्षेत्र में अवैध रूप से संचालित निजी अस्पतालों की कार्यप्रणाली और स्वास्थ्य विभाग की निगरानी व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। परिजनों एवं स्थानीय नागरिकों ने निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है।प्रशासन की ओर से आधिकारिक जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे प्रकरण की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## सीएम योगी ने सड़क हादसे का लिया संज्ञान, जताया शोक

**मृतकों के परिजनों को दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता की घोषणा**




मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद के तहसील निघासन क्षेत्र अंतर्गत थाना पढुआ क्षेत्र में मुंडन कार्यक्रम में जा रही ट्रैक्टर-ट्रॉली के दर्दनाक हादसे का संज्ञान लिया है। इस हादसे में हुई पांच लोगों की मृत्यु पर मुख्यमंत्री ने गहरा शोक व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट की है। डीएम अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि मा. मुख्यमंत्री जी ने मृतकों के परिजनों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से दो-दो लाख रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान किए जाने की घोषणा की है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि घायलों का समुचित एवं त्वरित उपचार सुनिश्चित किया जाए तथा प्रभावितों को हर संभव मदद उपलब्ध कराई जाए।

## वीरेंद्र सिंह कन्या इंटर कॉलेज जावेदा के प्रबंधक ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** विकासखंड भदपुरा की ग्राम पंचायत जवेदा मैं स्थित वीरेंद्र सिंह कन्या इंटर कॉलेज के प्रबंधक भाजपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख धर्मेंद्र सिंह गंगवार उर्फ पिंटू ने आज विद्यालय प्रांगण में एक समारोह आयोजित कर कक्षा 12 एवं 10 के छात्र-छात्राओं को अच्छे अंक प्राप्त होने पर प्रबंधक द्वारा एक समारोह आयोजित कर उन्हें फूल मलाई पहनकर मिष्ठान खिलाकर सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह गंगवार उर्फ पिंटू विद्यालय के प्रधानाचार्य योगेश्वर दयाल शिक्षक गण पुरुषोत्तम सिंह प्रेमपाल भानु प्रताप गुफरान अहमद सरताज अहमद आदि कार्यक्रम में उपस्थित थे इस कार्यक्रम में कक्षा 10 के छात्र आकाश ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किया कैकशा ने 81 प्रतिशत अंक प्राप्त किया इसी तरह कक्षा 12 की छात्रा भारती ने 84% मैज वी नेतरासी प्रतिशत अंक प्राप्त किया इस अवसर पर विद्यालय परिवार की तरफ से कक्षा 10 एवं 12 के उत्तर छात्राओं को एक समारोह में सम्मानित किया गया।

स्वतंत्र प्रभात से बात करते हुए विद्यालय के प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह गंगवार उर्फ पिंटू ने बताया इस विद्यालय में शिक्षा पर महत्व दिया जाता है लूट पर नहीं जैसा की अन्य विद्यालय में बच्चों को प्रत्येक वर्ष नया कोर्स खरीदना पड़ता है परंतु यहां पर ऐसा नहीं है कक्षा एक से लेकर कक्षा 12 तक के सभी छात्र-छात्राओं को पिछले का कोर्स दूसरे बच्चे को पढ़ने की पूर्ण स्वतंत्रता दी गई है ताकि अभिभावकों की जेब पर कैची न चलाई जा सके उन्होंने सभी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## अतुल सिंह अध्यक्ष ऋतुरेश सिंह बने मंत्री उन्हें बधाई दी गई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जनपद बरेली की जिला इकाई द्वारा जिला अध्यक्ष जितेंद्र गंगवार ने शैक्षिक उन्नयन संगोष्ठी का सफल आयोजन वृहस्पतिवार जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में फरीदपुर की ब्लॉक इकाई का गठन किया ।बैठक में जिले के समस्त पदाधिकारी एवं फरीदपुर ब्लॉक की प्रभारी,मांडलिक मंत्री रुचि सैनी ने बताया गया कि संगठन लगातार अधिक से अधिक महिलाओं को जोड़ने का कार्य कर रहा है। और फरीदपुर ब्लॉक में भी एक्टिव महिलाओं को जोड़ा जा रहा है।नवनियुक्त ब्लॉक इकाई में ब्लॉक अध्यक्ष अतुल सिंह ,ब्लॉक मंत्री ऋतुरेश सिंह , वरिष्ठ उपाध्यक्ष रामेंद्र सिंह राणा,कोषाध्यक्ष रामतीरथ सिंह,संयुक्त मंत्री किरन,महिला उपाध्यक्ष एंग्रेवर हेमाली , उपाध्यक्ष रजनी सागर एवं हरिओम जायसवाल,महिला संगठन मंत्री भारती, संगठन मंत्री सुनील कुमार, ब्लॉक मीडिया प्रभारी कुसुम जोशी रहे। जिला प्रवक्ता अरविंद कुमार ने बताया गया जल्द ही फतेहगंज पश्चिमी और भोजीपुरा में ब्लॉक इकाई का गठन होगा।


जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेंद्र गंगवार ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण कराई गई एवं संगठन की रीति- नीति के बारे में बताया गया। मीटिंग में जिला उपाध्यक्ष गौरव गुप्ता, महिला उपाध्यक्ष शुमायला खान,संगठन मंत्री अन्नपूर्णा कुशवाहा ,जिला महिला संगठन मंत्री मोनिका गुप्ता जिला प्रचार मंत्री धीरज पटेल,जिला प्रवक्ता अरविंद कुमार ब्लॉक अध्यक्ष अरविंद चौधरी ,ब्लॉक मंत्री अजय कुमार,शेरगढ़ के मंत्री नफीस मोहम्मद ,अंकित गुप्ता,अनुभव शर्मा,राहुल सिंह,अमित गंगवार , भीम सिंह, सुभाष बाबू ,प्रदीप पुष्कर आदि लोग रहे।

# रेप पीडिता ने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पीडिता ने मैलानी पुलिस सहित चौकी प्रभारी पर साक्ष्यों को मिटाने का प्रयास और नामजद आरोपी को बचाने की नियत से रेप की घटना को धारा 151 में दर्ज किए जाने के लगाये गंभीर आरोप नारी सुरक्षा की खुली पोल, बलात्कार के नामजद आरोपी सहित 3 अन्य को बचाने में लगी पुलिस, पीडिता पर बना रहीं सुलह का दबाव सुलह न करने और ऊपर शिकायत करने पर मोतीपुर की घटना में जैल भेजने की धमकी दिए जाने के आरोप, चौकी प्रभारी पर घर पर दबिश देने और मोबाइल उठा ले जाने के लगाये आरोप लखीमपुर खीरी जनपद खीरी में एक बार फिर ला एंड ऑर्डर का मजाक उड़ते हुए एक अनुसूचित जाति की महिला के साथ दरिंदगी का मामला प्रकाश में आया है। पीडिता ने पुलिस अधीक्षक से न्याय की गुहार लगायी है पीडिता के परिजनों ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि मैलानी पुलिस ने उसकी तहरीर पर विपक्षी गणों से साठगांठ करके दुष्कर्म की घटना को बदल दिया और नामजद आरोपी का 151 की धारा में चालान करके मामला रफा-दफा कर दिया। इतना ही नहीं पुलिस पर लगातार मामले में सुलह करने का दबाव बनाने और पीडिता के घर दबिश देकर डराने धमकाने सहित साक्ष्यों को मिटाने की नियत से घर से मोबाइल उठा ले जाने और वीडियो डिलीट किए वगैर मोबाइल वापस न करने के आरोप लगाये हैं।

**क्या है पूरा मामला-** पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में पीडिता ने बताया उसका पति हरियाणा में मजदूरी करने गया है और वह गांव में लोगों के खेतों में मजदूरी करके जीवन यापन करती हैं पीडिता ने बताया कि वह अनुसूचित जाति उप जाति चमार है घटना दिनांक 11.04.2026 समय करीब 1.00 बजे की है जब वह अपने भतीजे के साथ पास के गाव में अपनी मजदूरी का पैसा लेने गई थी और पैसा लेकर जैसे ही वह कुंवरपूर गाव की सड़क पर आयी ही थी तभी एक सफेद रंग की कार आकर रुकी और उसमे से चार लोग उतरे और उसको पकड़ लिया, मुह दबा कर गाड़ी में डालकर गोला की तरफ चल दिये उक्त घटना की जानकारी भतीजे ने भागकर घर वालों को दी।उक्त लोग उसको जंगल में ले जाकर खालिद पुत्र खलील ने तमंचा लगाकर उसके साथ दुष्कर्म किया और घर में बताने या शिकायत करने पर उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी।पीड़िता ने बताया उक्त लोगों ने उसे गोला में विकास चौराहे पर छोड़ दिया। परिवार वालों के पहुंचने पर वह अपने घर वालों के साथ घर आयी और आप बीती सुनाई। दिनांक 12.04 2026 को लिखित तहरीर दी लकिन मिलीभगत के चलते पुलिस ने नामजद आरोपी को 151 में चालान कर दिया।अब पुलिस सुलह का दबाव बना रही है और पीडिता के घर दबिश दे रहीं हैं।इतना ही नहीं पीडिता के पति और सास को चौकी उठा ले जाकर दिन भर चौकी बैठाये रखने और शाम को सादे काग़ज पर अंगूठा दस्तखत कराकर छोड़ दिए जाने के गंभीर आरोप पीडिता ने लगाये है पीडिता गांव से पलायन को मजबूर हैं पुलिस अधीक्षक ने




पीडिता को कार्रवाई का आश्वासन दिया है और सीधे सी. ओ.गोला से मिलने की बात कही है।और मामले से सी ओ गोला को निर्देशित किए जाने की बात पीडिता ने कही है। मामले की लिखित शिकायत अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग राज्य महिला आयोग सहित मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार,पुलिस महानिदेशक पुलिस मुख्यालय लखनऊ से कर न्याय की गुहार लगायी है।

**क्या कहते है चौकी प्रभारी बांकेगंज** - इस सम्बंध में चौकी प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का तीन चार साल पुराना है यह सब वर्चस्व बनाने के प्रार्थना पत्र दिया है। उक्त प्रकरण में 151 की कार्रवाई की गई है।

## नगर पंचायत खीरी: विकास के नाम पर भ्रष्टाचार और 'पारिवारिक' दबंगई का बोलबाला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**खीरी कस्बा-** नगर पंचायत खीरी इन दिनों विकास कार्यों के बजाय,भ्रष्टाचार के आरोपों और सत्ता के दुरुपयोग को लेकर चर्चा का केंद्र बनी हुई है। कस्बे में लोकतांत्रिक व्यवस्था को ताक पर रखकर 'अध्यक्ष' के बजाय पूरे परिवार का राज' चलने के गंभीर आरोप लग रहे हैं।

**भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने पर रंजिश**

नगर पंचायत में व्याप्त वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के विरुद्ध जब दो सभासदों ने शासन स्तर पर जांच की मांग की, तो पारदर्शिता की उम्मीद रखने वाले इन जनप्रतिनिधियों को न्याय के बजाय धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। भ्रष्टाचार दबाने के लिए सभासदों से जबरन या प्रलोभन के जरिए शपथ पत्र लेने के भी आरोप लगे हैं। वर्तमान में शासन स्तर पर जो कारवाई या जांच चल रही है, उससे बौखलाए अध्यक्ष प्रतिनिधि और उनके परिजन अब वार्डों में भी जाकर माहौल बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं। पद एक है और कई दावेदार' सत्ता की मलाई और पैसे की बंदरबांट जम कर की जा रही है नगर पंचायत की नियमावली स्पष्ट है कि निकाय का संचालन सिर्फ निर्वाचित अध्यक्ष और अधिशासी अधिकारी (EO) के ताल मेल से होगा। परंतु, खीरी नगर पंचायत में स्थिति इसके बिल्कुल अलग है। आरोप है कि अध्यक्ष नगर पंचायत खीरी उजमा बी के देवर सालों से अपनी दबंगई के बल पर नगर पंचायत के कार्यों में हस्तक्षेप कर रहा है और कर्मचारियों पर दबाव बनाना अपने मन माफिक काम करवाना उनकी आदत है सफाई कर्मियों और अन्य कर्मचारियों को सस्पेंड करने की धमकी देना और सभासदों के काम रोकने का आदेश देना अब आम बात हो गई है। कस्बे में चर्चा है कि अध्यक्ष के पति और देवर अलग-अलग अपनी सत्ता चला रहे हैं, जिससे ऐसा प्रतीत होता है मानो नगर पंचायत में 'अध्यक्षों की बाढ़' आ गई है।

**विकास के नाम पर विनाश**

कब्जे और भेदभाव की राजनीति में ये सब माहिर है उन गंभीर मुद्दों को भी उठाया गया है जिनसे कस्बे का भविष्य दांव पर है।अवैध कब्जे तो कहीं तालाबों को पाट कर उसपे प्लाटिंग की जा रही है, तो कहीं अंजुमन इस्लामिया की बेशकीमती जमीन पर पानी की टंकी के नाम पर कब्जे की कोशिशें हो रही हैं। तो वहीं दूसरी तरफ छोटी बिरादरियों के कब्रिस्तान जैसी संवेदनशील जगहों पर पार्क बनाने के नाम पर जनभावनाओं से खिलवाड़ किया जा रहा है। जिन वार्डों से समर्थन नहीं मिला,या नगर पंचायत अध्यक्ष को वोट नहीं मिला या कम वोट मिला वहां विकास कार्य ठप करने और केवल 'नाली-नाला' निर्माण तक सीमित रहने की बात सामने आ रही है। अब आइना दिखाने का समय है। भ्रष्टाचार के खिलाफ आवाज उठाने वाले सभासदों को फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दी जा रही है। अधिशासी अधिकारी भी इस मामले में केवल झूठे आश्वासन दे रहे है के बैठकर बात कर लेगे, जिससे उनकी कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठने लाज़मी है अब जबकि कार्यकाल के केवल दो वर्ष शेष बचे हैं, खीरी की जनता को विचार करना होगा। क्या हम विकास के नाम पर हो रहे इस 'मलाई और लुट तंत्र' को सहते रहेंगे? वक्त आ गया है कि कस्बे के सही विकास और अपनी जमीनों व हक की रक्षा के लिए ऐसे भ्रष्ट तत्वों को आइना दिखाया जाए।'नगर पंचायत किसी की जागीर नहीं, यह जनता की अमानत है। भ्रष्टाचार के खिलाफ यह लड़ाई अब रुकने वाली नहीं है। '

## विकास के नाम पर आखिर इंतजार कब तक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सम्पूर्णानगर खीरी-** विकास की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले जनप्रतिनिधि आखिर क्षेत्र की जमीनी हकीकत पर चर्चा करने से क्यों बच रहे हैं? जनता का सवाल है कि जब मूलभूत सुविधाएं ही नहीं मिल पा रही हैं, तो आखिर जनप्रतिनिधियों को चुना किस काम के लिए गया है? सम्पूर्णानगर क्षेत्र के वृंदावन समेत कई इलाकों में लोग वर्षों से शुद्ध पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा के लिए तरस रहे हैं। गर्मी बढ़ने के साथ लोगों की परेशानियां और भी बढ़ गई हैं, लेकिन जिम्मेदारों की ओर से कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही। वहीं शिक्षा के क्षेत्र में भी हालात बेहद चिंताजनक हैं। क्षेत्र में आज तक आईटीआई कॉलेज नहीं है, जिससे युवाओं को तकनीकी शिक्षा के लिए दूर-दराज क्षेत्रों का रुख करना पड़ता है। वहीं डिग्री कॉलेज के अभाव में गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के छात्र-छात्राओं की उच्च शिक्षा प्रभावित हो रही है।अगर हम बात करे स्वास्थ्य सेवाओं की को इसकी स्थिति भी बदहाल बताई जा रही है। क्षेत्रीय लोगों का आरोप है कि अस्पतालों में पर्याप्त सुविधाएं नहीं हैं और सबसे बड़ी समस्या महिला डॉक्टर की तैनाती न होना है, जिससे महिलाओं को इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। कई बार समय पर उपचार न मिलने से गंभीर समस्याएं खड़ी हो जाती हैं।स्थानीय लोगों का कहना है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े वादे किए जाते हैं, लेकिन चुनाव खत्म होते ही विकास के मुद्दे ठंडे बस्ते में डाल दिए जाते हैं। सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य और पेयजल जैसी मूलभूत समस्याएं आज भी जस की तस बनी हुई हैं।अब सवाल यह उठता है कि आखिर जनप्रतिनिधि विकास कार्यों पर खुलकर चर्चा क्यों नहीं करना चाहते?क्या जनता सिर्फ वोट देने तक ही सीमित है?क्या सम्पूर्णानगर की समस्याओं का समाधान कभी होगा। सम्पूर्णानगर क्षेत्र में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त, रात होते ही कई मोहल्ले अंधेरे में डूब रहे हैं।नालियों की सफाई न होने से जगह-जगह गंदगी का अंबार, बदबू और जलभराव से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश।क्षेत्र की जनता अब जवाब चाहती है और विकास के नाम पर सिर्फ आश्वासन नहीं, बल्कि धरातल पर काम देखना चाहती है।

## जिला में प्रथम स्थान पाने वाले उमा शंकर से मिलने राम नगर बगहा पहुचे डी. एम. खीरी



**लखीमपुर खीरी,** -यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट में 93.60% अंक के साथ जिला टॉप करने वाले उमाशंकर से मिलने डीएम Anjani Kumar Singh खुद 60 किमी दूर रामनगर बगहा गांव पहुंचे ।झोपड़ी के बाहर खटिया पर बैठकर डीएम ने उमाशंकर को माला पहनाई, मिठाई खिलाई और उसके संघर्ष व प्रतिभा की सराहना की।उमाशंकर ने अपनी कविताएं और गजलें दिखाई, जिस पर डीएम ने कहा कि पढ़ाई के साथ उसकी प्रतिभा को भी आगे बढ़ाया जाएगा।इंजीनियर बनने का सपना सुनकर डीएम ने भरोसा दिलाया कि प्रशासन उसकी पढ़ाई और प्रतियोगी परीक्षाओं में पूरा सहयोग करेगा ।डीएम के गांव पहुंचते ही जश्न जैसा माहौल बन गया और ग्रामीणों ने इसे मेहनत की सच्ची पहचान बताया।

## संघर्ष की मिसाल: दिन में स्कूल, शाम को पिता संग ठेला, फिर भी हाईस्कूल में झटके 86% अंक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरेली।** कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती... इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है जय नारायण इंटर कालेज के छात्र अरुण राठौर ने। आर्थिक तंगहाली और अभावों के बीच, अरुण ने हाईस्कूल की परीक्षा में 86 प्रतिशत अंक हासिल कर न केवल अपने परिवार, बल्कि विद्यालय का नाम भी रोशन किया है। बिथरी चैनपुर के सिमरा अजूबा बेगम गांव निवासी अरुण की दिनचर्या किसी कठिन तपस्या से कम नहीं रही। वे सुबह से दोपहर तक स्कूल में शिक्षा ग्रहण करते थे। मगर घर की आर्थिक स्थिति को देखते हुए, वे शाम पांच बजे से सेटेलाइट स्थित शापिंग माल के पास आइसक्रीम का ठेला लगाने निकल जाते थे। उनके पिता, पप्पू राठौर भी आइसक्रीम बेचते हैं, और अरुण पूरी निष्ठा के साथ अपने पिता का हाथ बंटाते थे।

**हौसले पस्त नहीं कर पाई काम की थकान**

काम की थकान के बावजूद अरुण के हौसले पस्त नहीं हुए। काम से लौटने के बाद, अरुण रात में तीन से चार घंटे नियमित पढ़ाई करते थे। उनकी इसी मेहनत का परिणाम है कि उन्होंने अंग्रेजी जैसे विषय में 97 अंक प्राप्त कर सबको चौंका दिया।

अरुण चार बहनों के बाद चौथे नंबर के भाई हैं और उनका पूरा परिवार शिक्षा को प्राथमिकता देता है। इस सफलता का श्रेय वे अपनी मां रामरती राठौर के अटूट सहयोग और पिता के संघर्ष को देते हैं। अरुण का कहना है, परिस्थिति कैसी भी हो, खुद पर भरोसा रखें और शिक्षा का साथ न छोड़ें।

## करुणा प्रेम और सह-अस्तित्व का सजीव उत्सव- मानव एकता दिवस के रूप में मनाया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** जब हृदय में करुणा, प्रेम और एकत्व की दिव्य चेतना जागृत होती है, तब मानव अपने सीमित स्वार्थों से ऊपर उठकर सम्पूर्ण सृष्टि के कल्याण का सशक्त माध्यम बन जाता है। परोपकार, करुणा और परमार्थ जैसे अलौकिक मूल्यों से प्रकाशमान यह पावन अवसर उस दिव्य अनुभूति का प्रतीक बना, जहाँ 'मानव को मानव हो प्यारा, एक-दूजे का बने सहारा' का संदेश केवल शब्दों तक सीमित न रहकर हृदयों में जीवंत हुआ।'मानव एकता दिवस' 24 अप्रैल को, बाबा गुरबचन सिंह जी की दिव्य स्मृति में, सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता जी के सान्निध्य में दिल्ली के ग्राउंड नं. 8 में आयोजित हुआ। इसके साथ ही समूचे देश की हजारों सत्संग केंद्रो पर श्रद्धा और समर्पण भाव से सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। यह केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि प्रेम, सद्भाव और निष्काम सेवा का जीवंत स्वरूप बनकर उभरा। संत निरंकारी मण्डल के सचिव आदरणीय श्री जोगिन्दर सुखीजा ने जानकारी देते हुए बताया कि समूचे भारतवर्ष के लगभग 200







स्थानों पर रक्तदान शिविरों का सफल आयोजन किया गया; जिससे लगभग 40,000 यूनिट रक्त संकलित किया गया, जो निष्काम सेवा, परोपकार और मानवता के प्रति समर्पण की जीवंत अभिव्यक्ति बनकर उभरा। युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी की स्मृति में यह दिवस वर्षभर चलने वाली सेवा-सरिता का शुभारंभ है, जिसके अंतर्गत देशभर में लगभग 705 स्थानों पर रक्तदान शिविर आयोजित किए जाएंगे; जो करुणा और एकत्व की भावना को निरंतर सुदृढ़ करेंगे। उल्लेखनीय है कि रक्तदान की यह पावन परंपरा पिछले चार दशकों से निरंतर जारी है। अब तक 9,174 रक्तदान शिविरों के माध्यम से लगभग 15,00,230 यूनिट रक्त संकलित किया जा चुका है, जो मानव सेवा के प्रति निरंकारी मिशन की अटूट प्रतिबद्धता का जीवंत प्रमाण है। मानव एकता दिवस के अवसर पर संत निरंकारी सत्संग भवन प्रभात नगर बरेली में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ जिसमे महाराणा प्रताप जिला चिकित्सालय बरेली के अनुभवी चिकित्सक एवं उनकी टीम ने रक्तदाताओं की समुचित स्वास्थ्य जांच के उपरांत सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं प्रभावी ढंग से रक्तदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराई; जिनसे 114 रक्त युनिट संकलित की गई एवं अनेक रक्तदाताओं के हीमोग्लोबिन कम या अन्य कारणों से रक्त देने में असमर्थ रहें। संपूर्ण आयोजन के दौरान स्वच्छता, सतर्कता एवं सेवा-भाव का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे यह पहल केवल जीवनदायिनी सेवा तक सीमित न रहकर मानवता, करुणा और उत्तरदायित्व के उच्चतम आदर्श का प्रतीक बनकर उभरी। युगप्रवर्तक बाबा गुरबचन सिंह जी ने सत्य, सरलता और सद्भावना का मार्ग दिखाते हुए युवाओं को नशामुक्त जीवन अपनाने और ऊर्जा को समाजसेवा में लगाने की प्रेरणा दी। बाबा हरदेव सिंह जी ने 'रक्त नाड़ियों में बहे, नालियों में नहीं' का संदेश देकर सेवा को जीवन का अनिवार्य अंग बनाया, जिसे सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज निरंतर आगे बढ़ा रही हैं।

बरेली जोन में बरेली के अलावा बदायूं, रामपुर, मुरादाबाद एवं बिजनौर में भी रक्तदान शिविर लगाए गए सभी रक्तदान शिविर श्री संजीव अग्रवाल जोनल इंचार्ज बरेली के संरक्षण में लगाएं गये। बरेली में रक्तदान शिविर का उद्घाटन माननीय कैंट विधायक संजीव अग्रवाल जी एवं जोनल इंचार्ज जी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सभी जगह स्थानीय साध संगत एवं सेवादल का भरपूर योगदान रहा। इस शिविर में श्री हेमराज शर्मा क्षेत्रीय संचालक, राष्ट्रीय युवा पुरस्कार प्राप्त मोहित शर्मा, मनोज कुमार शर्मा, डॉ अमित कुमार दिनकर, विभाती अग्रवाल, अंकित इत्यादि का विशेष योगदान रहा।

## संक्षिप्त खबरें

### ग्राम चौपाल में सुनी गई ग्रामीणों की समस्याएं



**हलिया, मीरजापुर।** स्थानीय विकास खंड के महोखर ग्राम पंचायत में शुक्रवार को ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान शिक्षा विभाग द्वारा नामित नोडल अधिकारी तीरथ राज, ग्राम सचिव विजय कुमार एवं ग्राम प्रधान, सुपरवाइजर अशोक कुमारी की उपस्थिति में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी गई।चौपाल में पहुंचे ग्रामीणों ने पेयजल, आवास, पेंशन, सड़क एवं विद्युत जैसी विभिन्न समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष रखा। नोडल अधिकारी ने संबंधित विभागों को समस्याओं के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए और आश्वासन दिया कि पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा।इस अवसर पर ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई तथा अधिकारियों ने समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव प्रयास का भरोसा दिलाया।

### नव निर्मित पंजीयन भवन का हुआ लोकार्पण



**चुनार, मीरजापुर।** तहसील परिसर मे बने पंजीयन विभाग के नव निर्मित भवन का लोकार्पण शुक्रवार को स्टाम्प एवं न्यायालय शुल्क व पंजीयन शुल्क मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल, जिलाधिकारी पवन कुमार गंगवार, पालिकाध्यक्ष मीरजापुर श्यामसुंदर केशरी ने विधि विधान से हवन पूजन के बाद फीता काट कर किया। उपस्थित लोगो को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि सरकार ने पारिवारिक विवादो को समाप्त करने के लिए पांच हजार रुपए के स्टाम्प शुल्क पर जमीन के दानपत्र की सुविधा उपलब्ध कराया गया है, जिससे प्रदेश मे तमाम परिवारो के लोग लाभान्वित हुए है, साथ ही महिलाओं के नाम पंजीयन कराने पर स्टाम्प शुल्क मे छूट दिए जाने का जिक्र किया। इस दौरान विधायक मडिहान रमाशंकर सिंह, चुनार विधायक प्रतिनिधि आलोक सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त अजय सिंह, तहसीलदार इवेन्द्र सिंह, भाजपा पूर्व मण्डल अध्यक्ष विजयबहादुर सिंह, महामंत्री अभिलाष राय, पूर्व सभासद ज्योतिप्रकाश सिंह एड0, जगदीश गुप्ता, सभासद विकास कश्यप, बार अध्यक्ष शिवशंकर सिंह एड, महामंत्री रामविलास सिंह एड, गुरुदास एड, विनोद यादव एड, शशिकांत मिश्रा एड सहित अन्य अधिवक्तागण व पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में प्रधानों को ही प्रशासक बनाये जाने की माँग



**महजूदा के पंचायत भवन में 50 से अधिक जनपदो के प्रधान बैठक में हुए शामिल**

**भदोही।** सुरियावां विकासखंड स्थित ग्राम पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक आयोजित हुई, जिसमें उत्तर प्रदेश के पचास से अधिक जनपदो के जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यकारिणी के सदस्य शामिल हुए। इस दौरान पंचायत चुनाव समय पर न होने की स्थिति में ग्राम पंचायतों के विकास कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक बनाए जाने की मांग को लेकर सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मनु यादव को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। सर्वसम्मति से अमरोहा जनपद की ग्राम प्रधान मनु यादव को संगठन का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। इसके अलावा महजूदा ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय को राष्ट्रीय महासचिव, जौनपुर की ग्राम प्रधान ज्योति यादव को भी राष्ट्रीय महासचिव की जिम्मेदारी सौंपी गई।बिजनौर जनपद के ग्राम प्रधान शौबीर सिंह को प्रदेश प्रभारी बनाया गया। कार्यक्रम में हाथरस, हापुड़, अमरोहा, ललितपुर, झांसी, मुरादाबाद, कानपुर, अयोध्या, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, बरेली, रायबरेली, बस्ती, वाराणसी सुल्तानपुर, उन्नाव सहित कई जनपदों के ग्राम प्रधान और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ड्रमंडगंज घाटी का बड़का मोड़ घुमान बना हादसे का सबब

● 12 लोगों की मौत से सुरक्षा को लेकर उठ रहे सवाल, नेशनल हाईवे की खामियों को दूर करने की मांग



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हलिया मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के मीरजापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी में बुधवार की रात हुए हादसे में 12 लोगों की मौत ने नेशनल हाइवे की खामियों पर तमाम सवाल खड़े कर दिए हैं। ड्रमंडगंज घाटी में अब तक दर्जनों लोगों की सड़क हादसे में मौत हो चुकी है। बुधवार की रात में ब्रेक फेल होने से चना लादकर मीरजापुर की ओर जा रहा अनियंत्रित ट्रक कंटेनर में धक्का मारते हुए आगे चल रही बोलेरो में टक्कर मार दी।


टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बोलेरो में आग लग गई। अनियंत्रित ट्रक आगे चल रही स्वीफ्ट डिजायर कार में टक्कर मारते हुए गिट्टी लदे ट्रेलर में पीछे से जा भिड़ा। कार ट्रक और ट्रेलर के बीच जाकर बुरी तरह से फंस गई। बोलेरो में लगी भीषण आग से आठ लोगों की ज़िंदा जलकर मौत हो गई वहीं बोलेरो चालक ने अस्पताल पहुंचने पर दम तोड़ दिया। बोलेरो में कुल नौ लोग सवार थे। घटना में कार चालक और ट्रक के खलासी की दबकर मौके पर ही मौत हो गई थी। वहीं गंभीर रूप से घायल ट्रक चालक ने अस्पताल में देर रात दम तोड़ दिया।दिल को दहला देने वाली इस घटना से क्षेत्रीय लोगों में शोक की लहर व्याप्त है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि ड्रमंडगंज घाटी की अब तक की यह सबसे बड़ी सड़क दुघर्टना है। हादसे का मंजर देखकर लोगों की रुह कांप गई।

ड्रमंडगंज घाटी में हो रही घटनाओं पर रोकथाम के लिए कदम उठाए जाने की मांग

स्थानीय लोगों ने ड्रमंडगंज घाटी में आए दिन हो रही घटनाओं को देखते हुए सड़क निर्माण कीत खामियों को दुरुस्त कराने की मांग की है। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि यदि सरकार ने इस पर ध्यान नही दिया तो मौतों का आंकड़ा इसी तरह से बढ़ता रहेगा। क्षेत्रीय लोगों ने बड़का मोड़ घुमान के पास तकनीकी खामियों को दूर करने की राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण? से मांग की है। लोगों का कहना है कि नेशनल हाईवे की खामियों को दूर कर घटनाओं को रोके जाने की आवश्यकता है।

## धान का पैसा न देकर पैसा मांगने पर पीड़ित को मारा पीटा गया

● एक तरफा कार्रवाई से नाराज पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को दिया पत्रक।




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हलिया मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के महुगढ़ी गांव निवासी इंद्रा लाल केसरी पुत्र बावनदास केसरी ने पुलिस अधीक्षक मिर्जापुर को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि गल्ला खरीद बेच का छोटा व्यापारी हु प्रार्थी दिनांक 15 -02 -2026 को कुछ अपना धान कुछ खरीद कर विपक्षी पिंटू केसरी व पवन केसरी को 38 कुंटल धान विक्रय किया था विपक्षी गण को हम प्रार्थी एक लाख दो हजार सात सौ रुपए हुआ था विपक्षीगढ़ धनराशि 75000 मात्र उस समय दे दिए थे और शेष पैसा 27700 के लिए विपक्षी गढ़ हम प्रार्थी से 10 दिन का समय देने के लिए कहे थे समय बीतने पर हम प्रार्थी बार-बार उक्त बकाया धनराशि का मांग लगातार विपक्षीगण से करते रहे परंतु वह लोग देने को आनाकानी करते रहे दिनांक 11-0 4-2026 समय 11:00 बजे दिन विपक्षीगढ़ हम प्रार्थी से ड्रमंडगंज मिले तो हम प्रार्थी अपने बकाया धनराशि 27700 की मांग किया तो विपक्षी पिंटू केसरी व विपक्षी पवन केसरी हम प्रार्थी को मां-बहन की भद्दी गाली गुप्ता देने लगे जब हमने गाली देने से मना किया तो विपक्षीगढ़ हम प्रार्थी को लात मुक्का और लोहे के राड से मारने लगे हम प्रार्थी का पुत्र विकास केसरी बचाने आया तो विपक्षीगण उसे भी लात मुक्का से मार विपक्षी पिंटू केसरी हम प्रार्थी के लड़के के जेब में 1800 सौ रुपए लूट लिए और कहे की शेष अब कभी 27700 की मांग करोगे तो तुम्हें व तुम्हारे परिवार को जान से मार कर फेंक दूंगा उक्त घटना को तमाम लोगों ने देखा व बिच बचाव किया प्रार्थी थाने पर गया तो थाना इलाका हम प्रार्थी व विपक्षी गढ़ का अपराध धारा 126,135 व 170 बी0 एन0 एस0 एस0 में चालान कर दिया। विपक्षी गढ़ हम प्रार्थी के खिलाफ एफ0 आई0 आर0 थाने में दर्ज कराया जब हम प्रार्थी अपना एफ0 आई0 आर0 दर्ज करने को कहा तो हम प्रार्थी के एफ0 आई0 आर0 पुलिस ने नहीं लिखा जिससे परेशान होकर पुलिस अधीक्षक का दरवाजा खटखटाना पड़ा।

## सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत ट्रकों के लिए दो होल्डिंग एरिया चिन्हित

**भदोही** जिलाधिकारी श्री शैलेष कुमार ने बताया कि जनहित एवं सड़क सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जनपद भदोही में ट्रक एवं भारी वाहनों के लिए 02 होल्डिंग एरिया चिन्हित किए गए हैं। यह निर्णय दिनांक 20.12.2025 को मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में आयोजित उत्तर प्रदेश राज्य सड़क सुरक्षा परिषद की बैठक तथा दिनांक 07.01.2026 को अपर मुख्य सचिव, परिवहन की समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के क्रम में लिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक, भदोही द्वारा दिनांक 30.01.2026 को प्रेषित प्रस्ताव के आधार पर निम्नलिखित स्थानों को होल्डिंग एरिया के रूप में निर्धारित किया गया है– नेशनल हाईवे ट्रक बाई लेन, बाबू सराय, नेशनल हाईवे ट्रक बाई लेन, ऊज जिलाधिकारी ने सभी वाहन चालकों एवं स्वामियों को निर्देशित किया है कि वे अपने ट्रक एवं भारी वाहनों को केवल उपरोक्त चिन्हित होल्डिंग एरिया में ही खड़ा करें। नेशनल हाईवे, स्टेट हाईवे अथवा अन्य प्रमुख मार्गो के किनारे वाहन खड़ा करना मोटर वाहन अधिनियम, 1998 के अंतर्गत दंडनीय अपराध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने पर मोटर वाहन अधिनियम की धारा 122, 177 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के अंतर्गत चालान एवं वाहन सीज करने की कार्रवाई की जाएगी, जिसकी पूर्ण जिम्मेदारी संबंधित वाहन चालक/स्वामी की होगी। यह आदेश जनहित में तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है।

# स्कूल चलो अभियान में दिखा उत्साहजनक परिणाम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** 2026-27 के नामांकन में औराई अव्वल, स्कूल चलो अभियान में दिखा उत्साहजनक परिणाम 5374 नामांकन के साथ औराई ने जनपद ही नहीं, प्रदेश स्तर पर भी बनाया रिकॉर्ड जनपद भदोही में संचालित स्कूल चलो अभियान के अंतर्गत शैक्षिक सत्र 2026-27 के नामांकन आंकड़ों की समीक्षा में अत्यंत उत्साहजनक परिणाम प्राप्त हुए हैं। उपलब्ध ब्लॉक/टाउन वाइज स्टूडेंट रजिस्ट्रेशन एनालिटिक्स के अनुसार विकासखंड औराई ने 5374 नामांकन के साथ न केवल जनपद में बल्कि प्रदेश स्तर पर भी सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया है। जिलाधिकारी श्री शैलेष कुमार के कुशल नेतृत्व एवं सतत अनुश्रवण के परिणामस्वरूप यह उल्लेखनीय उपलब्धि संभव हो सकी है। जिलाधिकारी ने इस सफलता पर सभी संबंधित अधिकारियों, शिक्षकों एवं सहयोगी विभागों को हार्दिक बधाई देते हुए निर्देशित किया कि 'एक भी बच्चा विद्यालय से वंचित न रहे' इस लक्ष्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। उन्होंने कहा कि समस्त शिक्षक, अभिभावक एवं समुदाय मिलकर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करें तथा ड्रॉपआउट एवं आउट-ऑफ-स्कूल बच्चों की पहचान कर उन्हें विद्यालय से जोड़ा जाए।

मुख्य विकास अधिकारी श्री बालगोविन्द शुक्ला ने विकासखंड औराई की टीम–खंड विकास अधिकारी, खंड शिक्षा अधिकारी एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र औराई के अधीक्षक–को उत्कृष्ट टीम वर्क के लिए विशेष रूप से बधाई दी। उन्होंने अपेक्षा व्यक्त की कि यह समन्वय आगे भी निरंतर




बना रहेगा तथा अन्य विकासखंड भी इससे प्रेरणा लेकर बेहतर प्रदर्शन करेंगे। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि नामांकन के साथ-साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति एवं विद्यालयों में बुनियादी सुविधाओं की उपलब्धता भी सुनिश्चित की जाए, जिससे स्कूल चलो अभियान का वास्तविक उद्देश्य पूर्ण हो सके।

## दीक्षांत परेड हेतु भव्य एवं अनुशासित अंतिम पूर्वाभ्यास सम्पन्न





**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**जनपद भदोही** में ज्ञानपुर स्थित पुलिस लाइन में रिक्रूट आरक्षियों के प्रशिक्षण पूर्ण होने पर आयोजित होने वाली दीक्षांत/पासिंग आउट परेड का किया गया भव्य रिहर्सलः- अभिनव त्यागी पुलिस अधीक्षक भदोही के नेतृत्व में आज दिनांक 24.04.2026 को रिजर्व पुलिस लाईन ज्ञानपुर के परेड ग्राउंड में आगामी दीक्षांत परेड समारोह (Passing Out Parade) के सफल आयोजन हेतु अंतिम भव्य पूर्वाभ्यास सम्पन्न कराया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रिक्रूट आरक्षियों द्वारा अद्वितीय अनुशासन और उत्साह का परिचय देते हुए मार्च पास्ट का प्रदर्शन किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड की सलामी ग्रहण की गई तथा रिक्रूट्स के टर्न आउट, ड्रिल और अनुशासन का सूक्ष्म निरीक्षण किया गया। बैंड की मधुर धुन पर कदम से कदम मिलाते इन जवानों का प्रदर्शन उनके कठिन प्रशिक्षण की सफलता का प्रतीक रहा तैयारियों की समीक्षा व अधिकारियों को कड़े दिशा-निर्देश निरीक्षण के पश्चात पुलिस अधीक्षक भदोही ने रिक्रूट आरक्षियों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें पूरी निष्ठा और ईमानदारी से जनसेवा करने की प्रेरणा दी। आगामी मुख्य समारोह को भव्य और त्रुटिरहित बनाने के लिए उन्होंने संबंधित अधिकारियों को परेड ग्राउंड की समुचित साज-सज्जा, आगंतुकों के बैठने की सुव्यवस्थित व्यवस्था, सुरक्षा प्रबंधन एवं यातायात नियंत्रण तथा साफ-सफाई के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक भदोही शुभम अग्रवाल, क्षेत्राधिकारी आरटीसी बलराम प्रतिसार निरीक्षक, आरटीसी प्रभारी एवं अन्य पुलिस अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मीरजापुर में अजब शादी की गजब कहानी, दूल्हा भागा तो दूसरा हुआ बीमार, तीसरा मुकरा तो चौथे से शादी के बाद विदायी पर संकट

**मीरजापुर।** जनपद से एक हैरान कर देने वाली अजब शादी की गजब कहानी सामने आई है, इस पूरे मामले में चिंताजनक मामला सामने आने के बाद दूल्हन की जहां शादी तो हुई, लेकिन विदाई आज भी 'प्रोसेस में' ही अटकी हुई है। यह घटनाक्रम इतना उलझा हुआ है कि किसी फिल्मी स्क्रिप्ट को भी मात दे दे। पीड़िता के परिजनों के अनुसार, करीब छह महीने पहले पूरे रीति-रिवाज से रिश्ता तय हुआ था और 20 अप्रैल को विवाह की तिथि निश्चित थी। तैयारियां पूरी थीं, मेहमान जुट चुके थे, लेकिन शादी से ठीक एक दिन पहले दूल्हा अचानक गायब हो गया। इसके बाद दूल्हे के पिता ने खुद सूचना दी कि उनका बेटा घर छोड़कर फरार हो गया है। अब यहां से कहानी में 'ट्विस्ट' शुरू होता है। दूल्हे के पिता ने तत्काल दूसरा विकल्प पेश किया- 'कोई बात नहीं, दूसरा लड़का है।' लेकिन शादी वाले दिन वह भी 'बीमार' हो गया। इसके बाद मानो रिश्तों का रियलिटी शो शुरू हो गया। तीसरे से कहने पर वह शादी के लिए मना कर दिया और आखिरकार चौथे लड़के के साथ बारात लेकर शादी तो करवा दी गई। पर असली क्लाइमेक्स तब आया जब शादी के बाद दुल्हन की विदाई ही नहीं हुई।

## गंगा सप्तमी पर मां गंगा का हुआ जलाभिषेक




**चुनार, मीरजापुर।** उत्तर वाहिनी गंगा समिति द्वारा गंगा सप्तमी के अवसर पर गुरुवार को बालू घाट पर मां गंगा की आरती व जलाभिषेक किया गया। समिति द्वारा प्रतिनवर्ष गंगा सप्तमी को गंगा उत्पत्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है जिसमें पतितपावनी माता गंगा का अभिषेक कर आरती आदि संपन्न किया गया। विद्वान पंडित शशिकांत मिश्रा, पंडित दीपक उपाध्याय, पंडित शिवकांत पाठक, पंडित सुशील त्रिपाठी, पंडित सौरभ पुजारी, पंडित वीरेंद्र पांडेय व पंडित ज्ञान प्रकाश मिश्रा द्वारा विधि विधान से जलाभिषेक कर मां गंगा की आरती की गई। तत्पश्चात श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरण किया गया।कार्यक्रम में बंगला देवरिया की ग्राम प्रधान पौधारी देवी का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर राम विलास साहनी, मदन गुप्ता, सहित बड़ी संख्या में महिला पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# आपसी विवाद में एक युवक की मौत परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**हलिया मीरजापुर।** लालगंज थाना क्षेत्र के जैकर कला गांव के पास आपसी विवाद में एक युवक की पिटाई कर उसे नहर में फेंकने के आरोप का मामला सामने आया है। गंभीर रूप से घायल युवक की उपचार के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) लालगंज में मौत हो गई।

दुबार कलां (बैसान) निवासी रोहित कुमार कोरी ने तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसका भाई दिलीप कुमार उर्फ दीपक कोरी (22) ऑर्केस्ट्रा में काम करता था। बुधवार रात करीब आठ बजे साथ काम करने वाले सुरेश मौर्या, अब्दुल मोहम्मद और ठाकुर हरिजन ने उसके साथ मारपीट की और मरा समझकर नहर में फेंककर फरार हो गए।सूचना पर पहुंचे परिजनों ने ग्रामीणों की मदद से युवक को नहर से बाहर निकाला और एंबुलेंस से सीएचसी लालगंज पहुंचाया।जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि हत्या की गई है।पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम कराया और मृतक के भाई की



तहरीर पर सुरेश मौर्या, अब्दुल मोहम्मद और ठाकुर हरिजन के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 105 व एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया।इसके बावजूद आरोपियों की गिरफ्तारी न होने से नाराज़ परिजनों और ग्रामीणों ने शुक्रवार सुबह दूबार-लालगंज मार्ग पर चौकी दुबार कला के सामने करीब तीन घंटे तक चक्का जाम कर दिया। सूचना पर पुलिस क्षेत्राधिकारी अमर बहादुर, नायब तहसीलदार प्रताप नारायण ओझा और थाना अध्यक्ष अभय कुमार सिंह मौके पर पहुंचे। अधिकारियों द्वारा शीघ्र गिरफ्तारी और कार्रवाई के आश्वासन के बाद जाम समाप्त हुआ।

## मां विंध्यवासिनी के परम भक्त निखिलेश मिश्र ने भक्तों की सेवा में किया अनुपम कार्य

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**विंध्याचल।** आदि शक्ति जगत जननी मां विंध्यवासिनी देवी जी के परम भक्त निखिलेश मिश्र जी, जो आए दिन भक्तों की निरंतर सेवा में लगे रहते हैं, ने एक बार फिर मां के भक्तों के लिए पुनीत कार्य किया है। मंदिर की ओर जाने वाले प्रमुख मार्गो– पुरानी वीआईपी मार्ग, नई वीआईपी मार्ग, सदर बाजार तथा पक्का घाट मार्ग पर तपती दोपहर की प्रचंड गर्मी में भक्तों के पैर जलने से बचाने हेतु उन्होंने 16 बंडल मैट बिछवाए।

इस कार्य की प्रेरणा उनके गुरु पंकज द्विवेदी जी, अध्यक्ष श्री विंध्य पंडा समाज से मिली। लॉकडाउन में अनाज वितरण, सर्दियों में कंबल व अलाव की व्यवस्था के बाद गर्मी में यह सेवा निखिलेश मिश्र जी की अटूट भक्ति का प्रतीक है। जब उनसे पूछा गया कि उन्हें प्रेरणा कहां से मिलती है, तो उन्होंने कहा, 'यह सब मां विंध्यवासिनी देवी जी की कृपा और गुरु पंकज द्विवेदी जी की प्रेरणा से संभव हो पाता है।'

निखिलेश मिश्र जी की यह सेवा न केवल भक्तों को तत्काल राहत प्रदान करती है,



बल्कि पूरे विंध्याचल धाम में भक्ति की मिसाल बन गई है। गर्मी के मौसम में जब श्रद्धालु मां के दर्शन के लिए लंबी दूरी तय करते हैं, तब इन मैटों से उनके पैरों को जलन से बचाव मिलता है। बच्चों, बुजुर्गों और युवाओं सभी को इस व्यवस्था से काफी सुविधा हुई है। पंकज द्विवेदी जी ने बताया कि ऐसे सामाजिक कार्यों से मां विंध्यवासिनी की भक्ति और भी मजबूत होती है। निखिलेश जी सदैव यजमानों को सेवा भाव से जोड़ते रहते हैं, जिससे धाम की गरिमा बढ़ती है। भक्तों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि निखिलेश मिश्र जी जैसे समर्पित भक्तों की वजह से विंध्याचल धाम और भी आकर्षक बन रहा है। यह कार्य न केवल तात्कालिक राहत देता है, बल्कि अन्य भक्तों को भी सेवा के प्रति प्रेरित करता है। मां की कृपा से ऐसे पुण्य कार्य निरंतर चलते रहें, यही कामना है सभी श्रद्धालुओं की।

## प्रधानों को ही प्रशासक बनाए जाने की मांग, प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक में प्रस्ताव पारित

● राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर जुटे 50 से अधिक जनपदों के प्रधान, नए पदाधिकारियों ने ली शपथ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**भदोही।** सुरियावां विकासखंड स्थित महजूदा ग्राम पंचायत सचिवालय में राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्रामीण सत्ता पंचायती राज संगठन की प्रदेश कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विवेक चन्द्र अवस्थी ने की। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश के 50 से अधिक जनपदों के जिलाध्यक्ष, ग्राम प्रधान एवं प्रदेश कार्यकारिणी के पदाधिकारी बड़ी संख्या में शामिल हुए। बैठक के दौरान पंचायत चुनाव समय पर न होने की संभावित स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि यदि चुनाव में विलंब होता है तो ग्राम पंचायतों के विकास कार्य बाधित हो सकते हैं। इस पर सभी पदाधिकारियों ने एकमत होकर ग्राम प्रधानों को ही प्रशासक बनाए जाने की मांग उठाई। इस संबंध में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया, जिसे शासन तक पहुंचाने का निर्णय लिया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। बैठक में सर्वसम्मति से अमरोहा जनपद की ग्राम प्रधान मनु यादव को संगठन का प्रदेश अध्यक्ष चुना गया। उनके चयन पर उपस्थित प्रधानों ने स्वागत करते हुए संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। इसके अलावा महजूदा ग्राम प्रधान राजमणि पांडेय तथा जौनपुर की ग्राम प्रधान ज्योति यादव को राष्ट्रीय महासचिव की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई। वहीं बिजनौर जनपद के ग्राम प्रधान शौबीर सिंह को प्रदेश प्रभारी नियुक्त किया गया।



बैठक में विभिन्न जनपदों से आए प्रतिनिधियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं और पंचायतों से जुड़े मुद्दों को भी उठाया। संगठन को और प्रभावी बनाने, पंचायतों के अधिकारों को मजबूत करने तथा ग्राम स्तर पर विकास कार्यों को गति देने पर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यक्रम में हाथरस, हापुड़, मुरादाबाद, आजमगढ़, बरेली, रायबरेली, बस्ती, वाराणसी, सुल्तानपुर, उन्नाव, कन्नौज, झांसी सहित कई जनपदों के ग्राम प्रधान और पदाधिकारी मौजूद रहे।

# ग्राम चौपाल में पहुंचे जिलाधिकारी, अधिकारियों को दिए निर्देश, विकास योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्तियों को मिले

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में विकास खण्ड इटवा के अन्तर्गत ग्राम पंचायत कठेला गर्वी में ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की मंशा है कि गांवों में चौपाल लगाकर उनकी समस्याओं को सुनकर गांव में ही उसका समाधान कराया जाये। केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी व लाभ दिलाया जाये। किसानों के गेंहू की खरीद सरकारी एमएसपी की दर पर हो। जिलाधिकारी ने लोगों से अपील किया कि फार्मर रजिस्ट्री अवश्य करा ले जिससे खाद, बीज व अन्य सुविधाओं का लाभ आसानी से प्राप्त हो सकेगा। और पात्र लोगों का आयुष्मान कार्ड बनवाये। आयुष्मान कार्ड से 05 लाख तक का निःशुल्क इलाज की सुविधा है। किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत फसलों के क्षति पूर्ति का भुगतान एवं किसान सम्मान निधि की समस्याओं का निराकरण कराये। इसी क्रम में पूरे जनपद में चौपालों के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ा जा रहा है।




शासन से निर्देश मिले हैं कि पहले से चल रही योजनाओं को और अधिक सुधार कर प्रभावी रूप से लागू किया जाए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाये। इसके किसी भी प्रकार की हीलाहवाली करने पर संबधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी।

जन्म प्रमाण-पत्र, आय, जाति, निवास प्रमाण-पत्र का आवेदन निर्धारित समय में निस्तारित कराये। आपदा राहत के अन्तर्गत लाभ दिलाये। कृषक दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिलाये। सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दिया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि जिन के घरों में शादी विवाह है वह लोग उपजिलाधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक से सम्पर्क कर ले। उनको आवश्यकतानुसार गैस सिलेन्डर उपलब्ध कराया जायेगा। ग्राम चौपाल में सम्बन्धित विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं के बारे जानकारी दिया गया। ग्राम चौपाल के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों को अन्नप्राशन कराया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रजत कुमार चौरसिया, उपजिलाधिकारी इटवा कुणाल, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, उपकृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला कृषि अधिकारी रविशंकर पाण्डेय, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी गणेश प्रसाद, जिला पंचायत राज अधिकारी वाचस्पति झा, जिला कार्यक्रम अधिकारी साहब यादव, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह, खण्ड विकास अधिकारी इटवा व अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारी एवं ग्रामीण आदि उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त खबरें

## रक्तदान मानवता के प्रति जिम्मेदारी का सशक्त प्रतीक है-प्रवीण पटेल

### निरकारी सत्संग भवन रक्तदान शिविर का आयोजन



**झूंसी, प्रयागराज।** अंदावा स्थित संत निरंकारी सत्संग भवन में शुक्रवार को एक भव्य रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं और समाजसेवियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि फूलपुर सांसद प्रवीण पटेल ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर अपने संबोधन में सांसद प्रवीण पटेल ने कहा कि रक्तदान महज एक सामाजिक कार्य नहीं, बल्कि मानवता के प्रति हमारी जिम्मेदारी का सशक्त प्रतीक है। उन्होंने कहा, 'एक यूनिट रक्त किसी जरूरतमंद के जीवन को बचा सकता है, इससे बड़ा कोई दान नहीं हो सकता। हमें नियमित रूप से रक्तदान कर समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करना चाहिए। 'शिविर में डॉक्टरों की टीम द्वारा रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद सुरक्षित रूप से रक्त संग्रह किया गया। आयोजन समिति के अनुसार, शिविर में बड़ी संख्या में युवाओं, महिलाओं एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक रक्तदान किया। कार्यक्रम के दौरान संत निरंकारी मिशन के पदाधिकारियों ने भी रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से अपील की कि वे इस पुनीत कार्य में आगे आएं और जरूरतमंदों की मदद करें। शिविर में सभी रक्तदाताओं को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## दो साल बाद : रश्मि सिंह बनीं हंडिया नगर पंचायत की नई अधिशासी अधिकारी

**हंडिया/प्रयागराज।** जनपद के हंडिया स्थित आदर्श नगर पंचायत हंडिया में करीब दो वर्षों से खाली चल रहे अधिशासी अधिकारी के पद पर आखिरकार स्थायी नियुक्ति हो गई है। शासन द्वारा रश्मि सिंह को कौशाम्बी जनपद से स्थानांतरित कर हंडिया नगर पंचायत की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नई अधिशासी अधिकारी रश्मि सिंह ने नगर पंचायत कार्यालय पहुंचकर विधिवत रूप से अपना कार्यभार ग्रहण किया। उनके आगमन से नगर पंचायत में लंबे समय से चली आ रही प्रशासनिक शिथिलता के खत्म होने की उम्मीद जताई जा रही है। गौरतलब है कि पिछले दो वर्षों से इस महत्वपूर्ण पद पर स्थायी अधिकारी की तैनाती न होने के कारण विकास कार्यों की रफ्तार प्रभावित हो रही थी। कई योजनाएं लंबित थीं और स्थानीय नागरिकों को समस्याओं के समाधान के लिए भटकना पड़ रहा था। ऐसे में नई नियुक्ति को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह और उम्मीद दोनों देखी जा रही है। कार्यभार ग्रहण करने के बाद रश्मि सिंह ने स्पष्ट शब्दों में अपनी प्राथमिकताएं बताते हुए कहा कि सरकार की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाना उनकी पहली जिम्मेदारी होगी। स्वच्छता व्यवस्था को लेकर उन्होंने विशेष अभियान चलाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पूरे नगर में सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ किया जाएगा और नियमित रूप से स्वच्छता अभियान चलाकर हंडिया को स्वच्छ एवं सुंदर बनाया जाएगा। इसके साथ ही उन्होंने नागरिकों से भी स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग की अपील की। रश्मि सिंह ने नगर पंचायत कर्मचारियों के साथ प्रारंभिक बैठक कर कार्यप्रणाली को पारदर्शी, जवाबदेह और प्रभावी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि कार्य में लापरवाही या उदासीनता किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी और सभी को टीम भावना के साथ काम करना होगा।

# बंगाल: सुरक्षा बलों की रिकॉर्डतोड़ तैनाती के बावजूद बीजेपी प्रत्याशी कई जगह पिटे

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** पश्चिम बंगाल में पहले चरण के मतदान के दौरान 23 अप्रैल 2026 को बीजेपी नेताओं को दौड़ाकर पीटने के वीडियो वायरल हुए। इनमें कुमारगंज (दक्षिण दिनाजपुर जिला) से बीजेपी उम्मीदवार सुवेंदु सरकार का वीडियो सोशल मीडिया पर काफी चर्चा में है। हालांकि सुवेंदु सरकार को पीट रहे लोगों को टीएमसी कार्यकर्ता बताया गया। लेकिन वीडियो गौर से देखने पर पता चलता है कि पीटने वाले लोग स्थानीय हैं। हालांकि पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वे गांव के लोग हैं। चुनाव आयोग ने इन गिरफ्तारियों की पुष्टि की है। लेकिन इतनी भारी सुरक्षा व्यवस्था के बावजूद इस तरह की घटनाएं हुईं। आसनसोल (साउथ) से बीजेपी प्रत्याशी अग्निमित्रा पॉल की गाड़ी पर पथराव हुआ। उनका कहना है कि ये घटना मुस्लिम बहुल इलाके में हुई। हुमायूं कबीर के साथ नौदा में मारपीट की गई। सुरक्षा बल ने मुश्किल से उन्हें भीड़ से निकाला। हुमायूं कबीर का खुद का आरोप है कि पीटने वाले उन्हें बीजेपी एजेंट कह रहे थे। सुवेंदु सरकार बीजेपी के उम्मीदवार हैं। वे कुमारगंज टीएमसी के वर्तमान विधायक तोराफ हुसैन मंडल के खिलाफ चुनाव लड़ रहे हैं। 2021



में तोराफ हुसैन ने बड़ी जीत दर्ज की थी। सुवेंदु सरकार को कुमारगंज के 8-10 बूथों पर मतदाताओं को रोकने की कथित शिकायत मिली। वे बीजेपी कार्यकर्ताओं के साथ बूथ पर पहुंचे। सीधे अंदर चले गए। ऐसा दो-तीन बूथों पर आसानी से हो गया लेकिन बूथ नंबर 24 (बन्यारी हाई स्कूल) पर स्थानीय लोगों ने उनके साथ बीजेपी कार्यकर्ताओं के जाने पर आपत्ति की। वहां उन पर हमला हो गया। सुवेंदु सरकार और बीजेपी के अनुसार, टीएमसी कार्यकर्ताओं की भीड़ ने उन्हें और उनके टीम (सुरक्षा गार्ड सहित) को घेर लिया, खेतों में दौड़ाया, पीटा और उनकी कार तोड़ दी। वीडियो में दिख रहा है कि सुवेंदु सरकार खेतों में भाग रहे हैं। पुलिस वाला साथ है। फिर भी भीड़ उन्हें पकड़कर मारपीट करती है। बाद में सुरक्षा बलों ने उन्हें सुरक्षित निकाला। हालांकि इससे पहले सुवेंदु सरकार का एक वीडियो और वायरल हुआ था जिसमें वे उन लोगों का पीछा कर रहे थे जिन पर उन्होंने बीजेपी समर्थकों को वोट डालने से रोकने का आरोप लगाया था। आसनसोल दक्षिण विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार अग्निमित्रा पॉल ने कहा, 'मेरी गाड़ी पर हमला किया गया और तोड़फोड़ की गई। उनका कहना है कि रहमत नगर अल्पसंख्यक क्षेत्र में गई थी, तभी मेरी गाड़ी पर एक बड़ा पत्थर फेंका गया। गाड़ी का पूरा पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और शीशे पूरी तरह चकनाचूर हो गए। भगवान की कृपा से न तो मेरे सुरक्षाकर्मियों को और न ही मुझे चोट आई। हालांकि, पीछे बैठी मेरी सचिव को मामूली चोट आई है। इसे बर्दाश्त नहीं किया जा सकता, क्योंकि इस तरह की घटनाएं होती रहती हैं। आप आसानी से समझ सकते हैं कि इसके पीछे कौन है और अल्पसंख्यकों के साथ किसके अच्छे संबंध हैं...।' टीएमसी का आरोप है कि अग्निमित्रा ने इस घटना को फर्जी ढंग से तैयार किया है। उनके पास कोई सबूत नहीं है। 2024 के लोकसभा चुनाव सात चरणों में हुए थे। देशव्यापी तैनाती के मुकाबले पश्चिम बंगाल को सबसे अधिक सुरक्षा बल मिले थे। लगभग 3.4 लाख CAPF जवानों में से करीब 920 CAPF कंपनियाँ (यानी लगभग 92,000 जवान) अकेले इसी राज्य में तैनात किए गए, जो पिछले चुनावों की तुलना में काफी अधिक थे। 2021 के बंगाल विधानसभा चुनाव आठ चरणों में हुए थे। करीब 725 CAPF कंपनियाँ तैनात की गई थीं। इस बार 2026 में हुई वृद्धि राज्य में चुनावी हिंसा के इतिहास को देखते हुए सबसे बड़ी तैनाती है। तैनाती का यह पैमाना अन्य संवेदनशील क्षेत्रों से भी तुलना करने लायक है। जम्मू-कश्मीर में दस वर्ष बाद कराए गए 2024 के विधानसभा चुनावों के दौरान लगभग 900 CAPF कंपनियाँ तैनात की गई थीं। 2024 के लोकसभा चुनावों में केंद्र शासित प्रदेश में करीब 635 CAPF कंपनियाँ तैनात की गई। लेकिन बंगाल ने इस बार रिकार्ड तोड़ दिया है।

# पत्रकारिता करने से शिक्षक की नौकरी पर रोक नही



### ● इलाहाबाद हाईकोर्ट का अहम फैसला

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने स्पष्ट किया कि उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा संस्थानों में शिक्षक नियुक्ति या सेवा के लिए पत्रकारिता में संलिप्त होना कोई बाधा नहीं है। अदालत ने कहा कि लागू नियमों में ऐसी कोई मनाही नहीं है। जस्टिस इरशाद अली ने अपने फैसले में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक आचरण नियमावली 1956 बेसिक शिक्षा के शिक्षकों पर लागू नहीं होती। उनके सेवा नियम उत्तर प्रदेश बेसिक शिक्षा (अध्यापक) सेवा नियम 1981 द्वारा संचालित होते हैं, जिनमें पत्रकारिता करने पर कोई प्रतिबंध नहीं है। मामला एक सहायक शिक्षक से जुड़ा था, जिन्हें यह आरोप लगने पर निलंबित किया गया कि वे एक समाचार पत्र में पत्रकारिता कर रहे हैं। बाद में उन्हें जूनियर बेसिक स्कूल से प्राथमिक विद्यालय में पदावनत कर दिया गया। हाईकोर्ट ने पाया कि कारण बताओ नोटिस के बाद शिक्षक को न तो सुनवाई का उचित अवसर दिया गया और न ही गवाहों से क्रॉस एग्जामिनेशन का मौका मिला जो प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन है। अदालत ने कहा कि केवल पत्रकारिता में संलिप्त होने के आधार पर ऐसी कार्रवाई उचित नहीं है, क्योंकि 1981 के नियमों में इस पर कोई रोक नहीं है। हालांकि, याचिकाकर्ता अब रिटायर हो चुके हैं। इसलिए हाईकोर्ट ने निर्देश दिया कि उन्हें सभी सेवा लाभ ऐसे दिए जाएं, मानो वे जूनियर बेसिक स्कूल में सहायक शिक्षक के पद पर ही कार्यरत रहे हों।

## ससुर से वसूली पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने लगाई रोक

### ● विधवा बहू के भरण-पोषण बकाया विवाद में अंतरिम राहत

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज-** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने महत्वपूर्ण मामले में ससुर के खिलाफ जारी वसूली वारंट पर रोक लगाई। यह मामला मृत पति के जीवनकाल के दौरान बकाया भरण-पोषण राशि को लेकर विधवा बहू द्वारा की गई वसूली से जुड़ा है। जस्टिस राम मनोहर नारायण मिश्रा की सिंगल बेंच ने यह अंतरिम आदेश पारित करते हुए ससुर को राहत दी। हालांकि अदालत ने शर्त रखी कि वह विवादित राशि का आधा हिस्सा निचली अदालत में जमा करेंगे, तभी यह रोक प्रभावी रहेगी। मामले के अनुसार, वर्ष 2016 में विधवा बहू ने अपने पति के जीवित रहते हुए दंड प्रक्रिया संहिता (CrPC) की धारा 125 के तहत भरण-पोषण की मांग की थी। इस पर उसे अंतरिम रूप से प्रति माह 3000 रुपये देने का आदेश दिया गया। हालांकि, नवंबर, 2023 में पति की मृत्यु हो गई। इसके बाद महिला ने ससुर से भरण-पोषण की मांग करते हुए नया मामला दायर किया, जिसे पारिवारिक अदालत ने अगस्त, 2024 में खारिज कर दिया। अदालत ने कहा कि वह ससुर से भरण-पोषण पाने की हकदार नहीं है। इसके बावजूद महिला ने पति के जीवित रहने के दौरान की बकाया राशि 1,16,000 रुपये की वसूली के लिए एक और याचिका दायर की।

इस पर मार्च 2025 में आदेश पारित हुआ और मार्च 2026 में ससुर के खिलाफ वसूली वारंट जारी कर दिया गया। ट्रायल कोर्ट ने यह कहते हुए आदेश दिया कि यदि पति जीवित होता तो पत्नी उसके चल-अचल संपत्ति की पूर्ण स्वामिनी होती इसलिए बकाया राशि की वसूली उचित है। इस आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। ससुर की ओर से दलील दी गई कि बहू बेरोजगार नहीं है, बल्कि वह कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में अनुबंध पर कार्यरत है। साथ ही यह भी कहा गया कि मृतक पति ने कोई संपत्ति नहीं छोड़ी है। इन दलीलों को ध्यान में रखते हुए हाईकोर्ट ने महिला को जवाब दाखिल करने का नोटिस जारी किया। साथ ही अदालत ने मामले की अगली सुनवाई 20 मई को निर्धारित करते हुए वसूली वारंट पर फिलहाल रोक लगाई, बशर्ते ससुर तीन सप्ताह के भीतर आधी राशि जमा कर दें।

## लखनऊ में सिपाही को मारा थप्पड़ और दी गालियां

**लखनऊ।** पिकेडली तिराहे पर अज्ञात कार सवार ने ड्यूटी में लगे यातायात सिपाही के हाथ में जोरदार थप्पड़ मारा। हमले से सिपाही का मोबाइल नीचे गिर गया। विरोध पर गाली गलौज की गई। इसके बाद कार सवार सड़क पर गाड़ी खड़ी कर खुद ही वीडियो बनाने लगे। फिर गाड़ी मोड़ कर उसके ऊपर चढ़ाने का प्रयास किया। पीड़ित ने सरकारी कार्य में बाधा, लापरवाही, सरकारी कर्मचारी को डराने-धमकाने की धारा में कृष्णा नगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। शिकायत में सिपाही हीरालाल ने बताया कि 22 अप्रैल को उनकी ड्यूटी पिकेडली तिराहे पर लगी थी। वह हाथ के संकेतों से ट्रैफिक चलवा रहे थे। बारा बिरवा चौराहे की तरफ से आने वाले यातायात को रोका गया। इसी बीच एक कार सावर नियम तोड़ते हुए आगे बढ़ गया। मना करने पर वह रुका नहीं और हाथ में जोरदार थप्पड़ मार दिया। हमले से सिपाही का मोबाइल नीचे गिर गया। कार सवार ने गाड़ी आगे बढ़ाकर खड़ी कर दी और वीडियो बनाने लगा। मना करने के बावजूद उसने बीच सड़क पर गाड़ी तिरछी कर के रोक दी जिससे यातायात बाधित हो गया। सिपाही ने गाड़ी हटाने को कहा तो उस पर कार चढ़ाने का प्रयास किया। मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। यह देख आरोपित मौके से फरार हो गया। पीड़ित ने कृष्णा नगर थाने में आरोपित के खिलाफ गाड़ी नंबर के आधार पर मुकदमा दर्ज कराया है।

## सुप्रीम कोर्ट ने सिर्फ़ 35 साल की देरी के आधार पर पुलिस अधिकारी के ख़िलाफ़ मुक़दमा रद्द करने का दिया प्रस्ताव

### ● कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को लगा झटका, गौहाटी हाईकोर्ट ने खारिज की अग्रिम जमानत याचिका

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** गौहाटी हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा द्वारा दायर अग्रिम जमानत याचिका को खारिज कर दिया है। यह याचिका असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमाद्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के संबंध में दाखिल की गई थी। पवन खेड़ा की ओर से एफआईआर में लगाए गए आरोपों के आधार पर गिरफ्तारी से बचाव के लिए अग्रिम जमानत की मांग की थी, जिसे अदालत ने स्वीकार नहीं किया। दरअसल, पवन खेड़ा ने आरोप लगाया था कि रिनिकी भुइयां सरमा के पास एक से ज्यादा पासपोर्ट हैं। इसी बयान के बाद उनके खिलाफ गुवाहाटी क्राइम ब्रांच थाने में एफआईआर दर्ज की गई। इस एफआईआर में भारतीय न्याय संहिता की कई धाराएं लगाई गई हैं, जिनमें चुनाव से जुड़े गलत बयान, धोखाधड़ी, जालसाजी, मानहानि और शांति भंग करने जैसे आरोप शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी साफ किया कि अगर पवन खेड़ा असम की अधिकार क्षेत्र वाली अदालत में अग्रिम जमानत के लिए आवेदन करते हैं, तो उनके मामले पर निष्पक्ष तरीके से विचार किया जाएगा और पहले के आदेश का उस पर कोई असर नहीं पड़ेगा। इसके बाद खेड़ा ने सुप्रीम कोर्ट से स्टे हटाने और ट्रांजिट बेल बढ़ाने की मांग भी की, लेकिन कोर्ट ने यह मांग ठुकरा दी। खेड़ा ने आरोप



लगाया था कि रिनिकी भुइयां शर्मा के पास कई पासपोर्ट/गोल्डन कार्ड और विदेश में संपत्ति है। खेड़ा को तेलंगाना हाईकोर्ट ने 10 अप्रैल को एक सप्ताह की ट्रांजिट अग्रिम जमानत दी थी। हालांकि, पिछले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट ने असम सरकार की याचिका पर गौर करते हुए इस मामले में हाईकोर्ट के आदेश पर रोक लगा दी थी। साथ ही, कांग्रेस नेता को इस मामले में अग्रिम जमानत के लिए असम की सक्षम अदालत में याचिका दायर करने को कहा था।

## डी.पी.एस.स्कूल का 20वां स्थापना दिवस धूमधाम से संपन्न

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज।** दिल्ली पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को अपना 20वां स्थापना दिवस एवं वार्षिक अलंकरण समारोह भव्य और अनुशासित वातावरण में मनाया। इस विशेष अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कर्नल महीम शर्मा, कमांडेंट ऑर्डनेंस डिपो प्रयागराज, उपस्थित रहे।उनकी गरिमामयी उपस्थिति ने समारोह को सैन्य अनुशासन और प्रेरणा से भर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय की अध्यक्षा सोनू सिंह और प्रधानाचार्या डॉ. सुजाता सिंह के स्वागत भाषण से हुई। उन्होंने पवित्र नगरी प्रयागराज में शिक्षा के क्षेत्र में विद्यालय की 20 वर्षों की उल्लेखनीय यात्रा पर प्रकाश डाला और उत्कृष्टता के प्रति संस्थान की प्रतिबद्धता दोहराई।समारोह का मुख्य आकर्षण नव-निर्वाचित छात्र परिषद का शपथ ग्रहण रहा। कक्षा 12 (वाणिज्य) के कृषांग शर्मा ने हेड



बॉय तथा कक्षा 12(विज्ञान) की बिनिश औन ने हेड गर्ल के रूप में पदभार संभाला। मुख्य अतिथि कर्नल शर्मा ने दोनों को सैश एवं बैज प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर अभिभावकों और शिक्षकों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। अपने संबोधन में कर्नल महीम शर्मा ने विद्यालय द्वारा छात्रों के सर्वांगीण विकास के प्रयासों की सराहना की और नव-निर्वाचित छात्र नेताओं से 'सेवा परमो धर्मः' के आदर्श को अपनाते हुए संवेदनशील और जिम्मेदार नेतृत्व करने का आह्वान किया।हेड बॉय कृषांग शर्मा और हेड गर्ल बिनिश औन ने भी अपने विचार व्यक्त किए।उनके प्रेरणादायक शब्दों में विद्यालय के प्रति कृतज्ञता और भविष्य के प्रति दृढ़ संकल्प झलकता रहा, जिसने उपस्थित सभी लोगों को प्रभावित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्या डॉ. सुजाता सिंह ने छात्रों की उपलब्धियों पर गर्व व्यक्त किया।

## मेवालाल चौराहे पर अव्यवस्थित बस संचालन से हादसे का खतरा

### ● व्यापार मंडल ने उठाई व्यवस्था सुधार की मांग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी,प्रयागराज-** नैनी क्षेत्र के मेवालाल चौराहे पर बसों के अनियमित संचालन के कारण यात्रियों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। नैनी व्यापार मंडल के महामंत्री घनश्याम जायसवाल ने सड़क परिवहन मंत्री, जिला अधिकारी प्रयागराज एवं यातायात विभाग से इस समस्या के समाधान की मांग की है।उन्होंने बताया कि मेवालाल चौराहे पर रोजाना बड़ी संख्या में यात्री महिलाएं, पुरुष, बच्चे और बुजुर्ग सरकारी बसों का इंतजार करते हुए बीच सड़क पर खड़े या बैठे नजर आते हैं। कई बार यात्री बस रोकने के लिए सड़क के बीच तक चले जाते हैं, इसके बावजूद भी बस चालक वहां बस नहीं रोकते।चौंकाने वाली बात यह है कि चौराहे से कुछ ही दूरी पर विधिवत बस स्टैंड बना हुआ है, लेकिन अधिकांश सरकारी और प्राइवेट बसें वहां नहीं रुकतीं। इस वजह से यात्री इधर-उधर भागते हैं, कुछ लोग अपने सामान पर बैठकर इंतजार करते हैं, तो कई बार थकान के चलते वहीं सो भी



जाते हैं।घनश्याम जायसवाल ने चेतावनी दी कि यह स्थिति किसी भी दिन बड़े सड़क हादसे का कारण बन सकती है। तेज रफ्तार वाहनों के बीच इस तरह की अव्यवस्था यात्रियों के लिए बेहद खतरनाक साबित हो रही है।सभी सरकारी एवं प्राइवेट बसों का ठहराव केवल निर्धारित बस स्टैंड पर सुनिश्चित किया जाए।मेवालाल चौराहे पर बसों के रुकने पर प्रतिबंध लगाया जाए।

क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर सख्ती से नियंत्रण किया जाए।यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए नियमित निगरानी की जाए।व्यापार मंडल ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की अपील करते हुए कहा है कि यदि समय रहते इस समस्या का समाधान नहीं किया गया, तो यह आम नागरिकों और यात्रियों की जान के लिए गंभीर खतरा बन सकता है।

## जनगणना- 2027 प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद के तत्वावधान में शुक्रवार को जनगणना- 2027 के अंतर्गत प्रगणक एवं पर्यवेक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम पी.एन. स्कूल कोतवाली के सामने आयोजित किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विशेषज्ञ प्रशिक्षकों द्वारा जनगणना कार्य की प्रक्रिया, डेटा संकलन की विधि, घर-घर सर्वेक्षण की तकनीक तथा आवश्यक सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही, सभी प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों को निर्देशित किया गया कि वह जनगणना कार्य को निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूर्ण करें। अधिकारियों ने कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके आधार पर विभिन्न योजनाएं बनाई जाती हैं। इसलिए सभी कार्मिक पूरी जिम्मेदारी और ईमानदारी के साथ कार्य करें, ताकि सटीक आंकड़े प्राप्त हो सकें और योजनाओं का लाभ आमजन तक प्रभावी रूप से पहुंच सके। कार्यक्रम में चार्ज अधिकारी/अधिशासी अधिकारी दिनेश कुमार विश्वकर्मा, डिप्टी डायरेक्टर जनगणना झांसी मंडल मनोज मौर्य, जिला जनगणना प्रभारी प्रत्युष, जनगणना प्रभारी/कर निर्धारण अधिकारी राजेंद्र प्रसाद सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 25 हजार का इनामी राशिद दुर्रानी गिरफ्तार

### ● इरफान गद्दी हत्याकांड का मुख्य आरोपी लंबे समय से था फरार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज-** करेली क्षेत्र में चर्चित इरफान गद्दी हत्याकांड के मुख्य आरोपी और 25 हजार रुपये के इनामी राशिद दुर्रानी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और पुलिस के लिए चुनौती बना हुआ था। बताया जा रहा है कि हत्या की घटना के बाद से ही राशिद दुर्रानी अंडरग्राउंड हो गया था। गिरफ्तारी से बचने के लिए उसने बेहद शातिर तरीका अपनाया था—न तो वह मोबाइल फोन का इस्तेमाल करता था और न ही किसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सक्रिय था। इसी कारण उसकी लोकेशन ट्रेस करना पुलिस के लिए कठिन हो गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस कमिश्नर जोगेंद्र कुमार ने डीसीपी सिटी मनीष कुमार शांडिल्य को आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए थे। इसके बाद करेली थाना प्रभारी आशीष सिंह के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया, जिसने लगातार दबिश देकर आरोपी की तलाश जारी रखी। लगातार प्रयासों के बाद पुलिस को देर रात एक सटीक सूचना मिली। सूचना के आधार पर करेली पुलिस ने सैदपुर इलाके के पास घेराबंदी कर राशिद दुर्रानी को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के दौरान आरोपी कोई विरोध नहीं कर सका और पुलिस टीम ने उसे हिरासत में ले लिया। पुलिस पूछताछ में राशिद दुर्रानी ने अपने भाई आशिफ से जुड़े कई अहम खुलासे किए हैं। इन जानकारियों के आधार पर पुलिस अब अन्य आरोपियों की तलाश में जुट गई है और मामले की गहराई से जांच की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस गिरफ्तारी से इरफान गद्दी हत्याकांड के खुलासे में बड़ी मदद मिलेगी और जल्द ही पूरे मामले का पर्दाफाश किया जाएगा।


## प्रचंड गर्मी की चपेट में संगम नगरी, लगातार तीन दिन लू से राहत मिलने की संभावना नहीं

**प्रयागराज।** गर्मी ने इस समय संगम नगरी में अपना चरम तेवर दिखा रही है। 23 अप्रैल को जहां अधिकतम तापमान 44.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था, वहीं आज 24 अप्रैल की सुबह से ही गर्म हवाओं ने तापमान में और वृद्धि का रास्ता खोल दिया है। मौसम विभाग के अनुसार आज से अगले तीन दिनों तक हालात और गंभीर बने रहेंगे।

### दिन के साथ रात में भी परेशान करेगी गर्मी

मौसम विभाग ने 24, 25 और 26 अप्रैल को हीट वेव (लू) चलने की चेतावनी जारी की गई है। 25 और 26 अप्रैल को अधिकतम तापमान 45 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है, जबकि न्यूनतम तापमान भी 26-27 डिग्री के आसपास बना रहेगा। यह स्थिति दिन और रात दोनों समय गर्मी से राहत नहीं मिलने का संकेत दे रही है।

## मोदी जी का 'SIR' दांव पश्चिम बंगाल में हुआ फेल? रिकॉर्ड वोटिंग पर केजरीवाल ने कसा तीखा तंज



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को दावा किया कि पश्चिम बंगाल में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के खिलाफ राजनीतिक प्रतिक्रिया पनप रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में रिकॉर्ड मतदान के बाद मोदी जी की एसआईआर उन्हीं के खिलाफ जा रही है। केजरीवाल ने ङ्क पर लिखा कि पश्चिम बंगाल में यह बात सामने आ रही है कि लोग स्ढ्ढक्रके खिलाफ मजबूती से वोट डाल रहे हैं। मोदी जी का SIR उन्हीं के खिलाफ हो रहा है।

## कोरांव में भीषण अग्निकांड: 50 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख

### ● किसानों को लाखों का नुकसान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता


**कोरांव/प्रयागराज।** जिले के कोरांव तहसील क्षेत्र में एक बड़ा अग्निकांड सामने आया है, जहां खेतों में लगी भीषण आग ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। बैदवार कलां गांव में लगभग 50 बीघा में खड़ी गेहूं की फसल देखते ही देखते आग की भेंट चढ़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, आग लगने का कारण बिजली के तारों में अचानक हुए शॉर्ट सर्किट को माना जा रहा है। बताया जा रहा है कि तारों से निकली चिंगारी सूखी फसल पर गिरते ही आग ने विकराल रूप ले लिया। तेज हवा के कारण आग तेजी से फैलती चली गई, जिससे आसपास के खेत भी इसकी चपेट



में आ गए। घटना के समय गेहूं की फसल पूरी तरह पककर कटाई के लिए तैयार थी। ऐसे में इस नुकसान ने किसानों को गहरे आर्थिक संकट में डाल दिया है। स्थानीय किसानों का कहना है कि इस आगजनी में लाखों रुपये की फसल जलकर नष्ट हो गई, जिससे उनके सामने आजीविका का बड़ा संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने आग बुझाने का भरसक प्रयास किया, लेकिन आग इतनी तेज थी कि उस पर काबू पाना मुश्किल हो गया। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया, लेकिन तब तक अधिकांश फसल जल चुकी थी। किसानों ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है, ताकि उन्हें इस भारी नुकसान से कुछ राहत मिल सके। वहीं, प्रशासन द्वारा मामले की जांच कर क्षति का आकलन किए जाने की बात कही जा रही है।

# संक्षिप्त खबरें

## गंगा बैराज क्षेत्र में अवैध मछली शिकार से नाराज़गी




**कानपुर।** गंगा बैराज क्षेत्र में अवैध मछली शिकार को लेकर गंभीर आरोप सामने आए हैं। थाना कोहना अंतर्गत दो चौकियों की मौजूदगी के बावजूद यहां खुलेआम मछलियों का शिकार किए जाने की बात कही जा रही है, जिससे स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ रही है। जानकारी के अनुसार, हर वर्ष की तरह इस बार भी कुछ संगठित गिरोह गंगा बैराज के आसपास सक्रिय हो गए हैं और नैनी, कतला जैसी महत्वपूर्ण मछलियों का बड़े पैमाने पर शिकार किया जा रहा है। ये मछलियां गंगा की प्राकृतिक सफाई में अहम भूमिका निभाती हैं। मत्स्य विभाग द्वारा भी समय-समय पर इन प्रजातियों को नदी में छोड़ा जाता है, ताकि जल गुणवत्ता बनी रहे। स्थानीय लोगों का आरोप है कि संबंधित विभागों–जैसे पुलिस, मत्स्य विभाग और जल पुलिस–की ओर से इस अवैध गतिविधि पर प्रभावी रोक नहीं लगाई जा रही है। इससे यह सवाल उठ रहा है कि आखिर जिम्मेदारी किसकी है और कार्रवाई क्यों नहीं हो रही। लोगों का कहना है कि थोड़े से आर्थिक लाभ के लिए गंगा के पारिस्थितिक संतुलन के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। यदि समय रहते इस पर सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो इसका असर गंगा की स्वच्छता और जैव विविधता पर पड़ सकता है। फिलहाल इस मामले में संबंधित अधिकारियों की ओर से कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं पर रोक लगाई जा सके।

## घाटमपुर के पतारा में कुएं में गिरा गोवंश

**घाटमपुर।** कानपुर के घाटमपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार रात एक गोवंश पतारा में खुले पड़े कुएं में गिर गया,,पानी होने से झपाक जैसी तेज आवाज आई,, ग्रामीणों ने पास जाकर देखा तो पुलिस और फायर ब्रिगेड को सूचना दी, मौके पर पहुंची पतारा चौकी पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम द्वारा लगभग तीन घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया, जिसके बाद गोवंश को सकुशल बाहर निकाला जा सका, कुएं से बाहर आते ही गोवंश ने पानी पिया,,यह देख पुलिस और फायर ब्रिगेड टीम की आंखें भर आईं,, घाटमपुर थाना क्षेत्र के पतारा कस्बे के तिलसडा रोड पर स्थित आशा देवी मंदिर के पास स्थित खुलें पड़े कुएं के अंदर गुरूवार की रात एक गोवंश गिर गया था, कुएं में पानी होने के चलते झपाक जैसी तेज आवाज आई, यह सुनकर ग्रामीणों ने कुएं में झांक कर देखा, तो कुएं के अंदर गोवंश पड़ा देखा, तत्काल ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस फायर ब्रिगेड टीम ने करीब तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद गोवंश को सकुशल बाहर निकाला गया,बाहर निकलते ही गोवंश ने लंबी सांस लेने लगा,यह देखकर फायर ब्रिगेड टीम के जवान राज सिह, अभिषेक, रामप्रकाश, होमगार्ड नीलू, सुनील ने उसे बाल्टी में पानी भर कर रखा, पानी पीने के बाद गोवंश अपने रास्ते चला गया।

## झारखंड में भीषण गर्मी के बीच राहत भरी खबर, चमक-गरज के साथ बारिश से बदलेगा मौसम का मिजाज

धनबाद कोयलांचल सहित आसपास के जिलों बोकारो, गिरिडीह, जामताड़ा और देवघर में बीते लगभग एक पखवाड़े से उमस भरी गर्मी ने लोगों का जीना मुश्किल कर दिया है। Dhanbad में दिन के साथ-साथ रात में भी राहत नहीं मिल रही है, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। गर्म हवाओं और बढ़ी हुई नमी के कारण लोगों को चिपचिपी गर्मी का सामना करना पड़ रहा है। बाजारों में भीड़ कम हो गई है, जबकि दोपहर के समय सड़कें अपेक्षाकृत सूनी नजर आ रही हैं।

**41-42 डिग्री के बीच बना हुआ है तापमान-** पिछले चार-पांच दिनों से क्षेत्र का अधिकतम तापमान लगातार 41 से 42 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। गुरुवार को धनबाद का अधिकतम तापमान 41 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अगले 24 घंटे में तापमान में एक डिग्री तक की और बढ़ोतरी संभव है। तेज धूप और लू जैसे हालात ने लोगों की परेशानी और बढ़ा दी है, खासकर बच्चों और बुजुर्गों को अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी जा रही है।

**25 अप्रैल को येलो अलर्ट, आंधी-बारिश के आसार-** हालांकि राहत की खबर यह है कि वीकेंड पर मौसम का मिजाज बदल सकता है। मौसम विभाग ने 25 अप्रैल के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान गर्जन और वज्रपात के साथ 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी चलने की संभावना जताई गई है। हल्की से मध्यम बारिश भी हो सकती है, जिससे तापमान में गिरावट आने के संकेत हैं।

# गोरखपुर में ए.पी. गुप्ता इंटर कॉलेज का शानदार प्रदर्शन, हाईस्कूल व इंटर में छात्रों ने लहराया परचम

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**गोरखपुर।** कस्बा संग्रामपुर, उनवल स्थित ए.पी. गुप्ता इंटर कॉलेज ने वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में एक बार फिर अपनी शैक्षणिक गुणवत्ता का लोहा मनवाया है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों परीक्षाओं में छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है।

**हाईस्कूल में चमके ये सितारे**

हाईस्कूल परीक्षा में अमित राज ने 538/600 अंक (89.70%) प्राप्त कर विद्यालय में शीर्ष स्थान हासिल किया। उनके बाद रितिका (530/600, 88.33%), जया भारती (529/600, 88.10%), आदित्य मौर्य (528/600), आकाश राजभर (528/600) ने शानदार प्रदर्शन किया। इसके अलावा अदिति यादव (505), सुहानी (499), अंश गुप्ता (497), अमन कुमार (495), निशा मौर्या (494), अंकिता (488) और आयशा सिद्धिकी (487) ने भी बेहतरीन अंक अर्जित कर विद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ाई।

**इंटरमीडिएट में भी रहा दबदबा**

इंटरमीडिएट परीक्षा में भी विद्यालय के छात्रों ने शानदार सफलता हासिल की। निधि रावत ने 407/500 (81.40%) अंक प्राप्त कर टॉप किया। अंशिका यादव (402/500, 80.40%), अमृता शर्मा (394/500, 78.80%), मो. कैश (393/500, 78.60%), श्रेया गौड़ (389/500, 77.80%) और मो. आदिल (389/500) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अलावा अंश त्रिपाठी (385), अन्नपूर्णा यादव (384), प्रियांशु वर्मा (379), निशा गुप्ता (377), श्रेया गौड़ (376) और सोनम साहनी (374) ने भी उल्लेखनीय अंक प्राप्त किए।

**विद्यालय परिवार में खुशी की लहर**

छात्र-छात्राओं की इस अभूतपूर्व सफलता से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रबंधक, प्रधानाचार्य एवं समस्त शिक्षकगण ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि यह परिणाम छात्रों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। इस शानदार प्रदर्शन के साथ ए.पी. गुप्ता इंटर कॉलेज ने एक बार फिर क्षेत्र के प्रमुख शिक्षण संस्थानों में अपनी मजबूत पहचान कायम कर ली है।

## Delhi से बंगाल चलाने की भूल न करें...ममता बनर्जी की BJP को सीधी चेतावनी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को विधानसभा चुनावों के दूसरे चरण में 'हर माँ-माटी-मानुष उम्मीदवार' के लिए जनता से समर्थन माँगा, और BJP पर 'बंगाल की संस्कृति को बिगाड़ने' का आरोप लगाया। एक्स पर एक पोस्ट में सीएम बनर्जी ने बीजेपी पर परोक्ष हमला किया और कहा कि राज्य को दिल्ली से चलाया या नियंत्रित नहीं किया जाएगा। अपनी मातृभूमि के महत्व पर ज़ोर देते हुए, उन्होंने बंगाल की मज़बूती से रक्षा करने की बात कही। चौरांगी, भवानीपुर, जादवपुर और टॉलीगंज में, मैंने लोगों को स्पष्ट इरादे के साथ, दृढ़, एकजुट और बंगाल, उसकी पहचान और उसके भविष्य की रक्षा के लिए तैयार देखा। जो लोग यह मानते हैं कि वे बंगाल को दिल्ली से चला सकते हैं, उसकी राजनीति को नियंत्रित कर सकते हैं, उसके लोगों को बाँट सकते हैं, और उसकी संस्कृति को बिगाड़ सकते हैं, वे पूरी तरह से गलत हैं। इस धरती की याददाश्त बहुत लंबी है और इसकी रीढ़ बहुत मज़बूत है।

## चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने महापौर से की शिष्टाचार भेंट

**● सौंपा आठ सूत्री मांग पत्र**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हजारीबाग, झारखंडः-** फेडरेशन ऑफ हजारीबाग चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पदाधिकारियों एवं कार्यकारी सदस्यों ने नगर निगम के नवनिर्वाचित महापौर अरविंद कुमार राणा से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने महापौर को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन करते हुए नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। मुलाकात के क्रम में चैंबर प्रतिनिधिमंडल ने महापौर को आठ सूत्री मांग पत्र सौंपा, जिसमें व्यापारियों की समस्याओं, उत्पीड़न तथा नगर क्षेत्र की विभिन्न जनहित से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया गया। प्रतिनिधियों ने नगर निगम क्षेत्र में व्यापारियों को हो रही परेशानियों और आम नागरिकों की सुविधाओं से संबंधित विषयों पर विस्तार से चर्चा की। महापौर अरविंद कुमार राणा ने मांग पत्र का अवलोकन करते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि सभी जायज मांगों का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र के समग्र विकास और नागरिक सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने आगे बताया कि निकट भविष्य में महापौर, उप महापौर, वार्ड पार्षदों, नगर निगम पदाधिकारियों तथा फेडरेशन चैंबर के पदाधिकारियों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की जाएगी। इस बैठक में सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा कर समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए ठोस निर्णय लिए जाएंगे। प्रतिनिधिमंडल में फेडरेशन के अध्यक्ष शंभू नाथ अग्रवाल, सचिव राकेश ठाकुर, उपाध्यक्ष सुबोध कुमार अग्रवाल, संयुक्त सचिव नीरज अग्रवाल, सह सचिव तारीक अहमद, राजा गौरव यादव तथा राज वर्मा शामिल थे।

## मेहनत रंग लाईः लातेहार के मेधावी विद्यार्थियों का हुआ सम्मान

**● अधिकारियों ने बढ़ाया हौसला**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**लातेहार, झारखंडः-** वार्षिक माध्यमिक परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का मान बढ़ाने वाले टॉप 05 छात्र-छात्राओं को समाहरणालय सभागार में आयोजित एक गरिमामय समारोह में सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपायुक्त संदीप कुमार एवं उप विकास आयुक्त सैय्यद रियाज ने मेधावी छात्रों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया। उपायुक्त ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि उनकी सफलता मेहनत, अनुशासन और सही मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि छात्रों की इस उपलब्धि में शिक्षकों और अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। आप सभी ने अपने परिवार, विद्यालय और पूरे जिले को गौरवान्वित किया है। आगे भी इसी लगन और समर्पण के साथ सफलता की नई ऊंचाइयों को छुएं। उप विकास आयुक्त ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए निरंतर मेहनत और सकारात्मक सोच जरूरी है। उन्होंने छात्रों को अपनी रुचि के अनुसार लक्ष्य निर्धारित कर उस दिशा में आगे बढ़ने की सलाह दी और अच्छे चरित्र निर्माण पर विशेष जोर दिया। सम्मानित छात्रों में रुपाली राज एवं रोशनी गुप्ता (सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार), तराना प्रवीण (प्रोजेक्ट हाई स्कूल, सासंग, चंदवा), आयुष राज (आर.के. हाई स्कूल, बालूमाथ), पवन गंझू (अपग्रेडेड हाई स्कूल, टोटीहेशला, बरियातू) तथा अभिषेक कुमार (सरस्वती विद्या मंदिर, लातेहार) शामिल रहे। कार्यक्रम में डीआरडीबी निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्रवण राम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अलका हेम्ब्रम, जिला शिक्षा पदाधिकारी प्रिंस कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ. चंदन, जिला शिक्षा अधीक्षक गौतम कुमार साहू सहित अन्य पदाधिकारी, अभिभावक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भीषण गर्मी में राहतः बस स्टैंड पर ठंडा पानी वितरण

**●साथ ही कानूनी जागरूकता अभियान**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**हजारीबाग, झारखंडः-** भीषण गर्मी से राहत दिलाने के उद्देश्य से शुक्रवार को हजारीबाग के सरकारी बस स्टैंड पर राहगीरों के बीच शुद्ध एवं ठंडा पेयजल का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डीएलएसए), हजारीबाग द्वारा आयोजित किया गया। यह पहल राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन में संचालित की गई। कार्यक्रम की देखरेख प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष रंजीत कुमार द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान राहगीरों को न केवल पेयजल उपलब्ध कराया गया, बल्कि उन्हें उनके कानूनी अधिकारों के प्रति भी जागरूक किया गया। अधिकार मित्र विकास कुमार पांडे और दीपक कुमार ने उपस्थित लोगों को बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार के माध्यम से आम नागरिकों को निःशुल्क एवं त्वरित न्याय उपलब्ध कराया जाता है। साथ ही आपसी विवादों को सुलह-समझौते के माध्यम से निपटाने की सुविधा भी प्रदान की जाती है। इस अवसर पर आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत, जो 9 मई 2026 को आयोजित होगी, के बारे में भी विस्तृत जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि इस लोक अदालत में उन मामलों का निपटारा एक ही दिन में किया जाएगा, जिनमें दोनों पक्ष आपसी सहमति से समझौता करने के इच्छुक हों। डीएलएसए के सचिव डॉ. रवि प्रकाश तिवारी ने बताया कि भीषण गर्मी को ध्यान में रखते हुए यह पहल शुरू की गई है, ताकि राहगीरों को राहत मिल सके। उन्होंने यह भी कहा कि यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा। गर्मी के इस दौर में पेयजल वितरण जैसी पहल जहां लोगों को तत्काल राहत प्रदान कर रही है, वहीं कानूनी जागरूकता का यह प्रयास समाज में न्याय के प्रति समझ और पहुंच को भी सुदृढ़ कर रहा है।

## उद्योग लगाने के लिए 10 लाख तक ऋण, 30 मई तक करें आवेदन

**देवरिया।** ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार की ओर से मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना के तहत युवाओं को बड़ा अवसर दिया जा रहा है। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी वीरेन्द्र प्रसाद ने बताया कि योजना के अंतर्गत इच्छुक युवक-युवतियों को अधिकतम 10 लाख रुपये तक का ऋण उपलब्ध कराया जाएगा। वित्तीय वर्ष 2026-27 में जनपद के लिए 12 इकाइयों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आवेदन की अंतिम तिथि 30 मई तय की गई है और इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। योजना का लाभ 18 से 50 वर्ष आयु वर्ग के ग्रामीण अभ्यर्थियों को मिलेगा। आवेदन के साथ आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, शैक्षिक प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, प्रोजेक्ट रिपोर्ट व कार्यस्थल का नक्शा अपलोड करना अनिवार्य होगा। एक जनपद एक उत्पाद योजना से जुड़े उद्योगों जैसे सजावटी बल्ब, झूमर, झालर आदि को प्राथमिकता दी जाएगी। आईटीआई, पॉलिटेक्निक शिक्षित युवाओं और पारंपरिक कारीगरों को भी वरीयता मिलेगी। सामान्य वर्ग के लाभार्थियों को मात्र 4 प्रतिशत ब्याज देना होगा, जबकि शेष ब्याज सरकार वहन करेगी। वहीं आरक्षित वर्ग, महिला, दिव्यांग व पूर्व सैनिकों के लिए पूरा ब्याज सरकार देगी।

## अयोध्या धाम से पहुंची संतों की टोली, करमदाहा में धार्मिक माहौल



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** अयोध्या धाम से तीर्थ यात्रा पर निकली साधु-संतों की टोली का आगमन नारायणपुर प्रखंड अंतर्गत करमदाहा स्थित दुखिया महादेव मंदिर प्रांगण में हुआ। संतों के आगमन से क्षेत्र में धार्मिक वातावरण व्याप्त हो गया है। जानकारी के अनुसार यह तीर्थयात्री दल 27 जून 2025 को अयोध्या धाम से रवाना हुआ था। श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर ज्ञानेश्वर दास जी महाराज तथा महंत श्री श्री 1008 प्रेमदास जी महाराज के नेतृत्व में संतों की यह टोली आध्यात्मिक यात्रा के तहत चार धाम, द्वादश ज्योतिर्लिंग, सप्तपुरी, तीर्थ सरोवर सहित विभिन्न प्रमुख तीर्थ स्थलों की पदयात्रा पर है। द्वादश ज्योतिर्लिंगों में से देवघर में पूजन-अर्चन के उपरांत संतों की टोली करमदाहा पहुंची। यहां संतों द्वारा शुक्रवार को सुबह से ही पूजा, हवन एवं धार्मिक अनुष्ठान किए गए, जिससे भक्तों में श्रद्धा और उत्साह का वातावरण बना रहा। दुखिया महादेव मंदिर प्रबंधन समिति द्वारा संतों के आवासन एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु रूप से की गई हैं। स्थानीय लोग संतों का सानिध्य प्राप्त कर स्वयं को सौभाग्यशाली मान रहे हैं और बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन एवं आशीर्वाद लेने पहुँचे।

# भीषण गर्मी में बिजली संकट पर सांसद मनीष जायसवाल सख्त

**● अधिकारियों को दिया अल्टीमेटम**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**हजारीबाग, झारखंडः-** भीषण गर्मी और लू के बीच चरमराई बिजली व्यवस्था को लेकर हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल ने कड़ा रुख अपनाया है। परिसदन में आयोजित आपात बैठक में उन्होंने डीवीसी, बिजली विभाग और ट्रांसमिशन यूनिट के अधिकारियों को कड़ी फटकार लगाते हुए स्पष्ट किया कि जनता की परेशानी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक के दौरान सांसद ने डीवीसी द्वारा बिजली कटौती, लोड शेडिंग और खुले बाजार में बिजली बेचने जैसे मुद्दों पर गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि यदि उनके घरों की बिजली कुछ घंटों के लिए बंद हो जाए तो उन्हें आम जनता की पीड़ा का एहसास होगा। सांसद मनीष जायसवाल ने विभाग को तत्काल सुधार का अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अब जनता को आश्वासनों नहीं, बल्कि निर्बाध बिजली आपूर्ति की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि सुधार नहीं होने पर संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में बिजली व्यवस्था सुधार से जुड़ी योजनाओं और निर्माणाधीन परियोजनाओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने जानकारी दी कि विष्णुगढ़ और बड़कागांव में बन रहे ग्रिड अगले ढाई से तीन महीनों में चालू हो जाएंगे, जिससे डीवीसी पर निर्भरता कम होगी। साथ ही बनासो उपकेंद्र को अतिरिक्त 10 मेगावाट बिजली उपलब्ध कराने के लिए डीवीसी कोलकाता मुख्यालय से समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए गए। सांसद ने झारखंड में बिजली समस्या के स्थायी समाधान के लिए अंडरग्राउंड वायरिंग और आत्मनिर्भर बिजली उत्पादन पर बल दिया। उन्होंने जिले में लगभग 130 मेगावाट की मांग के मुकाबले कम आपूर्ति पर भी चिंता जताई और विभाग को स्थिति सुधारने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि उनकी किसी भी जायज समस्या के समाधान के लिए वे स्वयं तत्पर हैं, लेकिन जनता को राहत मिलनी चाहिए। बैठक के अंत में सभी अधिकारियों ने जल्द स्थिति सुधारने का आश्वासन दिया। इस बैठक में बिजली विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, डीवीसी प्रतिनिधि तथा जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

## लायंस क्लब ऑफ मधुपुर ने पर्यावरण सेवा सप्ताह पर विद्यार्थियों को वितरित किए इंडोर पौधे

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**मधुपुर, देवघर, झारखंडः-** लायंस क्लब ऑफ मधुपुर द्वारा लायंस वर्ल्ड एनवायरनमेंट सर्विस वीक के अंतर्गत श्रीधर क्लासेस में इंडोर प्लांट वितरण एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और हरित जीवनशैली को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर सर्विस चेयरपर्सन लायन महेश बथवाल ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संरक्षण अत्यंत आवश्यक हो गया है। उन्होंने बताया कि छोटे-छोटे प्रयास, जैसे पौधारोपण और पौधों की नियमित देखभाल, प्रकृति के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और उसे निभाने का संदेश दिया। श्रीधर क्लासेस के निदेशक अरविंद मिश्रा ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों को जागरूक बनाने के साथ-साथ उन्हें प्रकृति के प्रति संवेदनशील भी बनाते हैं। कार्यक्रम के दौरान क्लब के सदस्यों ने विद्यार्थियों को इंडोर पौधे वितरित किए और उन्हें पौधों के महत्व, संरक्षण के उपायों तथा पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण संरक्षण से जुड़े अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में सभी को अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष लायन प्रेम पाठक, सचिव लायन विजय आनंद लच्छीरामका, सह सचिव लायन राजेश तिवारी, कोषाध्यक्ष लायन रामानुज मिश्रा सहित कई गणमान्य सदस्य एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। लायंस क्लब ऑफ मधुपुर द्वारा इस प्रकार के सामाजिक एवं पर्यावरणीय कार्यक्रमों के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास निरंतर जारी है।

## लागडुम हाट परिसर से चिरुडीह बुरु टोला तक आरईओ पक्की सड़क ध्वस्त

**● ग्रामीणों के आवागमन हो रही है कठिनाई**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखंडः-** सुंदर चमचमाती सड़कें ग्राम्य विकास का दर्पण कही जाती हैं, जिससे प्रगति के प्रतिबिंब की झलक मिलती है। यद्यपि झारखंड राज्य गठन के उपरांत पाकुड़िया प्रखंड के सुदूर ग्रामीण इलाकों में पथ निर्माण में तेजी आई है, तथापि आज भी इन क्षेत्रों के लोग अच्छी सड़कों के निर्माण की स्वीकृति की प्रतीक्षा कर रहे हैं। बताया जाता है कि पाकुड़िया प्रखंड अंतर्गत लागडुम पंचायत के ग्राम लागडुम हाट के समीप आरईओ सड़क, जो चिरुडीह के बुरु टोला होकर महेशपुर सीमा तक जाती है, पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी है। शुक्रवार को इन ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों, विशेष रूप से महिलाओं ने बताया कि यह पक्की सड़क बहुत पहले बनाई गई थी, लेकिन पिछले कई वर्षों से इसके क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन में भारी असुविधा हो रही है, खासकर वर्षा ऋतु में। ग्रामीण महिलाओं ने बताया कि सड़क पर बिखरे नुकीले और उखड़े स्टोन मेटल तथा उभरे गड्ढों के कारण आना-जाना अत्यंत जोखिम भरा हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार लागडुम साप्ताहिक हाट काफी प्रसिद्ध और पुराना है, और इसी मार्ग से महेशपुर प्रखंड के लोग हाट तथा अपने रिश्तेदारों के यहां आते-जाते हैं। इसी जर्जर सड़क से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं लागडुम और पाकुड़िया हाई स्कूल आते-जाते हैं, लेकिन बाइक, साइकिल और पैदल चलना बेहद कठिन हो गया है। महिलाओं का कहना है कि यदि इस सड़क का पुनर्निर्माण कराया जाए, तो ग्रामीणों के आवागमन में काफी सुविधा होगी और कम समय में यात्रा संभव हो सकेगी। ग्रामीण महिलाओं ने यह भी कहा कि अच्छी पक्की सड़क बनने से सड़क किनारे छोटे स्तर पर कारोबार की संभावनाएं बढ़ेंगी, जिससे ग्रामीणों की आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। उन्होंने स्थानीय विधायक प्रोफेसर स्टेफन मरांडी से इस क्षतिग्रस्त सड़क के शीघ्र निर्माण की मांग की है, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में राहत मिल सके।

## अन्तःकरण से भगवान की आराधना से उदित होता है पुण्य- विनोदानंद सरस्वती

**लालगंज, प्रतापगढ़।** नगर के दीवानी वार्ड मनीपुर में हो रही श्रीमदभागवत कथा में शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास उत्तराखण्ड के ज्योतिर्मठ बदरिका आश्रम से पधारे दण्डी स्वामी विनोदानंद सरस्वती जी महराज ने कहा कि तन और मन दोनों की निर्मल भक्ति से ही कन्हैया प्रसन्न हुआ करते हैं। उन्होने कहा कि भगवान के नाम का उच्चारण और संकीर्तन जीवन के सभी संताप के हरण का सुगम प्रबन्ध है। उन्होने कहा कि भगवान अन्तःकरण से की गयी भक्ति को स्वीकार किया करते हैं। स्वामी जी ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने धर्म का पालन कराने के लिए अधर्मियों के संहार के लिए युद्ध की सभी कलाओं को स्वीकार करने की सीख दी है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन धर्म पथ पर अविचलित रहते हुए सत्य और नीति के धारण का शाश्वत संदेश है। कथा के संयोजक पं0 रमाशंकर तिवारी, रामराज तिवारी, रामकिशोर तिवारी ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। संचालन उच्च न्यायालय के अपर मुख्य स्थायी अधिवक्ता दयाशंकर तिवारी ने किया। श्रद्धालुओं की सेवा संगत में अधिवक्ता राहुल तिवारी, राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, करूणाशंकर तिवारी, रोहित तिवारी को जुटे देखा गया। इस मौके पर डा0 रमाशंकर शुक्ल, डॉ0 ज्ञानेन्द्रनाथ त्रिपाठी, आचार्य शिवकृपाल शुक्ल, लालजी त्रिपाठी, रामअवध त्रिपाठी, अशोक शुक्ला, कौशलेन्द्र त्रिपाठी, राजेन्द्र पाण्डेय आदि रहे।

## झारखंड में 1249 करोड़ से बनेंगे 4 नए मेडिकल कॉलेज, स्वास्थ्य सुविधाओं का होगा विस्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रांची।** राज्य के चार जिलों खूंटी, गिरिडीह, जामताड़ा तथा धनबाद में सदर अस्पतालों को अपग्रेड कर खुलनेवाले मेडिकल कॉलेजों की रुपरेखा तय कर दी गई है। इन मेडिकल कॉलेजों के निर्माण पर 1,249 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसमें भारत सरकार द्वारा 464.23 करोड़ रुपये तथा राज्य सरकार द्वारा कुल 308.37 करोड़ रूपये राशि का अनुदान दिया जाएगा। शेष पूंजीगत लागत चयनित होनेवाले प्राइवेट पार्टनर दिया दिया जाएगा। वहीं, इनके पांच वर्ष तक आपरेशन एवं मेंटेनेंस पर 660.17 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके लिए भी तीनों स्तर पर राशि की भागीदारी तय कर दी गई है। राज्य सरकार ने इस योजना में तकनीकी सहयोग प्रदान करने के लिए अर्नेस्ट एंड यंग को ट्रांजेक्शन एडवाइजर नियुक्त किया है। इस योजना के तहत धनबाद जिला अस्पताल के अपग्रेड करने पर आनेवाले खर्च में 30 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार तथा इतनी ही राशि राज्य सरकार देगी। गिरिडीह और जामताड़ा जिला अस्पताल को अपग्रेड करने के लिए कुल पूंजीगत व्यय का 40 प्रतिशत अनुदान भारत सरकार तथा अधिकतम 20 प्रतिशत अनुदान राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा। पहले पांच वर्षों के लिए आपरेशन एवं मेंटेनेंस लागत का 40 प्रतिशत अनुदान मेडिकल कालेज के संचालन के लिए चयनित एजेंसी को दिया जाएगा। इसमें 25 प्रतिशत भारत सरकार तथा 15 प्रतिशत अनुदान राज्य सरकार का होगा। इसी तरह, खूंटी जिला अस्पताल को अपग्रेड करने के लिए कुल प्रोजेक्ट लागत का 40 प्रतिशत अनुदान भारत सरकार द्वारा तथा अधिकतम 40 प्रतिशत अनुदान राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा। पहले पांच वर्षों के लिए ऑपरेशन एंड मेंटेनेंस लागत का 50 प्रतिशत भारत सरकार तथा 25 प्रतिशत अनुदान राज्य सरकार द्वारा दिया जाएगा। कुल पांच वर्षों के लिए गिरिडीह, खूंटी और जामताड़ा जिला अस्पताल का ऑपरेशन एवं मेंटनेंस की कुल लागत में से भारत सरकार द्वारा 165.04 करोड़ तथा राज्य सरकार द्वारा अधिकतम 115.67 करोड़ देय होगा। इस प्रकार इस योजना के तहत भारत सरकार पर कुल 629.30 करोड़ रूपये तथा राज्य सरकार पर कुल अधिकतम 424.04 करोड़ रुपये व्यय भार आएगा। स्वास्थ्य विभाग ने टेंडर प्रक्रिया, अनुदान के वितरण आदि को लेकर विभिन्न स्तरों पर कमेटियां गठित कर दी हैं। वहीं, शुल्क का निर्धारण उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा गठित कमेटी द्वारा दिया जाएगा।

**चार वर्ष में पूरा होगा खूंटी मेडिकल कॉलेज-** धनबाद, जामताड़ा तथा गिरिडीह की योजना पांच वर्ष तथा खूंटी की योजना चार वर्षों में पूरी होगी। राज्य सरकार द्वारा कुल पांच वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2030-31 तक में कुल अधिकतम 424.04 करोड़ रूपये खर्च किए जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है।

# संक्षिप्त खबरें

## फजलगंज क्षेत्र में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पुलिस द्वारा सघन फ्लेग मार्च



**कानपुर।** फजलगंज थाना क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा सघन फ्लैग मार्च किया गया। यह फ्लैग मार्च पुलिस आयुक्त रघुबीर लाल के निर्देशन एवं प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडेय के नेतृत्व में जनपदीय एटीएस व स्थानीय पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से निकाला गया। फ्लैग मार्च के दौरान क्षेत्र के प्रमुख मार्गों, भीड़-भाड़ वाले बाजारों तथा संवेदनशील स्थानों पर पैदल और वाहनों के माध्यम से गश्त की गई। पुलिस टीम ने इस दौरान संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की सघन जांच भी की। अभियान का उद्देश्य आमजन में सुरक्षा की भावना को मजबूत करना और असामाजिक तत्वों पर नजर बनाए रखना रहा। पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय व्यापारियों, राहगीरों और क्षेत्रीय नागरिकों से संवाद स्थापित करते हुए उन्हें सुरक्षा का भरोसा दिलाया। साथ ही लोगों से अपील की गई कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तत्काल पुलिस को दें और अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रभारी निरीक्षक धनंजय कुमार पांडेय ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे। पुलिस का स्पष्ट संदेश है कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## प्रिया ने बढ़ाया विद्यालय का मान, खुशी का माहौल



**लालगंज, प्रतापगढ़।** लालगंज क्षेत्र के खजुरी स्थित धर्मराज यादव इण्टर कालेज की मेधावी प्रिया यादव ने हाईस्कूल बोर्ड परीक्षा में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। विद्यालय में सर्वश्रेष्ठ स्थान हासिल होने पर प्रिया को विद्यालय परिवार द्वारा सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य रणविजय यादव ने किया। इस मौके पर मंगलेश कुमार यादव, नीरज यादव, रवि यादव, राजकुमार यादव आदि रहे।

## पहलगाम में बलिदानी को लेकर गांव में छाया मातम, जतायी गयी संवेदना



**लालगंज, प्रतापगढ़।** पहलगाम में क्षेत्र के बलिदानी सीआरपीएफ में तैनात हवलदार प्रेमचन्द्र पाण्डेय 45 के निधन पर शुक्रवार को जिले भर में मातम छा गया। वहीं गांव व परिजनों में भी शोक का माहौल दिखा। लीलापुर थाना के चमरूपुर शुक्लान निवासी प्रेमचंद्र पाण्डेय इस समय पहलगाम में सीआरपीएफ की 116वीं बटालियन में तैनात थे। पारिवारिक सूत्रों के मुताबिक प्रेमचंद्र पाण्डेय पिछले एक सप्ताह से बीमार थे। चिकित्सकों ने स्थिति गंभीर देख प्रेमचंद्र को सीआरपीएफ कैम्प अस्पताल से पारस हास्पिटल रेफर कर दिया था। इलाज के दौरान गुरूवार की रात प्रेमचंद्र पाण्डेय का निधन हो गया। जवान के निधन की जानकारी घर पहुंची तब बड़े भाई महेश पाण्डेय समेत परिजन बिलख पड़े। वहीं गांव में भी शोक का माहौल छा गया। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी, कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने भी बलिदानी हवलदार प्रेमचन्द्र पाण्डेय के निधन पर गहरा दुख जताया है। वहीं भाजपा नेता डॉ0 राकेश सिंह, ब्लाक प्रमुख प्रेमलता सिंह, जय भगवान पाण्डेय, राजा मौर्य, पुरूषोत्तम विश्वकर्मा, विनय दुबे, हिमांशु द्विवेदी, पुरूषोत्तम सोनी ने भी संवेदना प्रकट की है। जानकारी के मुताबिक दिवंगत जवान का शव जम्मू कश्मीर से विमान के द्वारा लखनऊ आयेगा और देर रात तक पार्थिव शरीर के गांव पहुंचने की संभावना है।

# सुल्तानपुरः होमगार्ड भर्ती परीक्षा के लिए सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद, सीसीटीवी की निगरानी में होंगे परीक्षार्थी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुल्तानपुर-** आगामी 25, 26 और 27 अप्रैल को आयोजित होने वाली होमगार्ड भर्ती की लिखित परीक्षा को लेकर पुलिस-प्रशासन ने कमर कस ली है। शुक्रवार को डीएम इंद्रजीत सिंह व एसपी चारू निगम समेत अधिकारियों ने नगर क्षेत्र के सेंटर पर निरिक्षण किया। इस संदर्भ में अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) अखंड प्रताप सिंह ने शुक्रवार को परीक्षा की शुचिता और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत जानकारी साझा की है।

एएसपी अखंड प्रताप सिंह ने बताया कि यह परीक्षा तीन दिनों तक दो पालियों में संपन्न होगी। परीक्षा को सुव्यवस्थित ढंग से कराने के लिए पूरे जनपद को 5 जोन और 15 सेक्टरों में विभाजित किया गया है। जनपद भर में कुल 15 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं, जहाँ अभ्यर्थी अपनी परीक्षा देंगे। परीक्षा के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए व्यापक स्तर पर पुलिस बल की तैनाती की गई है। सुरक्षा चक्र में निम्नलिखित अधिकारी और कर्मचारी तैनात रहेंगे 06 क्षेत्राधिकारी (CO), 07 थाना प्रभारी/प्रभारी निरीक्षक, 29 निरीक्षक, 103 उप-निरीक्षक (SI), 70 हेड कांस्टेबल, 203 कांस्टेबल, 74 महिला कांस्टेबल और 44 होमगार्ड की ड्यूटी लगाई गई है।

प्रशासन ने परीक्षा में नकल रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम किए हैं। एएसपी ने स्पष्ट किया कि सभी 15 परीक्षा केंद्रों और परीक्षा कक्षों को सीसीटीवी कैमरों से लैस कर दिया गया है। परीक्षा की लाइव मॉनिटरिंग स्थानीय स्तर के साथ-साथ लखनऊ मुख्यालय से भी की जा रही है। अभ्यर्थियों के लिए कड़े निर्देश जारी किए गए हैं। परीक्षा केंद्र के भीतर मोबाइल फोन, ब्लूटूथ डिवाइस या अन्य किसी भी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक गैजेट ले जाना पूर्णतः प्रतिबंधित है। प्रवेश द्वार पर ही HHMD (हैंड हेल्ड मेटल डिटेक्टर) से सघन तलाशी (फ्रिस्किंग) के बाद ही अभ्यर्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। एएसपी अखंड प्रताप सिंह ने विश्वास जताया है कि पूरी सतर्कता और पारदर्शिता के साथ इस परीक्षा को सकुशल संपन्न कराया जाएगा।

## यूपी बोर्ड में सफल हुए छात्र छात्राओं को मिला गुरु का तोहफा- कानपुर सूबेदार पब्लिक इंटर कॉलेज ने माफ़ की फीस





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम आने के बाद जहां छात्र छात्राओं में उत्साह देखने को मिल रहा है वहीं शिक्षकों ने भी सफलता पाने वाले स्टूडेंट के लिए बड़ा तोहफा देने का काम किया है,,, जिसका उदाहरण है कानपुर के रामगोपाल चौराहे और पीपौरी स्थित सूबेदार पब्लिक इंटर कॉलेज, कॉलेज के प्रबंधक और प्रिंसिपल वीरेंद्र राठौर ने अच्छे अंक प्राप्त करने वाले है स्कूल और इंटरमीडियट के छात्र छात्राओं की सालाना फीस और कॉपी किताबों का शुल्क आगे के लिए माफ़ कर दिया है। प्रबंधक की इस घोषणा का सभी जगह स्वागत किया जा रहा है।

कालेज प्रबंधक की इस घोषणा के पहले कॉलेज मैनेजमेंट के द्वारा छात्र छात्राओं को पुष्प माला पहना कर सम्मान किया गया और उन्हें भविष्य में और सफलता हांसिल करने के लिए प्रेरित किया गया, वहीं इस दौरान प्रबंधक ने टीवी 100 से बात करते हुए बताया कि उनके कॉलेज में कक्षा 10 की छात्रा लकी यादव ने 93.16 प्रतिशत अंक पाकर अपने माता पिता का नाम रौशन करने का कार्य किया है साथ ही बारहवीं कक्षा के ऋतिक मिश्रा ने 86.06 प्रतिशत अर्पित सैनी 70 अंक हांसिल करते हुए कॉलेज का नाम रौशन किया है। कालेज के प्रबंधक वीरेंद्र राठौर ने सभी छात्र छात्राओं से उम्मीद की है कि वे आगे भी इसी तरह अच्छे नंबरों से पास होकर कालेज का नाम रोशन करेंगे।

## निवर्तमान महामंत्री समेत कई पूर्व पदाधिकारियों ने दूसरे दिन भी खरीदे पर्चे, आज से होगा नामांकन

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में शुक्रवार को विभिन्न पदों के सापेक्ष 22 अधिवक्ताओ ने नामांकन पत्र हासिल किए। शुक्रवार को भी चुनावी रंगत तब बढ़ गयी जब वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए संघ के निवर्तमान महामंत्री हरिश्चंद्र पाण्डेय ने नामांकन पत्र हासिल किया। वही अध्यक्ष पद पर पूर्व अध्यक्ष संदीप सिंह तथा विकास मिश्र ने भी नामांकन पत्र हासिल किया। अध्यक्ष पद पर पिछले चुनाव में निकटतम प्रतिद्वंदी रहे राजेश तिवारी ने भी चुनाव समिति के कार्यालय पहुंचकर नामांकन पत्र खरीदा। गुरूवार को संघ के निवर्तमान अध्यक्ष अनिल त्रिपाठी महेश के भी नामांकन पत्र लेने को लेकर शुक्रवार को परिसर में तरह तरह की चर्चा का माहौल दिखा। पूर्व कोषाध्यक्ष रहे राजेश दुबे ने भी इस बार उपाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र प्राप्त किया है। चुनाव समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि दो दिनो में अब तक 38 अधिवक्ताओं ने नामांकन पत्र लिए हैं। उन्होने बताया कि आज शनिवार से आगामी 28 अप्रैल तक तहसील परिसर स्थित लाइब्रेरी हॉल में प्रत्याशियों का नामांकन होगा। नामांकन प्रक्रिया को लेकर समिति की हुई बैठक का संचालन महामंत्री वीरेन्द्र सिंह ने किया। बैठक में एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, शिवाकांत उपाध्याय, रामलगन यादव, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, संतोष पाण्डेय मौजूद रहे।

## अंतिमा तिवारी बनीं कॉलेज में टॉपर, अंशिका ने हासिल किया द्वितीय स्थान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोंडा (संवाददाता):** जनपद गोंडा के भवानीपुर उपाध्याय स्थित शिव कात्यानी विद्या मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में इस वर्ष यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम बेहद उत्कृष्ट रहा। छात्रा अंतिमा तिवारी ने 600 में से 542 अंक प्राप्त कर कॉलेज में प्रथम स्थान हासिल किया, वहीं अंशिका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया।

अंतिमा तिवारी के पिता उत्तर प्रदेश डायल 112 सेवा में चालक हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद अंतिमा ने अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह मुकाम हासिल किया। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों को दिया। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली अंशिका ने भी कड़ी मेहनत और निरंतर अभ्यास से यह उपलब्धि हासिल की। उनकी इस सफलता से परिवार और विद्यालय में खुशी का माहौल है। विद्यालय के प्रधानाचार्य और शिक्षकों ने दोनों छात्राओं की उपलब्धि पर गर्व जताते हुए कहा कि यह परिणाम अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। उन्होंने बताया कि दोनों छात्राएं शुरू से ही पढ़ाई में अव्वल रही हैं और भविष्य में भी बेहतर प्रदर्शन करेंगी। इस उपलब्धि से न केवल छात्राओं के परिवार, बल्कि पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है और सभी ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



## पुलिस ने जेसीबी मशीन का इस्तेमाल कर जनरेटर चोरी करने वाले एक शातिर चोर को किया गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में व विश्वजीत सौरयान सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी सदर के कुशल पर्यवेक्षण में हरेकृष्ण उपाध्याय प्रभारी निरीक्षक थाना उसका बाजार के नेतृत्व मे उसका बाजार पुलिस ने जेसीबी मशीन का इस्तेमाल कर जनरेटर चोरी करने वाले एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। यह खुलासा शुक्रवार, 24 अप्रैल को हुआ, जब पुलिस ने आरोपी को दबोचकर दो जनरेटर सेट और चोरी में प्रयुक्त जेसीबी मशीन बरामद की।

गिरफ्तार आरोपी की पहचान उसका बाजार थाना क्षेत्र के उसका राजा निवासी रोशन कुमार पुत्र बलिराम के रूप में हुई है। उसे उसका बाजार कस्बे के रेलवे क्रॉसिंग के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस पूछताछ में आरोपी रोशन कुमार ने जनरेटर चोरी की वारदात को अंजाम देने की बात कबूल की। उसके निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की गई दो जनरेटर सेट और वारदात में इस्तेमाल की गई जेसीबी मशीन बरामद किया।



इस घटना में चोरी का तरीका बेहद सुनियोजित और असामान्य था, जिसने सभी को हैरान कर दिया। पुलिस के अनुसार, आरोपी पहले रेकी कर मौके का चयन करता था और फिर भारी-भरकम जनरेटर सेट को जेसीबी के जरिए उठाकर फरार हो जाता था। गिरफ्तार करने वाली टीम में उपनिरीक्षक संतकुमार यादव, उपनिरीक्षक सुभाष चन्द्र और हेड कांस्टेबल जय प्रकाश कुशवाहा शामिल थे। पुलिस ने बरामद जनरेटर सेट और जेसीबी को कब्जे में लेकर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया है।

## शिवाजी इंटर कालेज भदवारा घाटमपुर के छात्र-छात्राओं ने उत्क्रष्ट अंक लाकर स्कूल का नाम रोशन किया



**घाटमपुर।** गुरुवार को माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का परीक्षा फल घोषित किया गया,, जिसमें विगत वर्षों की भांति शिक्षा क्षेत्र में अग्रणी कानपुर के तहसील घाटमपुर में स्थित शिवाजी इंटर कालेज भदवारा घाटमपुर कानपुर नगर का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा, छात्र छात्राओं ने उत्क्रष्ट अंक पाकर अपने गुरूजन व माता पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया,इस अवसर पर विद्यालय की प्रबंधिका रजनी सिंह, एवं प्रधानाचार्य अतुल सिंह ने परीक्षा में सफल छात्र छात्राओं को मिष्ठान खिला कर उन्हें शुभ आशीष प्रदान किया,, और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की,,, इंटरमीडिएट में प्रथम स्थान कुमारी पलक मिश्रा 84,8 %शुभम? 84,8% आकाश 82,4% साहिबा 80,8% आदित्य 80,2% अंक हासिल किए,,इसी प्रकार हाईस्कूल में दीपशिखा पटेल 88,6% शालिनी 87,83% यशी देवी 86,83% उमंग सैनी 84,1% अमन कश्यप 83, 84% अंक हासिल कर अपने स्कूल का नाम रोशन किया।

## उज्जवल कोचिंग क्लासेस के छात्रों ने यूपी बोर्ड में लहराया परचम, गणित में शानदार प्रदर्शन

**सुल्तानपुर/ लंभुआ।** यूपी बोर्ड परीक्षा में उज्जवल कोचिंग क्लासेस, किंदीपुर के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। विशेष रूप से गणित विषय में विद्यार्थियों ने बेहतरीन अंक हासिल कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। कक्षा 10 की छात्रा श्रेजल शुक्ला ने गणित में 99 अंक प्राप्त करते हुए कुल 90.66% हासिल कर शानदार सफलता पाई। वहीं अमिताभ भारती ने गणित में 97 अंक और कुल 88.33% के साथ परीक्षा उत्तीर्ण की। मधु वर्मा ने गणित में 98 अंक प्राप्त कर कुल 88.6% अंक हासिल किए। इसी क्रम में अर्पित यादव ने गणित में 94 अंक और कुल 81.5% अंक प्राप्त किए, जबकि प्रांजल यादव ने गणित में 91 अंक हासिल कर 83.33% के साथ अपनी कक्षा में अच्छा प्रदर्शन किया। उज्जवल कोचिंग क्लासेस के संचालक प्रदीप कुमार यादव ने बताया कि वे लगातार विद्यार्थियों के साथ मेहनत करते रहे और उन्हें सही दिशा में मार्गदर्शन दिया, जिसका परिणाम आज सबके सामने है। सफल छात्र-छात्राओं ने भी अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने शिक्षक प्रदीप यादव को दिया। इस उपलब्धि से पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है और अन्य विद्यार्थियों के लिए भी यह प्रेरणा का स्रोत बन गया है।






# B.S.S. स्कूल का शानदार रिजल्ट, रिया उत्तम ने 92.3% के साथ किया टॉप




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर के यशोदा नगर स्थित गंगापुर कॉलोनी के B.S.S. स्कूल ने इस वर्ष उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए नया कीर्तिमान स्थापित किया है। स्कूल की छात्रा रिया उत्तम ने हाईस्कूल परीक्षा में 92.3 प्रतिशत अंक हासिल कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि निमय यादव ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा स्थान हासिल किया। दोनों छात्रों की इस सफलता से स्कूल और क्षेत्र में खुशी का माहौल है।

स्कूल प्रबंधन और शिक्षकों ने छात्रों की मेहनत, अनुशासन और समर्पण की सराहना की। वहीं अभिभावकों ने भी इस उपलब्धि पर गर्व जताया।

स्थानीय लोगों ने मिठाई बांटकर छात्रों की सफलता का उत्सव मनाया। स्कूल प्रशासन ने कहा कि यह परिणाम छात्रों की कड़ी मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त फल है। उन्होंने विश्वास जताया कि आने वाले समय में भी विद्यालय इसी तरह शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर प्रदर्शन करता रहेगा। क्षेत्र के लोगों ने इन होनहार छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

## जुर्माना बना था रिहाई में बाधा, सामाजिक पहल से दो बंदी आजाद कराए



**कानपुर।** जिला कारागार से गुरुवार को दो सिद्धदोष बंदियों को रिहा कर दिया गया, जो अपनी सजा पूरी करने के बावजूद जुर्माना न जमा कर पाने के कारण अतिरिक्त सजा भुगत रहे थे। जेल अधीक्षक आर.के. पाण्डेय के अनुसार, उन्नाव निवासी अकबर अली और कानपुर नगर के राजेश उर्फ राजू 'बिजली वाला' अपनी निर्धारित सजा पूरी कर चुके थे। लेकिन आर्थिक तंगी के चलते अर्थदंड अदा न कर पाने के कारण उनकी रिहाई संभव नहीं हो पा रही थी। इस बीच सामाजिक सरोकार का उदाहरण पेश करते हुए 'अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति' और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने पहल की। दोनों संस्थाओं के संयुक्त प्रयास से जुर्माने की पूरी राशि जमा कराई गई, जिसके बाद 23 अप्रैल 2026 को दोनों बंदियों को रिहा कर दिया गया। रिहाई के दौरान समिति के चेयरमैन आशुतोष बाजपेई, चिकित्सा सचिव अंकुश अग्रवाल, उपाध्यक्ष प्रवीण पासान और विजय सेठ सहित जेल प्रशासन के अधिकारी मौजूद रहे। यह पहल मानवीय संवेदनाओं का उदाहरण है, जो दर्शाती है कि आर्थिक कमजोरी किसी व्यक्ति की स्वतंत्रता में बाधा नहीं बननी चाहिए।

# डिजिटल अरेस्ट साइबर फ्रॉड का खुलासा, 5 गिरफ्तार, पुलवामा आतंकियों का भय दिखाकर पैसा कराया ट्रांसफर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कानपुर।** साइबर क्राइम थाना, कमिश्नरेट कानपुर नगर द्वारा डिजिटल अरेस्ट के जरिए ठगी करने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया। यह जानकारी देते हुए पुलिस आयुक्त रघुवीर लाल ने बताया कि डिजिटल फ्रॉड के एक संगठित गिरोह का खुलासा हुआ है पुलिस टीम ने अब तक 05 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है, जिसमें मुख्य आरोपी राजू (निवासी झारखण्ड) एवं खातों के धारक शामिल हैं। पूछताछ में CISF कर्मचारी दाउद अंसारी की संलिप्तता भी सामने आई है, जिसे पूछताछ हेतु लाया जा रहा है। गिरोह का नेटवर्क 05 राज्यों तक फैला हुआ पाया गया है तथा अंतरराष्ट्रीय कनेक्शन के भी संकेत मिले हैं। अभियुक्तों के कब्जे से मोबाइल फोन व वाहन बरामद किए गए हैं तथा खातों में लगभग 57 लाख रुपये के ट्रांजेक्शन चिन्हित कर कुछ धनराशि फ्रीज की गई है।

गिरोह द्वारा पीड़ित को 09 अप्रैल से 21 अप्रैल तक डिजिटल अरेस्ट में रखकर आतंकी फंडिंग का झांसा देकर RTGS के माध्यम से धनराशि ट्रांसफर कराई गई। फर्जी पुलिस/एंटी करप्शन सेटअप बनाकर और मोबाइल ऐप के जरिए लगातार निगरानी कर पीड़ित को भ्रमित किया गया। प्रकरण में धन के उपयोग व अन्य कनेक्शन की जांच जारी है तथा आगे की विधिक कार्रवाई की जा रही है। प्राप्त विवरण के अनुसार भैरव प्रसाद पाण्डेय निवासी रामबाग, कानपुर नगर द्वारा साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई, जिसमें बताया गया कि दिनांक 10.04.2026 से 18.04.2026 के मध्य अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उन्हें एवं उनकी पत्नी को डिजिटल अरेस्ट का भय दिखाकर 57 लाख रुपये की ठगी की गई। अभियुक्तों द्वारा प्रार्थी के मोबाइल नम्बर पर व्हाट्सएप कॉल कर स्वयं को पुलिस अधिकारी बताते हुए यह झूठी सूचना दी गई कि प्रार्थी की पत्नी मीना पाण्डेय के आधार कार्ड से पुलवामा आतंकी हमले के मुख्य आरोपी के खाते में 70 लाख रुपये भेजे गए हैं। इस आधार पर उन्हें एवं उनके परिवार को गिरफ्तार करने की धमकी दी।

## जेईई मेंस के सफल मेधावियों को निदेशिका ने किया सम्मानित




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लालगंज, प्रतापगढ़।** धधुआ गाजन स्थित आइन्सटीन पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को हाल ही में जेईई मेंस की परीक्षा में सफल मेधावियों को निदेशिका श्रुति शुक्ला द्वारा समारोहपूर्वक सम्मानित किया गया। विद्यालय की निदेशिका के हाथों सम्मान पाकर सफल मेधावियों के चेहरे खिल उठे दिखे। मेधावी आर्यन मिश्र, आस्था सिंह, उत्कर्ष द्विवेदी, आश्रय मिश्र, अरूण कुमार मिश्र, उत्कर्ष मिश्र को निदेशिका ने माल्यार्पण तथा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में सफल मेधावी आर्यन मिश्र तथा आस्था मिश्रा ने सिविल सेवा की परीक्षा पास कर देश के विकास में उत्कृष्ट योगदान का संकल्प जताया। वहीं उत्कर्ष शुक्ला तथा उत्कर्ष द्विवेदी एवं आश्रय मिश्र ने इसरो में चयन के संकल्प के जरिए विकसित भारत के निर्माण में योगदान की अभिलाषा प्रकट की। मेधावियों के संकल्प की निदेशिका श्रुति ने भूरि भूरि सराहना की। वही उन्होने इस सफलता के लिए छात्र छात्राओं के अध्ययन में गहरी अभिरूचि व स्कूल के अध्यापकों के कठिन परिश्रम को श्रेय दिया। संरक्षक विभवभूषण शुक्ल ने परीक्षा परिणाम को विद्यालय के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि कहा। विशिष्ट अतिथि सौरभ मिश्र रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्य शुभ्रांशु सिंह ने किया। इस मौके पर योगेन्द्र शुक्ल, गरिमा मिश्रा, महेन्द्र पाठक आदि मौजूद रहे।

## संत एन्थोनी स्कूल में जनगणना हेतु प्रगणक एवं सुपरवाइजर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ

**प्रतापगढ़।** संत एंथोनी इंटर कॉलेज प्रतापगढ़ में जनगणना 2026-27 हेतु प्रगणक एवं सुपरवाइजर की तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारंभ। कुल 93 प्रगणक एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। बीईओ मुख्यालय प्रतापगढ़ संतोष श्रीवास्तव ने निरीक्षण किया।

सभी प्रगणक सुपरवाइजर प्रशिक्षण अच्छे ढंग से प्राप्त कर ले जिससे जनगणना करते समय किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। जिसके मन में जो भी शंकाएं हो उसका समाधान प्रशिक्षण कक्ष में अवश्य कर ले। सभी प्रगणक एवं सुपरवाइजर को एचएलओ ऐप डाउनलोड कराया गया। मास्टर ट्रेनर द्वारा जनगणना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।इस अवसर इस अवसर पर ईओ नगर पालिका राकेश कुमार, सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा, शशांक कुमार उमरवैश्य, संदीप यादव मौजूद रहे।

# यूपी बोर्ड परीक्षा में राम स्वरूप रावत स्कूल के विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** उप्र माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज का हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट सत्र 2025-26 बोर्ड परीक्षा का परिणाम गुरुवार को घोषित किया गया है, इसमें नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था पं. रामस्वरूप रावत मेमो. इंटर कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जहां विद्यालय का गौरव बढ़ाया वहीं अपनी मेधावी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। शुक्रवार को इन सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय में सम्मानित भी किया गया।

हाईस्कूल परीक्षा में पंजीकृत कुल 53 छात्र-छात्राओं में से 51 प्रथम और 2 छात्र छात्राएं द्वितीय श्रेणी उत्तीर्ण हुए। इनमें लवी कुशवाहा 83.16, रितेश 82.50, स्नेहा सिंह एवं इशिका पटेल 82.33, ध्रुव 81.50, शिल्पी यादव 81.33, संस्कार शुक्ला 81.16, श्रृष्टि पटेल 80.16, वंदना तिवारी 80, आयुष पटेल 79.83, हर्ष पटेल 79.33 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट में पंजीकृत 43 छात्र-छात्राओं में से 41 उत्तीर्ण हुए जिनमें 23 प्रथम श्रेणी एवं 18 द्वितीय श्रेणी रहे। इनमें स्नेहा यादव 78.6, निखिल पटेल 78.4, स्नेहा नायक 78, अंकित कुशवाहा 76.60, आंशिक शिवहरे 76.20, अभिनय शिवहरे एवं प्रियंका पटेल ने 76 प्रतिशत अंक हासिल किए। विद्यालय प्रबंध समिति से जुड़े अमरेंद्र दुवे, प्रधानाचार्य बृजेंद्र झा, उप प्रधानाचार्य सचिन झा, शिक्षक अमित प्रकाश तिवारी, प्रमेंद्र उपाध्याय, दिनेश पटेरिया, अशोक शर्मा, पुनीत निरंजन, मोहन पाल, रामजी पटेल, मनीषा अग्रवाल, काजल राठौर, साहब सिंह ने इन होनहार सभी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। विद्यालय के संरक्षक एवं हरदोई इंटर कॉलेज के वरिष्ठ प्रवक्ता विजय रावत ने सभी छात्र छात्राओं को शुभाशीष देते हुए कहा कि जो विद्यार्थी कुछ अंकों के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में पीछे रह गए हैं, वह उदास न हों बल्कि अनुशासन के साथ और भी अधिक मन लगाकर पढ़ें, निश्चित रूप से कामयाबी मिलेगी।



# संक्षिप्त खबरें

## योगी सरकार का पीएम आवास योजना को लेकर बड़ा फैसला, अगली किस्त के लिए बदल गए नियम



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी) घटक में स्वीकृत और निर्माणाधीन आवासों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए अंतरिम व्यवस्था लागू कर दी है। पीएम आवास की गुणवत्ता की जांच के बगैर अगली किस्त लाभार्थियों को नहीं मिलेगी। मिशन निदेशालय ने इस संबंध में सभी जिला नगरीय विकास अभिकरणों को विस्तृत निर्देश जारी कर दिए हैं। निर्देशों के अनुसार, जब तक राज्य स्तर पर थर्ड पार्टी क्वालिटी मानिटरिंग एजेंसियों (टीपीक्यूएमए) का चयन नहीं हो जाता, तब तक जिलों में परियोजना निदेशक की अध्यक्षता में गठित तकनीकी टीम द्वारा आवासों की गुणवत्ता का सत्यापन किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर सरकारी तकनीकी संस्थानों या विशेषज्ञ एजेंसियों की सेवाएं भी ली जा सकेंगी। भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के मुताबिक, गुणवत्ता जांच के लिए पांच से 10 प्रतिशत या न्यूनतम 50 आवासों का सैंपल लिया जाएगा। छोटे शहरों में विभिन्न परियोजनाओं को मिलाकर क्लस्टर बनाकर जांच की जाएगी, जबकि 50 से कम आवास होने पर सभी इकाइयों का सत्यापन अनिवार्य होगा। सत्यापन के दौरान प्लिंथ व सुपर स्ट्रक्चर की स्थिति, निर्माण सामग्री की गुणवत्ता और मानकों के अनुरूप निर्माण की विशेष जांच की जाएगी। प्रत्येक निरीक्षण का पूरा अभिलेखीकरण किया जाएगा, जिसमें जियो-टैग फोटोग्राफ, लाभार्थी विवरण, किस्त भुगतान की स्थिति और संबंधित अधिकारियों के हस्ताक्षर सहित प्रमाण शामिल होंगे। निर्देश में स्पष्ट किया गया है कि टीपीक्यूएमए एजेंसियों के चयन के बाद यह अंतरिम व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जाएगी। सरकार ने यह व्यवस्था इसलिए की है ताकि एजेंसियों का चयन होने तक जांच की प्रक्रिया न प्रभावित हो और लाभार्थियों को उनकी अगली किस्त के लिए इंतजार न करना पड़े।

## बोर्ड कॉपियों के स्क्रूटनी आवेदन की अंतिम तिथि घोषित, छात्र-छात्राओं के लिए ऑनलाइन ही सुविधा




**प्रयागराज।** 2026 माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश (यूपी बोर्ड) ने वर्ष 2026 की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा से संबंधित उत्तर पुस्तिकाओं के सन्निरीक्षण (स्क्रूटनी) के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की घोषणा की है। छात्र-छात्राएं परिषद की वेबसाइट upmsp.edu.in के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे।

**17 मई तक कर सकेंगे आवेदन**

UP Board Scrutiny 2026 उत्तर पुस्तिकाओं की स्क्रूटनी के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि यूपी बोर्ड ने 17 मई निर्धारित की है। इसके लिए प्रति प्रश्नपत्र 500 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। यह शुल्क लिखित एवं प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए अलग-अलग देय होगा।

**स्क्रूटनी की प्रक्रिया जानें**

यूपी बोर्ड के उप सचिव की ओर से जारी सूचना के अनुसार अभ्यर्थियों को निर्धारित शुल्क कोषागार में जमा कर आनलाइन आवेदन पत्र का प्रिंटआउट एवं चालान की प्रति संलग्न कर निर्धारित तिथि तक क्षेत्रीय कार्यालय प्रयागराज में भेजना अनिवार्य होगा।

**आवेदन सिर्फ ऑनलाइन माध्यम से ही लिए जाएंगे**

उन्होंने यह भी स्पष्ट किया है कि आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से स्वीकार किए जाएंगे। आफलाइन आवेदन, कूरियर या व्यक्तिगत रूप से जमा किए गए प्रपत्र मान्य नहीं होंगे। परिषद ने अभ्यर्थियों को निर्देशित किया है कि वे आवेदन करते समय सभी विवरण सावधानीपूर्वक भरें और आवश्यक दस्तावेज संलग्न करें।

**स्क्रूटनी के संबंधित दिशा-निर्देश परिषद की वेबसाइट पर**

UP Board Scrutiny 2026 स्क्रूटनी के संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश परिषद की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। इस निर्णय से उन छात्र-छात्राओं को राहत मिलेगी जो अपने परीक्षा परिणाम से असंतुष्ट हैं और अपनी उत्तरपुस्तिकाओं में दिए अंक की पुनः जांच कराना चाहते हैं।

# AIIMS में ChatGPT से एग्जाम दे रहे थे भविष्य के डॉक्टर, NEET के टॉपरों के कांड से मचा हड़कंप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (AIIMS), नई दिल्ली में पढ़ रहे नीट के मेधावी एमबीबीएस की बायोकेमिस्ट्री परीक्षा के दौरान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) से नकल करते पकड़े गए। एम्स प्रशासन का मानना है कि यह सभी शौचालय में एआई टूल ChatGPT पर प्रश्नपत्र अपलोड कर उससे मिले उत्तर का उपयोग प्रश्न पत्र हल करने में कर रहे थे। एक सप्ताह पहले हुई इस घटना में एम्स प्रशासन ने परीक्षा को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर उसी दिन दोबारा आयोजित कराया। पर, उसने इस मामले में अब तक किसी भी आरोपित छात्र पर कोई कार्रवाई नहीं, इस पर एम्स प्रशासन की चुप्पी प्रश्न खड़े कर रही है। यह मामला इसलिए गंभीर है क्योंकि एम्स में पढ़ने वाले छात्र राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) पास कर पहुंचते हैं और उन्हें देश के सबसे मेधावी छात्रों में गिना जाता है। इतने बड़े संस्थान में वह भी ऐसे छात्रों के बीच जो कठिन प्रतिस्पर्धा पार कर यहां तक पहुंचे हैं, उनके एआई से नकल करना चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता, परीक्षा प्रणाली और नैतिक मूल्यों पर बड़ा सवाल खड़ा करता है। तकनीक के इस दुरुपयोग को रोकने की नई चुनौती एम्स की शिक्षा-परीक्षा व्यवस्था के सामने खड़ी कर दी है।

**शौचालय बना 'हाई-टेक नकल केंद्र'**

एम्स प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार परीक्षा के दौरान कई छात्रों (करीब 50) ने बार-बार शौचालय जाने की अनुमति मांगी, जिससे ड्यूटी पर मौजूद शिक्षकों को संदेह हुआ। जांच में सामने आया कि शौचालय में पहले से मोबाइल फोन छिपाकर रखा गया था। छात्र शौचालय में जाकर प्रश्नपत्र 'चैटजीपीटी' पर अपलोड कर उत्तर प्राप्त कर रहे थे। मामला तब उजागर हुआ जब एक छात्र का मोबाइल शौचालय में छूट गया और उसके आधार पर पूरी गतिविधि सामने आ गई।

**एम्स का पक्ष, लेकिन कार्रवाई पर चुप्पी**

एम्स की जनसंपर्क अधिकारी डॉ. रीमा दादा ने बताया कि यह घटना एक सप्ताह पहले की है। उन्होंने कहा कि जैसे ही मामला संज्ञान में आया, संबंधित अधिकारियों को सूचित कर चल रही परीक्षा को तत्काल निरस्त किया गया और उसे उसी दिन पुनः आयोजित कराया गया। हालांकि, नकल में शामिल छात्रों के खिलाफ क्या कार्रवाई की गई, इस पर संस्थान की ओर से कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दी गई है।

## मणिपुर में फिर हिंसा, दो समुदायों के बीच गोलीबारी में 6 लोग घायल

**मणिपुर के उखरुल जिले में शुक्रवार को दो समुदायों के सशस्त्र कार्यकर्ताओं के बीच हुई गोलीबारी में छह लोग घायल हो गए**




**नई दिल्ली।** मणिपुर के उखरुल जिले के सिनाकेथेई और मुल्लम गांवों के बीच शुक्रवार को दो अलग-अलग समुदायों के सशस्त्र कार्यकर्ताओं के बीच हुई गोलीबारी में छह लोग घायल हो गए। इंफाल के पुलिस अधिकारी ने बताया कि घायल छह लोगों में से तीन कुकी समुदाय के और तीन नगा समुदाय के हैं। इस घटना के बारे में अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। इसी बीच, कुकी-जो समुदाय बहुल चूड़चंदपुर जिले में जातीय हिंसा से प्रभावित विस्थापित लोगों ने शुक्रवार को धरना प्रदर्शन किया और उपायुक्त के माध्यम से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को ज्ञापन सौंपा।

## श्रीभूमि जिले के दुल्लभछड़ा-विद्यानगर-आनीपुर सड़क लंबे समय से बदहाल, स्थानीय लोग परेशान

**● लोक निर्माण विभाग की चुप्पी, लोगों में भारी आक्रोश!**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**श्रीभूमि:** असम श्रीभूमि जिले के रामकृष्णनगर विधानसभा क्षेत्र के दुल्लभछड़ा से विद्यानगर होते हुए आनीपुर तक जाने वाली महत्वपूर्ण सड़क लंबे समय से जर्जर स्थिति में है। मरम्मत की कमी और प्रशासनिक लापरवाही के कारण यह सड़क अब पूरी तरह से खतरनाक मार्ग में तब्दील हो गई है, ऐसा स्थानीय लोगों का आरोप है। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, सड़क के कई हिस्सों में बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। कई जगहों पर डामर पूरी तरह उखड़ जाने से सड़क कच्चे रास्ते जैसी हो गई है। इसके साथ ही क्षेत्र में धूल का प्रकोप भी गंभीर रूप ले चुका है। हल्की हवा चलने पर भी पूरे इलाके में धूल के गुबार उठते हैं, जिससे लोगों को सांस लेने में दिक्कत, आंखों में जलन और एलर्जी जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यह सड़क रोजाना हजारों छात्रों, मरीजों, बुजुर्गों और आम नागरिकों के आवागमन का मुख्य मार्ग है। लेकिन खराब स्थिति के कारण लोग जान जोखिम में डालकर यात्रा करने को मजबूर हैं। स्थानीय लोगों को आशंका है कि किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद लोक निर्माण विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। लोगों का कहना है कि प्रशासन की उदासीनता और लापरवाही के कारण यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। स्थानीय निवासियों ने सड़क के तत्काल पूर्ण पुनर्निर्माण, धूल नियंत्रण के लिए नियमित पानी छिड़काव और स्थायी रखरखाव व्यवस्था की मांग की है। साथ ही उन्होंने जिला प्रशासन के उच्च अधिकारियों से शीघ्र हस्तक्षेप की अपील की है, ताकि आम जनता की परेशानी कम हो और यातायात व्यवस्था सामान्य हो सके।

## सीरीफोर्ट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज द्वारा धूमधाम के साथ मनाया गया वार्षिक उत्सव

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली:** सिरीफोर्ट इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज SIMS का वार्षिक दिवस समारोह 23 अप्रैल 2026 को अपार उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस आयोजन में छात्र, संकाय सदस्य और विशिष्ट अतिथि प्रतिभा, रचनात्मकता और शैक्षणिक भावना के भव्य उत्सव में एक साथ आए। कार्यक्रम का शुभारंभ ज्ञान और प्रबुद्धता के प्रतीक दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इस उत्सव का शानदार समापन नई दिल्ली के मंडी हाउस स्थित प्रतिष्ठित 'श्री राम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स' में हुआ। इस कार्यक्रम की शोभा कई गणमान्य व्यक्तियों ने बढ़ाई, जिनमें DDCA के अध्यक्ष रोहन जेटली; SSRS मेमोरियल एजुकेशन सोसाइटी के संस्थापक अध्यक्ष एस. एस. डागर MH One TV नेटवर्क लिमिटेड के निदेशक शिवम छाबड़ा और स्ढ्रुस्र के उपाध्यक्ष डॉ. परीक्षित डागर शामिल थे। उनकी उपस्थिति ने इस अवसर को अत्यंत गरिमामय बना दिया।सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्रों की विविध प्रतिभाओं को दर्शाते हुए मनमोहक एकल और समूह नृत्य प्रस्तुतियां, एकल गायन और रैंप वॉक प्रस्तुतियां शामिल थीं। प्रत्येक प्रस्तुति को दर्शकों से भरपूर तालियां मिलीं, जिससे शाम वास्तव में यादगार बन गई।

इस कार्यक्रम में प्रख्यात पंजाबी गायिका किरण बाजवा की विशेष प्रस्तुति ने चार चांद लगा दिए, जिनके ऊर्जावान गायन ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। पंजाबी अकादमी के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत पारंपरिक गिद्दा और भांगड़ा प्रस्तुतियों ने उत्सव में जीवंत सांस्कृतिक रंग भर दिया। पंजाबी अकादमी के गायकों ने भी सराहनीय प्रस्तुतियां दीं, जिन्हें दर्शकों से खूब सराहना मिली। अकादमिक, सांस्कृतिक गतिविधियों और समग्र उत्कृष्टता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को पुरस्कार और सम्मान प्रदान किए गए वार्षिक दिवस समारोह का शानदार समापन हुआ, जिससे सभी के मन में यादगार पल बसे और संस्थान के भीतर एकता, रचनात्मकता और उत्कृष्टता की भावना को बल मिला।

## तिरुपति में युवक ने पहले पत्नी-मां की कर दी हत्या,फिर बच्चों संग ट्रेन के आगे दी जान





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के तिरुपति जिले में एक 37 वर्षीय व्यक्ति ने पहले अपनी पत्नी और मां की हत्या की और फिर अपने दो मासूम बच्चों के साथ चलती ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। इस भयावह घटना ने पूरे इलाके को झकझोर दिया है, जबकि पुलिस अब तक इसके पीछे की वजह तलाशने में जुटी है।

**पत्नी-मां की हत्या के बाद बच्चों के साथ दी जान**

पुलिस के अनुसार, मोहन ने पहले अपनी पत्नी हरिता की साड़ी से गला घोंटकर हत्या की और फिर अपनी मां चंद्रकला को भी इसी तरह मार डाला। इसके बाद वह बच्चों के स्कूल पहुंचा और परिवार में आपात स्थिति का हवाला देकर उन्हें अपने साथ ले गया। पड़ोसियों के मुताबिक, मोहन सामान्य स्वभाव का व्यक्ति था और हाल ही में उसने सीमेंट की दुकान शुरू की थी। घटना 22 अप्रैल की शाम करीब 7:15 बजे रेलवे स्टेशन के पास हुई, जहां मोहन अपने दोनों बच्चों के साथ ट्रेन के सामने आ गया। लोको पायलट के सूचना देने पर पुलिस मौके पर पहुंची और तीनों की मौत की पुष्टि की गई। पुलिस ने पत्नी और मां की हत्या के मामले में बीएनएस की धारा 103(1) के तहत केस दर्ज किया है, जबकि रेलवे ट्रैक पर हुई मौतों की जांच अलग से की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि अभी तक घटना का स्पष्ट कारण सामने नहीं आया है और मानसिक स्थिति समेत सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच जारी है।

## आप छोड़ने वाले सांसद 'गद्दार', मुख्यमंत्री भगवंत मान का BJP पर हमला, बोले- Punjab को धोखा दिया



पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने शुक्रवार को आप के उन राज्यसभा सदस्यों को गद्दार कहा, जिन्होंने पार्टी छोड़ दी और बीजेपी में शामिल होने की घोषणा की। यहाँ एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए मान ने आरोप लगाया कि BJP, AAP को तोड़ने की कोशिश कर रही है और उसने 'पंजाब के लोगों के साथ विश्वासघात किया है। मान ने कहा कि जब उन्हें भगवंत मान के खिलाफ कुछ नहीं मिला, तो उन्होंने आप को तोड़ने की कोशिश की।' मान शुक्रवार को ही नीदरलैंड और फिनलैंड की लगभग एक हफ्ते लंबी यात्रा से लौटे थे, जिसका मकसद अपने राज्य के लिए निवेश आकर्षित करना था। बीजेपी पर निशाना साधते हुए मान ने कहा कि वे इस बात से परेशान हैं कि मान लोगों का नेता क्यों बन रहा है।

## दलबदल कानून के तहत राघव चड्ढा समेत 3 सांसदों पर गिरेगी गाज? संजय सिंह बोले - सभापति को पत्र देंगे



आम आदमी पार्टी के नेता संजय सिंह ने शुक्रवार को कहा कि वह राज्यसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने के लिए अयोग्य घोषित करने की मांग करेंगे। संजय सिंह ने एक्स पर लिखा कि मैं माननीय राज्यसभा सभापति को एक पत्र प्रस्तुत करूँगा, जिसमें राघव चड्ढा, अशोक मित्तल और संदीप पाठक को भारतीय जनता पार्टी (BJP) में शामिल होने के कारण राज्यसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित करने की मांग की जाएगी, क्योंकि यह संविधान की दसवीं अनुसूची के अंतर्गत स्वेच्छा से अपनी पार्टी की सदस्यता त्यागने के समान है।

## 'एक तीर से दो शिकार', संजू सैमसन ने शतक ठोक दिग्गजों को बनाया अपना मुरीद; जमकर हो रही तारीफ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**मुंबई:** अनिल कुंबले और हरभजन सिंह जैसे पूर्व दिग्गज स्पिनरों ने मुंबई इंडियंस के विरुद्ध संजू सैमसन के शतक की जमकर सराहना करते हुए इसे परिस्थिति के हिसाब से सबसे बेहतरीन पारियों में से एक करार दिया। सैमसन की 54 गेंदों पर नाबाद 101 रन की पारी से चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) ने छह विकेट पर 207 रन बनाने के बाद मुंबई इंडियंस को 104 रन पर आउट कर बड़ी जीत दर्ज की।

**मजबूत शुरुआत है सफलता का राज**

मौजूदा सत्र में यह सैमसन का दूसरा शतक है। पूर्व स्पिनर कुंबले ने स्टार स्पो?र्ट्स पर कहा कि सीएसके की सफलता अक्सर उनके प्रारंभिक बल्लेबाजों की मजबूत शुरुआत पर टिकी रही है लेकिन पिछले कुछ सत्र में टीम को इस मामले में निराशा मिली है। सैमसन ने इस जिम्मेदारी को उठाने की कोशिश की है। सिर्फ सात मैचों में दो नाबाद शतक और उन्होंने टीम को संभालने में अहम भूमिका निभाई है। इस महान लेग स्पिनर ने कहा कि यह उस भूमिका की तरह है जो जोस बटलर ने राजस्थान की फाइनल तक की यात्रा में निभाई थी और आप साफ देख सकते हैं कि संजू ने अपने खेल में उसी तरह का प्रभाव अपनाया है।

**सैमसन की सबसे बेहतरीन पारियों में से एक**

वहीं भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर हरभजन सिंह ने इस शतक को सैमसन की सबसे बेहतरीन पारियों में से एक करार दिया। उन्होंने कहा कि संजू सैमसन इसलिए अलग नजर आए क्योंकि उनकी खेल की समझ बहुत मजबूत थी। बहुत से खिलाड़ियों में प्रतिभा होती है, लेकिन बहुत कम खिलाड़ी यह समझ पाते हैं कि अलग-अलग परिस्थितियों में पारी को कैसे गति देनी है। उन्होंने यह समझा कि खासकर एक युवा टीम के साथ अंत तक टिके रहना कितना जरूरी है।

## भाभीजी घर पर हैं'शो रविवार, 26 अप्रैल, को सिर्फ ज़ी सिनेमा पर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट

**ब्यूरो प्रयागराज।** सालों से दर्शकों का दिल जीतने वाले 'भाभीजी घर पर हैं' शो के चहेते किरदार अब नज़र आएँगे फिल्म 'भाभीजी घर पर हैं! फन ऑन द रन' के वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर में, इस रविवार, 26 अप्रैल, दोपहर 12 बजे, सिर्फ ज़ी सिनेमा पर। इस फिल्म के केंद्र में वही किरदार हैं, जिन्होंने इस शो को हर घर का हिस्सा बनाया है। चालाक एवं मौके का फायदा उठाने वाले विभूति नारायण मिश्रा, हमेशा परेशान रहने वाले मनमोहन तिवारी, भोली एवं प्यारी अंगूरी भाभी एवं समझदार अनीता भाभी इस फिल्म में नजर आएँगे। इन सबकी आपसी नोक-झोंक, फ्लर्टिंग, जलन एवं एक-दूसरे से आगे निकलने की कोशिश ही इस शो की पहचान रही है और अब यही मजा एक पूरी फिल्म में देखने को मिलेगा।

इस कहानी में नए ट्विस्ट एवं और भी ज्यादा मस्ती जोड़ते हैं रवि किशन, मुकेश तिवारी एवं निरहुआ, जिनके किरदार इस दुनिया में नया हँगामा लेकर आते हैं। साथ ही हप्पू सिंह भी अपने अंदाज एवं कॉमिक टाइमिंग से इस कहानी को और मजेदार बनाते हैं। जब ये सभी किरदार अजीब एवं मजेदार हालात में फंसते हैं, तो फिल्म वही मजा देती है, जो 'भाभीजी घर पर हैं' की पहचान है, यानि यादगार किरदार एवं हँसी से भरी कहानी। निर्देशक शशांक बाली ने कहा, 'सालों से 'भाबीजी घर पर हैं!' ने हर उम्र के दर्शकों के साथ अपने ह्यूमर, अपनेपन और किरदारों की वजह से एक खास जुड़ाव बनाया है।

फिल्म के साथ हमारा उद्देश्य यही था कि फैंस जिस जान और कॉमेडी को पसंद करते हैं, उसे बरकरार रखा जाए, लेकिन बड़े पर्दे के लिए कहानी का स्केल और ज्यादा बड़ा किया जाए। ट्रेलर थिएटर में आने वाली हँसी, अफरा-तफरी और बड़े लेवल के मजे की झलक देता है। 'इस बार दर्शकों को अंगूरी के किरदार के नए रंग देखने को मिलेंगे और कई सरप्राइज भी मिलेंगे। रवि किशन सर एवं मुकेश तिवारी सर के साथ काम करना भी बहुत सीख देने वाला अनुभव रहा।' आसिफ शेख ने कहा, 'एक दशक से ज्यादा वक्त से मैं भाबीजी यूनिवर्स का हिस्सा हूँ और इसे फिल्म के रूप में सामने आते देखना मेरे लिए गर्व और खुशी की बात है। फिल्म में विभूति कई मुश्किल हालात में फंस जाते हैं और इससे मुझे अपना कॉमिक साइड और ज्यादा दिखाने का मौका मिला। यह अनुभव मेरे लिए बहुत अच्छा रहा। ''भाभीजी घर पर हैं''भारत के सबसे पसंदीदा कॉमेडी शो में से एक रहा है और यह प्रीमियर इसलिए भी खास है, क्योंकि दर्शक पहली बार अपने फेवरेट किरदारों को फिल्म में देखेंगे। वही मोहल्ले की मस्ती अब बड़े स्तर पर देखने को मिलेगी, जहाँ विभूति, तिवारी एवं दोनों भाभियाँ कई गलतफहमियों, मजेदार ट्विस्ट एवं हँसी से भरे पलों में नजर आएँगे। ज़ी सिनेमा इस मजेदार फिल्म को देशभर के परिवारों तक लेकर आने के लिए तैयार है। मिस न करें 'भाभीजी घर पर हैं- फन ऑन द रन' का वर्ल्ड टेलीविज़न प्रीमियर, इस रविवार 26 अप्रैल दोपहर 12 बजे, सिर्फ ज़ी सिनेमा पर।

## कोर्ट मैरिज तो हुई थी... फिर ऐसा क्या हुआ जो 4 साल बाद युवक के घर पहुंच युवती करने लगी शादी की जिद?

**मेरठ।** एक युवक ने युवती को प्रेमजाल में फंसाकर उससे फर्जी कोर्ट मैरिज कर लिया। इसके बाद युवती के साथ चार वर्ष तक लिव इन में रखा। शादी का दबाव बनाने पर आरोपित मुकर गया। शुक्रवार को युवती आरोपित के घर पहुंच गई और शादी करने की जिद पर अड़ गई। जिसके बाद आरोपित के स्वजन ने युवती से मारपीट कर घर से निकाल दिया। युवती ने वहां जमकर हंगामा किया। पुलिस ने किसी तरह युवती को समझाकर शांत किया। इसके बाद पुलिस आरोपित के खिलाफ तहरीर देकर दिल्ली चली गई। रुडकी की रहने वाली युवती ने बताया कि वर्ष 2022 में वह देहरादून की एक कंपनी में नौकरी करती थी। वहीं, पर लिसाड़ी गेट के तारापुरी निवासी इफ्तिखार उल अमीन भी उसी कंपनी में नौकरी करता था। आरोप है कि इफ्तिखार ने शादी का झांसा देकर उसे प्रेम जाल में फंसा लिया और फर्जी कोर्ट मैरिज कर लिव इन में अपने साथ रखने लगा। अक्टूबर 2025 में उसे कोर्ट मैरिज के कागज फर्जी होने के बारे में पता चला तो उसने शादी का दबाव बनाया। जिस पर आरोपित ने शादी करने से साफ इन्कार कर दिया और नौकरी छोड़कर अपने घर आ गया। युवती ने बताया कि आरोपित ने अपना मोबाइल नंबर भी बदल लिया। शुक्रवार शाम को युवती किसी तरह तारापुरी पहुंची तो आरोपित के स्वजन ने मारपीट कर उसे घर से बाहर निकाल दिया। थाना प्रभारी अशोक कुमार का कहना है कि पीड़िता की तहरीर मिली है। मामले की जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## बंगाल में चुनाव ड्यूटी पर तैनात 65 लोगों की याचिकाओं पर सुनवाई से सुप्रीम कोर्ट का इनकार, ट्रिब्यूनल जाने का निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**नई दिल्ली।** बंगाल मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआइआर) मामले में मतदाता सूची से बाहर हुए लोगों की याचिका पर विचार करने से सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को इनकार कर दिया और याचिकाकर्ताओं से अपीलीय ट्रिब्यूनल जाने को कहा। मतदाता सूची से नाम हटने और वोट डालने का अधिकार छीन लिए जाने की शिकायत करने वालों में 65 ऐसे लोग भी शामिल थे, जो चुनाव ड्यूटी कर रहे हैं। कोर्ट ने अपीलीय ट्रिब्यूनलों में सुनवाई की रफ्तार धीमी होने की शिकायत पर इस संबंध में कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से संपर्क करने को कहा और यह भी कहा कि अगर कोई अपने मामले में तत्काल सुनवाई का केस बनाता है, तो उसके मामले पर जल्द सुनवाई की जाए। ये आदेश प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत, जोयमाल्या बागची और विपुल एम पंचोली की पीठ ने शुक्रवार को बंगाल एसआइआर मामले में सुनवाई के दौरान दिए।

**सुप्रीम कोर्ट ने ट्रिब्यूनल जाने को कहा**

मतदाता सूची से नाम हटाए जाने वालों की ओर से पेश वकील एमआर शमशाद ने कहा कि जिन लोगों के नाम हटाए गए हैं, उनमें वे 65 लोग भी शामिल हैं, जो चुनाव ड्यूटी में लगे हैं। उनके ड्यूटी आदेशों में ईपीआइसी नंबरों (इपिक नंबरों) का उल्लेख है। अब चुनाव कराने वाले लोग ही वोट नहीं देंगे। ये मनमाना है। कई लोगों को तो कारण भी नहीं बताए गए हैं। हालांकि, कोर्ट ने याचिका पर विचार नहीं किया और उनसे इस संबंध में अपीलीय ट्रिब्यूनल जाने को कहा। सीजेआइ ने कहा कि ट्रिब्यूनल को इस पर विचार करने दें। जस्टिस बागची ने स्वीकार किया कि जिनकी अपीलें अभी लंबित हैं, वे इस चुनाव में मतदान नहीं कर पाएंगे। लेकिन कहा कि याचिकाकर्ता अपनी अपीलों पर ट्रिब्यूनल के समक्ष जोर दे सकते हैं, ताकि उनका नाम मतदाता सूची में बहाल रहे। न्यायालय द्वारा उचित आदेश पारित किया जाएगा।

इस चुनाव में शायद वे मत न दे पाएं, लेकिन मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने का अधिक महत्वपूर्ण अधिकार सुरक्षित रखा जाएगा। सुनवाई के दौरान तृणमूल सांसद और वकील कल्याण बनर्जी ने अपीलों के धीमे निपटारे का मुद्दा उठाया। कहा कि 27 लाख अपीलों में अभी तक सिर्फ 136 अपीलें ही निबटाई गई हैं। उन्हें इससे ज्यादा तेजी की अपेक्षा थी। इस पर अदालत ने उनसे हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस से संपर्क करने को कहा। सुप्रीम कोर्ट ने 92 प्रतिशत मतदान और हिंसा न होने की सराहना की सुनवाई के दौरान जब सुप्रीम कोर्ट को बताया गया कि बंगाल में 92 प्रतिशत मतदान हुआ है और हिंसा भी लगभग नहीं हुई है, तो अदालत ने इसकी सराहना की।

चीफ जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि भारत के नागरिक के तौर पर मतदान का प्रतिशत देखकर उन्हें बहुत खुशी हुई। जब लोग अपने वोट के अधिकार का इस्तेमाल करते हैं, तो इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने अच्छे मतदान प्रतिशत और कुछ घटनाओं को छोड़कर हिंसा न होने की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षाबलों ने सराहनीय काम किया है। जस्टिस बागची ने भी बंगाल में चुनाव के दौरान हिंसा न होने पर खुशी जताते हुए कहा कि राजाओं के युद्ध में आम आदमी की जान जाती है। उन्होंने चुनाव आयोग के वकील से कहा कि इस बार एक बदलाव के तौर पर आपके मुवक्किल की हर तरफ तारीफ हो रही है।